डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79900 10 ग्राम
₹98000 01 किलो
सेंसेक्स 76,293.60 -548.39
डॉलर 86.764 -0.705

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 12 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-119, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग...

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में आरईओ के सहायक अभियंता घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर पथ पर एक सड़क हादसे में मंगलवार को ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) के सहायक अभियंता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती करया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग (आरइओ) पलामू में बतौर सहायक अभयिंता पदस्थापित परितोष राज केरकेट्टा अपने कार से पलामू अपने विभागीय कार्यालय जा रहे थे, जबकि विपरित दिशा से गढ़वा से एक कार रांची की ओर जा रही थी। इस दौरान चंदवा के सिकनी ग्राम के समीप दोनों गाड़ियों की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से का परखच्चे उड़ गए। गंभीर रूप से घायल सहायक अभियंता को रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल महिला धर्म किशोरी खतरे से बाहर है। महिला के साथ बैठे अन्य तीन लोगों को भी हल्की चोट लगी है।

### सेंसेक्स में 1018 अंकों की गिरावट

**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट आई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1018 अंक या 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,293 और निफ्टी 309 अंक या 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,071 पर बंद हुआ। भारी गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप नौ लाख करोड़ रुपए गिरकर 408 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज कल**




## दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का उद्घाटन

# अगले वर्ष से पलामू प्रमंडल स्तर का होगा मेला, तीनों जिलों के आदिवासी समाज की होगी भागीदारी : किशोर

- परिसंपत्तियों का किया गया वितरण
- मेला में सरकारी विभागों का दर्जनों स्टॉल लगा था

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि समाज का हर वर्ग आगे बढ़े। आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज का भी उत्थान हो। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज का साक्षरता दर 52 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से नीचे है। ऐसे में शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है। शिक्षित होने से आदिवासियों के बच्चे विधानसभा व लोकसभा के सदस्य बनेंगे। इससे गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने हर वर्ग-समुदाय के शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे, तो आगे बढ़ेंगे। वह दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला पलामू जिला प्रशासन व मेला आयोजन समिति के समन्वय से प्रतिवर्ष 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होता है। मेले में लगायें गये विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से यह मेला पलामू प्रमंडल स्तर का होगा। इसमें तीनों जिले पलामू, लातेहार व गढ़वा जिले के आदिवासी समाज भाग लेंगे, इसके लिए सरकार के स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्ति भी आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन से जुड़ रहे हैं। महानगरों की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि महानगरों में रहने वाले लोग की स्वास्थ्य प्रतिकूल हो रहे हैं और हमलोग आज भी बहुत सुरक्षित वातावरण में रहते हैं। ऐसे में पुरानी परंपरा, जंगलों में रहने की प्रवृत्ति को मत छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने मंईया सम्मान योजना के लाभ से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सम्मान राशि से महिलाएं अपनी जरूरतों को पूरा कर रहीं हैं। साथ-ही-साथ बच्चों को पढाई में खर्च कर उन्हें आगे बढ़ा रहीं हैं।



### शिक्षा से समाज में आती है जागरूकता : कल्याण मंत्री

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री ने चमरा लिंडा ने कहा कि समाज की बेहतरी व उत्थान के लिए शिक्षा आवश्यक है। विकास के लिए समाज को एकजुट रहना भी महत्वपूर्ण है। शिक्षा से समाज में जागरूकता आती है और विकसित समाज का सपना साकार होता है। सरकार आदिवासियों सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। राजा मेदिनीराय ने विकसित समाज निर्माण का कार्य किया। एकजुटता पर बल दिया। आदिवासी समाज भी एकजुटता में कमी नहीं आने दें। एकता व दृढ़ता के साथ रहने से अधिकार खुद मिल जायेगा। समाज को आगे बढ़ाने की सोच रखनी होगी। उन्होंने अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ने से नहीं रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुराने समय में तीर धनुष भाला आदि हथियार थे, लेकिन वर्तमान में शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है।

### मेला का आयोजन राज्य स्तर पर हो : रामचंद्र सिंह

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मेला को और भव्यता प्रदान करने की बातें कही। उन्होंने कहा कि मेला राज्य स्तर पर हो, और इसके माध्यम से और अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि दो दशकों से लगातार मेला का आयोजन होता है, जो चेरो राजवंश को याद **शेष पेज 11 पर**

## भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने की विभागीय समीक्षा बैठक, कहा-

# रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट न करें





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आमलोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसे लेकर जहां कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, वहीं विभागीय मंत्री भी प्रशासनिक स्तर पर कार्यों के निष्पादन के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं। इसी क्रम में भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू-राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने पर चिह्नित सीओ (अंचलाधिकारी) पर अब कार्रवाई होगी। साथ ही, अंचलों में दाखिल खारिज से जुड़े मामलों पर आवेदनों को अस्वीकृत या आपत्ति करने वाले सीओ को पचास शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट रूप से कारण बताना अनिवार्य होगा। मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं, अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं, जिसका खामियाजा सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी, पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें। विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण के वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाए। कमजोर प्रदर्शन **शेष पेज 11 पर**

### मॉडर्न रिकॉर्ड रूम को करें दुरुस्त

भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी में नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाए। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपनी जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रिकॉर्ड रूम में कैथी और बांग्ला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने की सुविधा देने की आवश्यकता है।

### आरओबी बनाने पर ग्रामीण सड़कों का दिया जाए ध्यान

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की कार्य परियोजना को लेकर मंत्री दीपक बिरुआ ने दो टूक कहा कि जहां-तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी (रोड ओवर ब्रिज) ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानी होती है। उन्होंने लैंड एक्वीजेशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। कहा कि एनएचएआई की जिम्मेदारी है कि पदाधिकारी लैंड एक्वीजेशन से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

### मंत्री ने कहा

- चिह्नित अंचलाधिकारी पर अब की जाएगी कार्रवाई
- तकनीकी कारणों का हवाला दे आवेदन रिजेक्ट नहीं करें
- रिजेक्ट करने पर बताना होगा 50 शब्दों में ठोस कारण

## गढ़वा में आईजी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार को पलामू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर ने गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों की गहन जांच की और सभी थाना व ओपी में लंबित कांड, वारंट व कुर्की के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। आईजी ने अनुमंडल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को गंभीर अपराधों और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ममता ने 2026 में अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) 2026 के विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस के साथ संभावित गठबंधन को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की कोई राजनीतिक अहमियत नहीं है इसलिए गठबंधन की जरूरत नहीं है। ममता बनर्जी के इस ऐलान के बाद राज्य की सियासत गर्म हो गई है। एनडीए ने इसे विपक्षी इंडी गठबंधन की टूट का संकेत बताया और इसे टीएमसी का 'अति आत्मविश्वास' करार दिया।

## ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हंटरगंज मार्ग के बीच बराटपुर मोड़ पर मंगलवार की संध्या ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में दो व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि ट्रैक्टर पर सवार 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी कासिम अंसारी प्रतापपुर चिकित्सा पदाधिकारी कुमार संजीव से संपर्क कर एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल बालक को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। ट्रैक्टर के नीचे दबे ट्रैक्टर चालक को निकालने के लिए जेसीबी को बुला कर डेड बॉडी को निकाला गया। ट्रैक्टर चालक जमुना बातेशा से ईंट लेकर प्रतापपुर आ रहा था और प्रतापपुर से जा रहा मोटरसाइकिल सवार अचानक बराटपुर से पीछे मोड़ पर अनियंत्रित हो गया। मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। दूसरी ओर ट्रैक्टर चालक की मौत अपने ही ट्रैक्टर के इंजन के नीचे दबने से हो गई। ट्रैक्टर चालक का पता नहीं **शेष पेज 11 पर**

### ट्रैक्टर से गिरकर चालक की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भगत तेंदुआ गांव के समीप एनएच 139 पर मंगलवार को एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाला पर चढ़ते हुए चहारदीवारी में जा टकराने से चालक उछलकर नीचे जा गिरा जिससे उसकी की मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान कटैया पंचायत के बांसों गांव निवासी कृष्णा राम के 35 वर्षीय पुत्र राजू राम के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त चालक ट्रैक्टर पर सीमेंट लाद कर कौआखोह की ओर जा रहा था। इस दौरान भगत तेंदुआ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने नाला पर चढ़ते हुए इंडेन गैस एजेंसी के चहारदीवारी में जा टकराया। इससे ट्रैक्टर ट्रॉली व इंजन के बीच का हिस्सा टूट गया। चालक गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं आसपास के लोगों की मदद से उसे घायला अवस्था में सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर पर कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

## सीओ ने विवादित स्थल पर चहारदीवारी निर्माण पर लगायी रोक

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के द्वारी गांव के खाता संख्या 186 व दो प्लॉट नंबर 2322 रकबा 1.33 व 1.16 एकड़ भूमि को ले दो गुटों में तनाव उत्पन्न के बाद विवाद बढ़ता देख सीओ ने विवादित स्थल पर चहारदीवारी निर्माण कार्य को मामले की जांच होने तक रोक लगा दिया है। दोनों पक्षों से शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। बताया जाता है कि गांव के जुमराती मियां के नाम पर खाता संख्या 186,प्लॉट नंबर 2322 रकबा 1.33 एकड़ भूमि बंदोबस्त है। उक्त भूमि पर कब्रिस्तान है, जिसकी घेराबंदी का कार्य किया जा रहा था। गांव के कंहाई भुइयां के **शेष पेज 11 पर**

### भूमि विवाद में दोनों पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल, दो गंभीर

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के जपुआ में मंगलवार को भूमि विवाद को लेकर दो गुटों में हुई जम कर खूनी संघर्ष में दोनों गुट से सात लोग घायल हो गए। उनमें दो की स्थिति गंभीर बताया जा रही है। बताया गया कि जपुआ में नागमणि विश्वकर्मा अपनी भूमि पर मकान बना रहा था। इसी बीच गिद्धौर के अर्जुन दांगी काम बंद करने को कहा। इस बात को लेकर लड़ाई काफी आगे बढ़ गई। देखते-देखत दोनों गुट के परिवार के अन्य सदस्य आपस में भीड़ गए, जिसमें नागमणि विश्वकर्मा के साथ उनकी पत्नी चिंता देवी,पुत्र गुरुराज कुमार व दूसरा गुट से राजेश कुमार दांगी,बबलू कुमार,अर्जुन दांगी व चंचला देवी घायल हो गए। नागमणि विश्वकर्मा व चिंता देवी की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। बेहतर इलाज के लिए चिंता देवी को सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया। इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में किया जा रहा है। इस संबंध में फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से थाना ने प्राथमिकी दर्ज नहीं कराया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

**इंडिया**

# डिजिटल हो रहे किसान और झारखंड



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कुछ दशक पहले और आज के गांवों में बहुत बड़ा अंतर यह आया है कि घूम घूमकर सब्जी बेचने वाली महिला भी यूपीआई पेमेंट लेने लगी है। खुले पैसे के लिए भागदौड़ से दूर झारखंड भी बदल रहा है कि भारत के ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। किसानों की आमदनी बढ़ने से उनका जीवन स्तर सुधर रहा है। हाल ही में प्रकाशित मैकिन्से ग्लोबल फार्मर्स इनसाइट सर्वे 2024 में कहा गया है कि भारतीय किसान तेजी से डिजिटल भुगतान को अपना रहे हैं। वर्ष 2024 भारत में 40 फीसदी किसानों ने भुगतान डिजिटल माध्यम से किया। वर्ष 2022 में केवल 11 फीसदी किसान ही डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे थे। किसानों के बीच डिजिटल भुगतान का चलन बढ़ने का कारण सस्ता डाटा और यूपीआई सेवा को माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में देश में फसल बीमा का इस्तेमाल करने वाले महज आठ फीसदी किसान थे, जो वर्ष 2024 में 37 फीसदी हो गए। यह भी पाया गया है कि 11 फीसदी किसान वर्ष 2024 में जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा दो प्रतिशत ही था। इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष भी महत्वपूर्ण है कि भारत के किसान औपचारिक ऋण की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 में 36 फीसदी किसानों ने बैंक से कर्ज लिया, जो वर्ष 2022 में केवल नौ फीसदी था। वहीं, 26 फीसदी किसानों ने सब्सिडी वाले सरकारी ऋण का उपयोग किया, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ एक फीसदी था। रिपोर्ट ने यह भी बताया कि भारत के 53 फीसदी किसान फसल चक्रीकरण जैसे टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं। सरकार कई तरह से सहायता प्रदान कर रही है, जैसे-लागत में छूट, कार्बन क्रेडिट से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन आदि। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, शहरों के बजाय ग्रामीण इलाकों में गरीबी तेजी से कम हुई है। वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी। वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1,984 रुपए से बढ़कर 6,996 रुपए और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1,054 रुपए से बढ़कर 4,122 रुपए हो गया। निस्संदेह ग्रामीण एवं कृषि विकास के विभिन्न अभियानों के कारण देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है। साथ ही ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति बढ़ी है।डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से देश के किसानों को तीन लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते दस वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। बीते दस वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमा की राशि को बढ़ाया है।



स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिससे गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। गांव के युवाओं की मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से की जा रही है। यह भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना जैसे अभियानों से भी ग्रामीण भारत में गरीबी में कमी आ रही है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने भी ग्रामीण ?भारत में गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। निश्चित रूप से ग्रामीण भारत में सकारात्मक परिवर्तन, कृषि और ग्रामीण विकास तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने के मद्देनजर केंद्रीय बजट 2025-26 एक और आशा की किरण लेकर आया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए इस बार केंद्रीय बजट 2025-26 में 1,88,754 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नए बजट में कृषि एवं किसान कल्याण का बजट आवंटन 1.71 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जो पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 11 फीसदी अधिक है। तमाम सुविधाओं के बावजूद अभी ग्रामीण भारत और किसानों की प्रगति के लिए काफी कुछ करना है। करीब 42 फीसदी किसानों का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन विक्रेताओं से पर्याप्त ग्राहक सेवा और लचीला भुगतान का विकल्प नहीं मिलता है। ऐसी कठिनाइयों को दूर करना होगा।

# भंडरा में चौथी बार गजराजों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

### फसल और बागान तबाह, रातभर जागते रहे ग्रामीण



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** हाथियों का झुंड इस साल चौथी बार भंडरा के तिलसिरी गांव में पुनः पहुंचा है। पिछले साल से अब तक पांचवीं बार हाथियों का झुंड गांव में पहुंचने से ग्रामीण दहशत में हैं। गांव के पतरा में यह झुंड मंगलवार को दिन भर डेरा जमाये रहा। चट्टी पलमी सड़क किनारे स्थित इस पतरा में जमे हाथियों को देखने के लिये लोगों की भीड़ लगी रही। जानकारी के अनुसार हाथियों ने गांव के सुनीत मिंज के खेत में लगे गेहूं के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। इसके बाद बसिया उरांव के घर के पीछे लगा केला के पौधों को भी बर्बाद कर दिया। बताया जाता है कि भिठा, डुमरी होते हुए यह झुंड मंगलवार को अहले सुबह यहां पहुंचा है। सुबह करीब चार बजे इस झुंड को भिठा गांव के पास देखा गया था। इसके बाद हाथियों ने फसलों को रौंदते हुए डुमरी आदि गांव होते हुए तिलसिरी गांव पहुंचा। बता दें कि इससे पहले भी तिलसिरी सहित पलमी, गडरपो, पोडहा आदि गावों में हाथियों का झुंड तबाही मचा चुके हैं। इसके कारण लोगों में दहशत व्याप्त है। बीती रात जैसे जैसे हाथियों का झुंड गावों से गुजरता गया। लोग सजग होते गये। साथ ही एक दूसरे को हाथी आने का सूचना देते गये। हाथियों के कारण रात भर लोग दहशत में रहें।

# 8वीं में अध्ययनरत 241 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय प्रागंण में मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे से साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 241 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल बांटे गए। साइकिल पाकर सभी काफी खुश नजर आए। मानो, हौसले को पंख लग गया हो। साइकिल वितरण करने में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, उपप्रमुख नगीना सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ज्याउद्दीन खान और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामवचन बैठा सहित संबंधित स्कूलों के शिक्षक शामिल थे। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करडंडा के 17 छात्रों 21 छात्राओं को साइकिल बांटे गए। इसी प्रकार राजकीयकृत मध्य विद्यालय मोहम्मदगंज के क्रमशः 51-62, पंसा के 21-12 और भजनियां के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग के 30 छात्रों व 27 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। कुल मिलाकर 241 छात्र-छात्राओं को साइकिल दिया गया। इसमें 119 छात्रों और 122 छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने का काम किया गया।

# तीन परीक्षा केन्द्रों पर 151 में तीन परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के सात मैट्रिक परीक्षा केंद्रों में पहले दिन परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुई। हुसैनाबाद में मैट्रिक परीक्षा के लिए सात केन्द्र बनाया गया, जिसमें पहले दिन वोकेशनल विषय में मात्र तीन परीक्षा केन्द्र पर कुल 151 में तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसमें क्रमशः बक्शी उच्च विद्यालय केंद्र पर 30 में दो अनुपस्थित, बालिका प्लस टू विद्यालय में 51 और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र पर 70 परीक्षार्थी में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। बक्शी उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक संतोष प्रसाद व बालिका प्लस टू विद्यालय पर प्रेम प्रकाश सिंह ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते देखे गये।

## पहले दिन कदाचारमुक्त मैट्रीक परीक्षा संपन्न

**हैदरनगर** जैक से संचालित मैट्रीक व इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू कर दी गई है। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में परीक्षा के पहले दिन मैट्रीक की परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया है। प्रभारी प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि मंगलवार को पहले दिन कुल 257 में 256 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक प्रवेश पत्र नहीं लेने वाले परीक्षार्थियों को प्लस टू उच्च विद्यालय प्रागंण हैदरनगर में बुधवार को भी प्रवेश पत्र का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब तक जिन परीक्षार्थियों ने प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं किया है। उन्हें बुधवार को कार्यावधि में विद्यालय आकर प्रवेश पत्र लेने को कहा है।

# इनकम टैक्स व जीएसटी चेक की अफवाह पर बाजार के बड़े व्यवसायियों के शटर डाउन हो गया


**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मंगलवार दोपहर बाद करीब 4 बजे शाम अचानक बाजार की व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के शटर धड़ाधड़ बन्द हो गया, जिससे बाजार में अचानक चर्चा की बाजार गर्म हो गया। लोग चौक-चैराहों पर चर्चा करने लगे मानो बाजार में कोई बड़ी घटना घटी हो। यह बात आग की तरह फैल गयी और जपला के सभी स्वर्ण व बड़े हार्डवेयर, किराना दुकान, सीमेंट दुकान की शटर धड़ाधड़ डाउन हो गया। काफी मसक्कत के बाद सूत्रों के अनुसार इनकम टैक्स व जीएसटी की चेकिंग टीम आने की बात कही गई हैं। लेकिन मीडिया को इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी हैं।




हालांकि यह दृश्य से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। यह जाहिर है कि उपभोक्ता को सरकार हर चीजो का मूल्य व टैक्स के लिए जागरूक कर रही हैं। ताकि सरकार का राजस्व आए और आम लोगों को ठगी का शिकार ना होना पड़े। बाजार जिस तरीके से बंद हुआ, इससे यह साबित होता हैं कि यहां बड़े व्यवसायिक सरकार के टैक्स भरने में अपनी कितना कर्तव्यनिष्ठा का पालन करते होंगे। इनकम टैक्स व जीएसटी के डर से दुकान का शटर डाउन करना पड़ा रहा हैं। साथ ही हर चीजों पर महंगाई और टैक्स छोटे मोटे दुकानदारों व आम ग्राह्लकों पर सीधा असर पड़ता हैं और वे रोजमर्रा के कार्यो में भुक्तभोगी भी हैं।

# महिला ने की फांसी लगाकर आत्महत्या



**संवाददाता नवीन मेल**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र सेमरा पंचायत के बलहिया निवासी निर्मल मुंडा की 22 वषीर्या विवाहित पुत्री नेहा कुमारी नें मंगलवार दोपहर एक बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी थाना प्रभारी बाबूलाल दुबे ने बताया कि पुलिस को आत्महत्या की सूचना मिली। इसके बाद चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि नेहा कुमारी एक वर्ष पूर्व रामगढ़ थाना के लमती निवासी अखिलेश उरांव के साथ की थी। शादी के बाद वह अपने पति के साथ अपने मायके बलहिया में ही रहती थी। मंगलवार को घर के कंडी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## ई-केवाईसी नहीं कराया तो राशन के लाभ से होंगे वंचित

**मोहम्मदगंज।** प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने सभी कार्डधारक को 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करा लेने की बात कही है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस बाबत प्राप्त निर्देश के आलोक इसकी जानकारी देते हुए बताया कि किसी के भी राशनकार्ड में सभी सदस्यों का ई केवाईसी 28 फरवरी 2025 तक निश्चित रूप से करा लेना होगा। उन्होंने बताया कि जिन लाभुकों का आधार राशनकार्ड में दर्ज नहीं है, वे शीघ्र राशनकार्ड से आधार दर्ज करा लें। अन्यथा 1 अप्रैल 2025 के बाद राशन कार्ड से स्वतः उनका नाम विलोपित हो सकता है। ऐसे में उन्हें राशन की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

# न्यूज बॉक्स

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी की नियत से भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में लड़की के पिता ने हुसैनाबाद थाना में एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 8 फरवरी को वह अपने गांव में ही था, तभी मैं करीब संध्या 7 बजे अपने घर पर पहुंचा, तो मेरी पत्नी ने मुझसे पुत्री के बारे में पूछताछ करने लगी। उस समय मेरी पुत्री घर पर नहीं थी। मैं घबरा गया और अपनी पुत्री की खोजबीन करने लगा। परन्तु कुछ भी पता नहीं चल सका। पूर्व में भी व्यक्ति मेरे घर के मोबाइल पर अपने मोबाइल से बराबर फोन करता था। इस संदर्भ में मैने कई बार मना किया, कि मेरे घर पर कॉल मत किया करो,और ना ही मेरी पुत्री से बातचीत किया करों, इसके बावजूद भी वह नहीं माना। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

## राशन कार्ड का 28 फरवरी तक ई केवाईसी अनिवार्य

**हैदरनगर।** प्रखंड के सभी राशन कार्डधारियों का ई केवाईसी 28 फरवरी तक करा लेना अनिवार्य किया गया है। इस संबध में मंगलवार को प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने लिखित सूचना जारी कर बताया कि आधार कार्ड से राशन कार्ड में जिनका नाम नहीं अब तक जुड़ सका है। उन्हें सर्वप्रथम राशन कार्ड में सभी नामित सदस्यों के आधार कार्ड से जुड़वाने का काम करेंगे। इसके बाद ही उनका राशन कार्ड में उल्लेखित सभी पारिवारिक सदस्यों को ई केवाईसी हो सकेगा। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों को भी इस कार्य के प्रति गंभीरता बरतने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सरकार के दिशा निर्देश के तहत ससमय पूरा नहीं किये जाने पर पहली अप्रैल 2025 से स्वतः राशन कार्ड की सूची से उनके नामों को विलोपित कर दिया जायेगा।

## पांच सूत्री मांग को लेकर भाजपा नेता का आमरण अनशन 17 से



**हरिहरगंज।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाज सेवी राजीव रंजन पांच सूत्री मांगों को लेकर आगामी 17 फरवरी से प्रखंड कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन करेंगे। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर को ज्ञापन सौंपा है। राजीव रंजन ने बताया कि क्षेत्र की जनता विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है। कई बार संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद समस्याओं का निदान नहीं हो पाया है। विवश होकर आमरण अनशन करने का निश्चय किया गया है। पांच सूत्री मांगों में नगर पंचायत द्वारा वर्ष 2020-21 में 842 तथा 2021-22 में 456 स्वीकृत आवास के लाभुकों को राशि भुगतान करने, शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे जर्जर बिजली तार व खंभा को बदलने, विद्युत सबस्टेशन में 10 एमवीए ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति कराने,नगर पंचायत कार्यालय अंतर्गत कार्य करने वाले 145 सफाईकर्मियों का बकाया मजदूरी भुगतान करने सहित कई मांग शामिल है।

## स्कूली बच्चों को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया

**हुसैनाबाद ।** प्रखंड क्षेत्र के बेदौलिया राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा प्रभा देवी ने की। संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने किया। समारोह में मुख्य रूप से गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी निभाकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को कॉपी कलम प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर विद्यालय के प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया। इस तरह के नृत्य में मेडल पाने वालो में रिया कुमारी,रागिनी कुमारी, अर्चना कुमारी,पुष्पा कुमारी,मधुबाला कुमारी,चंचली कुमारी। नाटक के लिए प्रियांशु कुमारी,चांदनी कुमारी, काजल कुमारी,पीयूष कुमार रोशन कुमार,रवि किशन गुप्ता, प्रियांशु कुमार,अनमोल कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं सम्मानित हुए। इस मौके पर विशेष रूप से विद्यालय का प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा प्रभा देवी, संयोजिका नीतू देवी,शिक्षक रामनाथ राम सहित सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा आज से

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत के सभी राजस्व गांव में सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। मुखिया उमेश राम ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक कार्य योजना तैयार करने के लिए ग्राम सभा आयोजित होगी। इसमें पंचायत समिति सदस्य, उपमुखिया के अलावा संबंधित गांवों के वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, जलसहिया,स्वास्थ्य सहिया, सहजकर्ता दल, पंचायत स्वयं सेवक और सभी ग्रामीणों की उपस्थिति अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के अनुसार एक दिन में दो राजस्व विलेज में अलग-अलग समय में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। पहली पूर्वाह्न 11 और दुसरी पाली में अपराह्न दो बजे से ग्राम सभा होगी। निर्धारित तिथि व स्थान के अनुसार 12 फरवरी बुधवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भगड़ा, शिव मंदिर प्रांगण पंचपोखरी, 13 को रामवि डाली, आंगनबाड़ी गजरही,14 को आरके उर्दू मवि सबनवां,राप्रावि रसूलपुर,15 को पंचायत सचिवालय भवन लटपौरी और रामवि माली में ग्राम सभा होगी। जबकि 18 को पंचायत मुख्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे से आमसभा आयोजित की जाएगी।

# एक नजर

## युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 4 दिवसीय अभियान शुरू

**मोहम्मदगंज।** 18 से 35 आयु वर्ग के शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार से चार दिवसीय प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से इस प्रचार-प्रसार अभियान का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी,आठवीं, मैट्रिक, इंटर एवं स्नातक पास है और जो रोजगार के लिए इच्छुक हैं, उन्हें गार्जियन की सहमति से थाना और ब्लॉक के माध्यम से वेरीफाई करके ही भेजा जाएगा। प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर जेएसएलपीएस के ब्लॉक एडमिन मुकेश कुमार एवं ऑफिस ब्वॉय आलोक कुमार ने रवाना किया है। इसे लेकर वे प्रखंड के सभी 8 पंचायतों के गांव-गांव के भ्रमण पर निकल गए हैं।

# जिप सदस्य ने राजा मेदिनीराय की प्रतिमा किया माल्यार्पण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** दुबियाखाड़ मेला में स्थापित राजा मेदनीराय की आदमकद प्रतिमा पर सतबरवा जिला परिषद सदस्या सुधा कुमारी के नेतृत्व में विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, जिप सदस्या बासो देवी, प्रमुख बसंती देवी, मुखिया बिंको उरांव, अलका देवी, उपप्रमुख शितल सिंह चेरो समेत दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण किया। मौके पर जिप सदस्या सुधा कुमारी ने कहा कि राजा मेदनी राय गरीबों के मसीहा थे। इनके राज्य में दूध दही की गंगा बहती थी। हर प्रजा सुखी संपन्न जीवन व्यतीत करता था। राजा भेष बदल कर रात में घूमा करते थे। जिनके घर दिक्कत होती थी, उनके घर गाय, भैंस भिजवा दिया करते थे। उन्होंने कहा कि इनके जमाने में एक कहावत था जो आज भी चरितार्थ है। धन धन राजा मेदनीया घर घर बजे मथनियां।

# डाला कला पंचायत भवन में आमसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में आम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डाला कला पंचायत के मुखिया राम कुमार यादव ने की। पंचायती राज्य झारखंड के निर्देश में पलामू जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी के पत्र के आलोक में पूर्व से कार्यरत पंचायत स्वयं सेवक प्रेमिका कुमारी देवी पति मिथलेश रजक व विकास कुमार मेहता पिता अंबिका महतो को पंचायत सहायक के पद पर चयन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत पदाधिकारी,पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण जनता उपस्थित रहे। सर्व सहमति व ग्रामीण जनता द्वारा आम सहमति दिया गया। इसमें पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह, वाड सदस्य सुमित्रा देवी,ललिता देवी,सुनील बैठा, राजमुनी राम, शंभूशरण सिंह, बैजनाथ सिंह, प्रदीप यादव, रणजीत सिंह, अरविंद सिंह, सतीश सिंह, सतेंद्र यादव, मल्लू राम, प्रणव कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# माघ पूर्णिमा पर कोयल नदी में श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डूबकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** माघ पूर्णिमा पर बुधवार को कोयल नदी के पवित्र जल में श्रद्धालु आस्था की डूबकी लगाएंगे। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि इसे लेकर भीमचूल्हा पार्क और मंदिर परिसर की सफाई व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारी कर ली गई है। श्रद्धालु स्नान के बाद पूजा अर्चना और सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण करते हैं। इससे वातावरण भक्ति भावनाओं से सराबोर हो जाता है।

**हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र पूर्णिमा**

उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में यह अत्यंत पवित्र पूर्णिमा मानी जाती है। इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य और भगवान विष्णु की आराधना से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पंचांग के अनुसार मंगलवार की शाम में 6 बजकर 41 मिनट से पूर्णिमा की तिथि लग गई है, जो बुधवार की शाम में 6 बजकर 53 मिनट तक लगी रहेगी। ऐसे में बुधवार को माघ पूर्णिमा का व्रत किया जाएगा। इस माघ पूर्णिमा जातकों के लिए सौभाग्य योग, शोभन योग, शिववास योग, गजकेसरी योग व त्रिग्रही योग बनेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सही दान करने से ग्रहों की सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। जीवन में सुख-समृद्धि आती है। प्रत्येक राशि का एक स्वामी ग्रह होता है। जिसके अनुकूल दान करने से विशेष लाभ मिलता है। उन्होंने शास्त्र के अनुसार बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। धन वृद्धि के सुयोग के साथ ही वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

## धन वृद्धि के भी बनते हैं योग

उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार माघी पूर्णिमा के दिन श्रीहरि और माता लक्ष्मी की उपासना करने से धन आगम के नए मार्ग बनते हैं। मां लक्ष्मी को इस दिन 11 कौड़ियां चढ़ाने और हल्दी तिलक लगाने का मनोअनूकुल फल मिलता है। कौड़ियों को धन रखने के स्थान पर रख देने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इस दिन माता तुलसी की पूजा करने का भी बड़ा फल प्राप्त होता है। माता तुलसी को मां लक्ष्मी का ही रूप माना जाता है। सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति प्राप्त होता है।

## रामनगर व पोटो में रैदास जयंती समारोह आज

**मोहम्मदगंज।** संत शिरोमणि रैदास की जयंती पर बुधवार को रामनगर व पोटो ग्राम में समारोह का आयोजन किया जाएगा। पोटो में इस मौके पर पारपंरिक तौर पर पूजा-अर्चना के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यह जानकारी पोटो की संत रैदास जयंती समारोह कमिटी की ओर से दी गई है।

**सराहनीय पहल**

## रोजाना आने जाने वाले यात्रियों को मिली राहत

# रेल उपभोक्ताओं के लगातार ट्वीट पर दूसरे दिन ही शुरू हो गई शटल ट्रेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल के बीडी सेक्शन पर दैनिक बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन तक परिचालित शटल पैसेंजर ट्रेन नं. 53349 / 53350 सोमवार व मंगलवार दो दिनों के लिये अचानक रद्द कर दी गई थी। इससे बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन तक कुल 25 स्टेशनों के हजारों यात्रियों को चार से पांच घंटा तक मेमू ट्रेन आने का इंतजार सोमवार को करना पड़ा। इससे आक्रोशित रेल यात्रियों ने रेलमंत्री, जीएम, डीआरएम तक ट्वीट कर इस निर्णय का विरोध करना शुरू कर दिया। भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि डीडीयू रेलमंडल का बीडी रेल सेक्शन पूर्व से ही यात्रियों असुविधाओं का घोर दंश अब तक झेलता रहा है। इस रेलमार्ग पर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर तक व्यावसायिक, कोर्ट कचहरी व अन्य कार्यों को लेकर जाने और पुनः वहां कामकाज निपटाकर घर आने के लिए यह ट्रेन सुलभ है। उन्होंने कहा कि पहले से ही यातायात की व्यापक कमी के बावजूद इस ट्रेन को महाकुंभ में भेजना और आम यात्रियों की सुगम और सुलभ यात्रा दुर्लभ करना रेल प्रशासन का निर्णय कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। सामाजिक युवा कार्यकर्ता व रेल उपभोक्ता अंकू सिंह राणा, अरुण कुमार मेहता, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, कमल कुमार पासवान, सुदर्शन राम, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, समाजसेवी सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन आदि ने शटल ट्रेन को दूसरे दिन ही परिचालन शुरू किये जाने पर रेल अधिकारियों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन का नियमित व समय परिचालन सुनिश्चित किया जाये।

# सम्मान समारोह का आयोजन कर दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान व उपस्थित शिक्षकों ने मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में जूनियर क्लास की छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार ने दसवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों द्वारा दसवीं के छात्र छात्राओं को पेन कॉपी डायरी आदि देकर सम्मानित किया गया। इस विदाई समारोह के दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक तथा शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों में हमारा विद्यालय हुसैनाबाद क्षेत्र में विगत कई वर्षों से अग्रसर रहा है। बिद्यालय परिवार का प्रयास है कि बच्चों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल कुमार चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी ,प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी ,सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी , रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडेय एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ो छात्राओं भी उपस्थित थे।



## एमएमसीएच में सफाई व्यवस्था लचर पोस्टपार्टम रिकवरी वार्ड में संक्रमण का खतरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच (मेडिकल कॉलेज अस्पताल) में सफाई व्यवस्था बेहद खराब है, जिससे मरीजों को संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है।

पोस्टपार्टम रिकवरी वार्ड, जहां नॉर्मल डिलीवरी के बाद महिलाओं को 24 घंटे के लिए रखा जाता है, वहां साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह लचर है। फर्श की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी बनी रहती है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर पूर्व में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी नाराजगी जता चुके हैं और उचित सफाई व्यवस्था के निर्देश दे चुके हैं।

### पलामू में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू

## परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण, कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने जिला स्कूल, भीष्म नारायण सिंह कॉलेज समेत कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों, कक्ष निरीक्षकों और परीक्षा संचालन में लगे कर्मियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा में कदाचार रोकने के लिए प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, उड़नदस्ते और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। डीईओ सौरभ प्रकाश ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सतर्कता बरती जा रही है और अब तक किसी भी केंद्र से कदाचार की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

### उड़नदस्ते सक्रिय, मॉनिटरिंग जारी

परीक्षा की निगरानी के लिए प्रशासन द्वारा जिला और अनुमंडल स्तर पर उड़नदस्ते गठित किए गए हैं, जो विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। डीईओ ने सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की कि वे निष्पक्ष और ईमानदारी से परीक्षा दें, ताकि उनकी मेहनत का सच्चा मूल्यांकन हो सके।

### अभिभावकों और शिक्षकों से सहयोग की अपील

प्रशासन ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने में सहयोग करें। इस निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर शांति और अनुशासन का माहौल देखा गया, जिससे परीक्षार्थियों को बेहतर और तनावमुक्त माहौल में परीक्षा देने का अवसर मिला। प्रशासन ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी परीक्षा इसी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संचालित होगी।

## सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन तिथि बढ़ी, अब 20 फरवरी तक आवेदन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की अंतिम तिथि 10 फरवरी से बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी गई है, जिससे अभिभावकों को 9 दिन अतिरिक्त समय मिलेगा। तीन सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश के लिए एक मार्च को परीक्षा होगी, जिसका प्रश्नपत्र जेसीईआरटी तैयार करेगा। सफल छात्रों की मेधा सूची 10 मार्च को जारी की जाएगी। इन विद्यालयों में सीबीएसई पैटर्न पर निशुल्क शिक्षा दी जाती है, साथ ही स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर, मैथ्स और साइंस लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस वर्ष तीनों विद्यालयों में कुल 614 छात्रों का नामांकन होगा, और एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होगा। अभिभावकों से समय पर आवेदन की अपील की गई है।

## दंतेवाड़ा में आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान घायल

- ब्लास्ट में जवान के दोनों पैर जख्मी, रायपुर में इलाजरत
- पलामू के रहने वाला था



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के कमल केड़िया गांव के रहने वाले स्व. राजकुमार शुक्ला के 44 वर्षीय पुत्र, सीआरपीएफ जवान महीमानंद शुक्ला, आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्लास्ट से उनके दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए।

बताया जा रहा है कि वह छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पदस्थापित हैं और अपनी टीम के साथ दंतेवाड़ा के जगरगुंडा इलाके में गश्त पर निकले थे। जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ की 231वीं बटालियन के जवानों को नक्सलियों की सूचना मिलने पर पैदल गश्त के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान महीमानंद शुक्ला का एक पैर गलती से आईईडी पर आ गया, जिससे विस्फोट हो गया और उनके दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए।

बेहतर इलाज के लिए उन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया, जहां वे इलाजरत हैं। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

गांव के लोगों के अनुसार, महीमानंद शुक्ला 2001 में उपद्धक्रमें आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे और वर्तमान में प्रधान आरक्षी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी दो संतानें हैं–एक पुत्र और एक पुत्री। उनका परिवार रांची में रहता है।

इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक का माहौल है। लोग उनकी सलामती के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं।

## मेला में लीगल सहायता केंद्र का स्टॉल लगाया गया




**मेदिनीनगर।** राजकीय आदिवासी कुंभ मेला में बीएनएस लॉ कॉलेज के प्राचार्य के नेतृत्व में लीगल सहायता केंद्र का स्टॉल लगाया गया। इस केंद्र के माध्यम से लोगों को उनके अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी गई तथा जरूरतमंदों को कानूनी सहायता भी प्रदान की गई। कॉलेज के प्राचार्य पंकज द्विवेदी ने बताया कि मेले में आदिवासी समुदाय समेत सभी लोगों को लीगल जागरूकता से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए गए और आवश्यक कानूनी सलाह प्रदान की गई।

## पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देश पर तथा पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पाटन प्रखंड के शोले और राजहरा पंचायत के आधा दर्जन गांवों में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान पीएलवी शैलेंद्र तिवारी, अनिता मिंज और कविता कुमारी ने चिल्ड्रन विद डिसेबिलिटी, चाइल्ड मैरिज सहित नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।

नालसा हेल्पलाइन झ कानूनी सहायता के लिए संजीवनी पीएलवी शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि अगर किसी को फ्री में वकील चाहिए तो नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करें। यह सेवा जरूरतमंदों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर से जिला स्तर तक कार्यरत है।

पीएलवी अनिता मिंज ने बताया कि यदि किसी कारणवश हेल्पलाइन नंबर 15100 पर तुरंत संपर्क नहीं हो पाता है, तो कॉल बैक सुविधा के माध्यम से संबंधित व्यक्ति से जुड़ा जा सकता है। यह हेल्पलाइन विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के लिए बनाई गई है, जिन्हें कानूनी सहायता प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

पीएलवी कविता कुमारी ने कहा कि नालसा हेल्पलाइन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहती है, जहां कोई भी व्यक्ति कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की भी जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल को सराहा और कानूनी सहायता सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## चोरी के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पहले मामले में रांची रोड निवासी जितेंद्र कुमार ने शहर थाना में आवेदन दिया था कि रेड़मा शिव मंदिर के पास से उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गई। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की और गुप्त सूचना के आधार पर विस्फुटा पुल के पास से संजीत ओझा को चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रामपुर, कुटुंबा (औरंगाबाद) का निवासी है और वर्तमान में हमीदगंज स्थित बीएन कॉलेज के पास रहता है। दूसरे मामले में बेलवाटीका निवासी पूजय कुमार गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 5 फरवरी की शाम गुरुद्वारा के पास खेल रहे उनके बच्चे के गले से एक व्यक्ति ने लॉकेट छीन लिया और फरार हो गया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो नंबर टाउन निवासी पप्पू कुमार को गिरफ्तार कर चोरी किया गया लॉकेट बरामद कर लिया। छापेमारी दल में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टीओपी-2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह, आशुतोष रजक, रमेश प्रसाद, सूर्यनाथ सिंह, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार पासवान, राकेश कुमार चंद्रवंशी, प्रमोद यादव और जयंत दुबे शामिल थे।

## मनातू और पांकी में कई एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती नष्ट



**मेदिनीनगर।** मनातू और पांकी थाना क्षेत्रों में पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कई एकड़ में लगी अवैध अफीम और पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया।

**मनातू में 10 एकड़ भूमि पर कार्रवाई :** मनातू थाना अंतर्गत ग्राम कुंडीलपुर के जंगल में लगभग 10 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से हो रही अफीम की खेती को पुलिस और वन विभाग ने ट्रैक्टर की मदद से पूरी तरह नष्ट कर दिया। इस मामले में मनातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है, और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

**पांकी में भी बड़ी कार्रवाई :** पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम जसपुर (खेरवार टोला और परहिया टोला) में भी वन भूमि, गैरमजरुआ जमीन और रैयती भूमि पर हो रही अफीम की खेती को नष्ट किया गया। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने पूरी फसल को नष्ट कर दिया और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों की पहचान कर रही है। पलामू पुलिस ने अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र में इस तरह की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दे। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## वित्त मंत्री ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को विभिन्न छात्र संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बाद झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का दौरा किया। ज्ञात हो कि एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक का पुतला दहन किया था, जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं, वाईजेके के कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर कुलसचिव को रोककर नारेबाजी की थी। वित्त मंत्री ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण में गंभीर अनियमितताएं पाईं। हैंडओवर-टेकओवर में गुणवत्ता की कमी, भूमि की सही लेवलिंग का अभाव, पेयजल और शौचालय की सुविधाओं के बिना भवन का हस्तांतरण, तथा अकादमिक ब्लॉक की अधूरी ग्रिलिंग जैसी खामियां सामने आईं। इन अनियमितताओं को देखते हुए चीफ इंजीनियर को विश्वविद्यालय के सभी भवनों की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह महायज्ञ का समापन, आज होगा हवन

## ईश्वर अपने प्रति समर्पित भक्तों पर करते हैं कृपा : अलका किशोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुदना के तुलसी मानस मंदिर परिसर में देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह महायज्ञ का समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु–महिलाएं और पुरुष–पहुंचे और अमृतमयी कथा का श्रवण किया। वृंदावन से पधारी भागवताचार्य अलका किशोरी ने श्रीमद्भागवत पुराण के कई प्रसंगों की व्याख्या की। उन्होंने सुदामा चरित्र, रुक्मिणी विवाह सहित अन्य प्रसंगों के माध्यम से भक्ति और समर्पण का महत्व बताया।

श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर उन भक्तों पर अपनी कृपा अवश्य करते हैं, जो पूरी श्रद्धा और समर्पण से उनकी पूजा करते हैं। रुक्मिणी ने बचपन से ही श्रीकृष्ण को अपना वर मान लिया था, और उनकी भक्ति देखकर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। सच्चे मन से भगवान को चाहने वालों के प्रेम में वे वशीभूत हो जाते हैं।

सुदामा चरित्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी ईश्वर से सच्चा प्रेम करता है, उसे जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**फूलों की होली के साथ कथा का हुआ विश्राम :** मंगलवार को कथा विश्राम के अवसर पर फूलों की होली खेली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विभिन्न कलाकारों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं, जिन्होंने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

**बुधवार को हवन और महाप्रसाद वितरण :** कथा समापन के उपरांत बुधवार को हवन और यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। हवन के पश्चात शाम चार बजे से देवी मंदिर प्रांगण में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर साइबर फ्रॉड से बचाव पर सेमिनार

## साइबर जागरूकता ही फ्रॉड से बचाव का तरीका : उपायुक्त

- साइबर हाइजिन को अपनाकर इंटरनेट का सुरक्षित करें उपयोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय परिसर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें साइबर फ्रॉड और डिजिटल सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त, और नगर आयुक्त जावेद हुसैन समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। कोई भी तकनीक अच्छी या बुरी नहीं होती, बल्कि उसके उपयोग का तरीका ही उसकी सार्थकता को तय करता है। उन्होंने फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, केवाईसी फ्रॉड सहित अन्य ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक न करने और फोन में गैर-जरूरी ऐप्स को हटाने की सलाह दी। साथ ही, जागरूकता को साइबर अपराध रोकने का सबसे प्रभावी तरीका बताया।

### साइबर ठगी की शिकायत कैसे करें?

कार्यशाला में साइबर थाना, मेदिनीनगर के पुलिस निरीक्षक ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न तरीकों को विस्तार से बताया। उन्होंने ई-कॉमर्स, सोशल नेटवर्किंग, डिजिटल पेमेंट, फिशिंग, विशिंग और स्मिशिंग जैसे साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इस कार्यशाला में एनआईसी के नेटवर्क इंजीनियर सुधीर कुमार तिवारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज कुमार पांडेय, और सीएससी मैनेजर अरविंद कुमार राम ने भी साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, मीडिया कर्मी और आईटी से जुड़े विभिन्न कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने इंटरनेट सुरक्षा और साइबर जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### साइबर हाइजिन जरूरी : जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी

जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि जैसे हम अपने स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता को महत्व देते हैं, वैसे ही इंटरनेट की दुनिया में भी साइबर सुरक्षा (साइबर हाइजिन) को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि कंप्यूटर, लैपटॉप, और मोबाइल में एंटीवायरस का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि अज्ञात नंबरों से आए कॉल पर निजी जानकारी साझा न करें और अनजान लिंक को न खोलें। उन्होंने जिले के सभी सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े कर्मियों से अपील की कि वे अपने कार्यस्थल पर और आम जनता के बीच साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाएं।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से किशोर की मौत, परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार/भवनाथपुर।** मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय नीतीश पाल की मौत हो गई। नीतीश, जो केतार का निवासी था, अपने घर से लोहे का पाइप लेकर बुआ के घर जा रहा था, तभी पाइप हाई टेंशन तार से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भवनाथपुर पहुंचाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। उनका आरोप था कि अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था और फोन करने के आधे घंटे बाद डॉक्टर पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समय पर इलाज मिलता, तो नीतीश की जान बचाई जा सकती थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश कुमार सिंह, परवेज आलम एवं नारायण प्रसाद मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाकर मामला शांत करवाया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया।



## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**गढ़वा।** पंचायत भवन कल्याणपुर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने इंटरनेट के सही उपयोग और साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में साइबर थ्रेट, फिशिंग, विशिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, डीप फेक वीडियो, डिजिटल सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## एक नजर

### भाजपा नेता पूरन सिंह खरवार की रेल हादसे में मौत



**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा नेता और पूर्व बिससूत्री अध्यक्ष पूरन सिंह खरवार की मौत रेलवे ट्रैक पर हुई। परिजनों ने बताया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वे अचानक घर से निकल गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र में शोक की लहर है।

### लाठी से मारपीट में युवक की मौत, आरोपी गिरफ्तार



**चिनियां।** टांडिल गांव में आपसी विवाद के दौरान मारपीट में 25 वर्षीय कुमार परहिया की मौत हो गई। आरोपी बिहारी परहिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों शराब के नशे में थे और मारपीट के दौरान कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

### जानलेवा स्पीड ब्रेकर हटाया गया



**मेराल।** गढ़वा-मझिआंव मुख्य मार्ग पर ओखरगड़ा मध्य विद्यालय के पास स्थित जानलेवा स्पीड ब्रेकर को हटाया गया। लगातार दुर्घटनाओं की शिकायत के बाद उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए पथ निर्माण विभाग को निर्देश दिया। जेसीबी मशीन से ब्रेकर हटाए जाने पर ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार जताया।

### बोर्ड परीक्षा शुरू, परीक्षार्थियों पर कड़ी निगरानी

**डंडई।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की बोर्ड परीक्षाएं सख्त निगरानी के बीच शुरू हुईं। प्रखंड के जरही उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पहले दिन वोकेशनल विषय की परीक्षा हुई, जिसमें 43 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। केंद्र अधीक्षक असगर अली ने बताया कि परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। परीक्षार्थियों को टेबल पर बैठकर भी सावधानी से लिखा गया, और जरा सा भी इधर-उधर देखने पर पाबंदी थी। लवाही और तसरार केंद्रों पर पहले दिन परीक्षा नहीं हुई, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि अगले चरण की परीक्षा के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

### उच्च विद्यालय खरौंधी में 10वीं कक्षा का विदाई समारोह आयोजित

**खरौंधी।** उच्च विद्यालय खरौंधी में मंगलवार को 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि छात्र मेहनत और लगन से पढ़ाई करें ताकि वे अपने परिवार, गांव और समाज का नाम रोशन कर सकें। छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों को आभार प्रकट किया। समारोह के अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## रैयतों की जमीन पर बिना मुआवजा सड़क निर्माण, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** मेराल-अंबा खोरिया सड़क निर्माण को लेकर रैयतों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन पर सड़क बना दी गई है। रैयत सुमंत लाल ने बताया कि उनकी 1.70 डिसमिल जमीन अधिग्रहित की गई है, लेकिन उन्हें अब तक यह भी नहीं बताया गया कि कितनी भूमि ली गई है। इसी तरह, रैयत राजेश मेहता ने कहा कि उनकी 23 डिसमिल भूमि सड़क निर्माण में चली गई, लेकिन उनसे कोई बातचीत तक नहीं की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द मुआवजा नहीं दिया गया तो वे निर्माण कार्य का विरोध करेंगे।



## वृद्ध दंपति की धारदार हथियार से हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** जतरो गांव में सोमवार रात अज्ञात अपराधियों ने 55 वर्षीय हीरा रजवार और उनकी 50 वर्षीय पत्नी कलावती देवी की बेरहमी से हत्या कर दी। मंगलवार सुबह जब मृतक का छोटा बेटा खेत पहुंचा, तो उसने माता-पिता के शवों को चादर से ढंका हुआ पाया और जोर-जोर से रोने लगा। यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन जारी है।



## उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खाद्यान्न उठाव व वितरण की स्थिति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत माह फरवरी 2025 के खाद्यान्न वितरण की स्थिति, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत माह अप्रैल 2024 के खाद्यान्न वितरण की स्थिति,विभागीय योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा जन वितरण प्रणाली दुकानों की संबद्धता (डीलर टैगिंग) की स्थिति, धान अधिप्राप्ति योजना की स्थिति, ग्रीन कार्डधारिओं के राशन उठाओ, अलॉटमेंट की स्थिति, नाम जोड़ने की स्थिति, आयुष्मान कार्ड की स्थिति, दाल-भात केंद्रों की स्थिति, एफसीआई गोदाम से डीलरों तक राशन के उठाओ की स्थिति, बूढ़ा पहाड़ में राशन वितरण की स्थिति, धान अधिप्राप्ति को लेकर सभी पैक्सो के द्वारा धान रखे गए गोदाम की स्थिति, सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली।



## अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की बैठक में 74 मामलों पर मुआवजे का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें 74 मामलों पर चर्चा हुई और पीड़ितों को मुआवजा देने का निर्णय लिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि कुल 32 लाख रुपये की जरूरत है, लेकिन अभी 16 लाख रुपये ही उपलब्ध हैं। फिलहाल स्वीकृत मामलों में राशि वितरित की जाएगी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे और विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।



## आवास योजना में घूसखोरी का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** अबुआ आवास योजना में घूस लेकर अयोग्य लोगों को आवास देने का मामला सामने आया है। बहियार खुर्द ग्राम निवासी अलमुदीन मियां और बिमली कुंवर ने लिखित आवेदन देकर पंचायत प्रतिनिधियों पर 20 से 30 हजार रुपये की घूसखोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि घूस न देने के कारण उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला, जबकि सूची में पीछे के लोगों को प्राथमिकता दी गई। मामले की जांच के लिए उपविकास आयुक्त को आवेदन दिया गया है।



## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया, जिसमें राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान आदि से जुड़ी शिकायतें आईं। चिनियां प्रखंड के आदिम जनजातियों ने तीन माह से डाकिया योजना का राशन न मिलने की शिकायत की। वहीं, मंझिआंव के अनूप पासवान ने अबुआ आवास में घूसखोरी का आरोप लगाया। जनता दरबार में कुल छह मामले आए, जिनके समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।



## खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने बालू घाट का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 8 ग्राम बकईया में बालू घाट का उद्घाटन खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव, माइनिंग इंस्पेक्टर बीपी महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। डीएमओ राजेंद्र उरांव ने कहा कि नगर पंचायत सहित प्रखंड वासियों के लिए बालू को लेकर किल्लत नहीं होगी। सरकारी दर पर 783 रुपया में ऑनलाइन रसीद कटा कर आसानी से बालू ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेएमडीसी के द्वारा रसीद काटकर सरकारी दर पर बालू बिक्री किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बालू के लिए लोगों को इधर-उधर नहीं भटकना होगा आज से ही इस घाट से बालू का उठाओ शुरू हो गया है। उद्घाटन के दौरान बालू घाट के संवेदक रिंकू तिवारी,आनंद चौबे, मिलेंद्र पाठक,नितेश पाठक,सुरेंद्र चौधरी अर्जुन पाठक, विजय सिंह,बिक्की सिंह, मंटू सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### मैट्रिक परीक्षा में 38 परीक्षार्थी शामिल हुए

**भवनाथपुर।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की वोकेशनल परीक्षा में परियोजना गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर राजकीय कृत प्लस टू हाई स्कूल के 38 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इस तरह से राजकीय कृत प्लस टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर दूसरी पाली में हुए व्यवसायिक परीक्षा में शत प्रतिशत 149 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इसकी जानकारी देते हुए केंद्राधीक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय और सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि जैक की गाइडलाइन के मुताबिक शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा ली जा रही है।परीक्षा वीक्षकों और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी ली जा रही है।

## 26.8 लीटर अवैध देशी महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र में अवैध देसी शराब कारोबारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई में ग्राम शिवरी स्थित ईंट भट्ठा के पास से गुप्त सूचना के आधार पर 26.8 लीटर अवैध देशी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए युवक का नाम गौतम कुमार उम्र 22 वर्ष पिता बिगु राम दुबे तहले थाना मझिआंव जिला गढ़वा बताया। पुलिस ने बरामद देसी शराब की जप्ती सूची बनाक पकड़े गए व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कांड का अनुसंधान सअनि शंभू कुमार को सौंपा दिया। बताते चलें चुनाव से पहले भी उसके घर से महुआ शराब बरामद किया गया था, जिसके बाद प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। कारोबारी पकड़े जाने के बाद कुछ दिनों तक अपना कारोबार बंद रखता है। उसके बाद पुनः बड़े पैमाने पर काम शुरू कर देता है



**कानूनी सहायता**

## राष्ट्रीय लोक अदालत 22 से 8 मार्च तक

## अनाथ बच्चों को मिलने वाली स्पॉन्सरशिप की जानकारी दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़ (गढ़वा)।** सर्वोच्च न्यायालय नालसा व उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष नलिन कुमार व सचिव रवि चौधरी जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर मंगलवार को 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इसके तहत बड़गड़ प्रखंड के ग्राम सालो में सभी ग्रामीण के बीच 22 फरवरी व 8 मार्च को लगने वाला राष्ट्रीय लोक अदालत, कानूनी सहायता, सरकारी योजना, अनाथ बच्चों को मिलने वाली स्पॉन्सरशिप, मंईयां सम्मान योजना, सड़क सुरक्षा, बाल मजदूरी, बाल विवाह, आदि बिंदुओं पर अधिकार मित्र राजेंद्र राम द्वारा जानकारी दी। मौके पर रोजगार सेविका प्रभा देवी, खुशबून बीबी, राजेश कच्छप, रवि किस्पोट्टा आदि शामिल थे।



### कुंभ मेला में भटके श्रद्धालु घर लौटे

**डंडई।** परिजन से बिछड़े श्रद्धालु महेंद्र प्रसाद सोमवार रात्रि अपने घर पहुंच गए। चार दिन बाद घर पहुंचने पर उनके परिजनों के बीच खुशी का माहौल बन गया। आप बीती सुनाते हुए महेंद्र ने बताया कि कुंभ स्नान को लेकर सपरिवार गुरुवार को अपने घर से निकला था। इसी बीच बनारस गंगा स्नान से पहले दिमागी संतुलन खो जाने के कारण अपने परिजनो से बीछड़ गया था। उसके बाद सोमवार रात्रि उन्हें अपने घर लेकर आ गया।

## न्यूज बॉक्स

### समाहरणालय से 'वाटरशेड यात्रा' का हुआ शुभारंभ

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत समाहरणालय से 'वाटरशेड यात्रा' की शुरूआत की गई। उपायुक्त शेखर जमुआर ने हरी झंडी दिखाकर इस वाहन को चिनिया प्रखंड के लिए रवाना किया। इस यात्रा का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। तीन दिनों तक यह वाहन चिनिया प्रखंड में नुक्कड़ नाटक, पौधरोपण और श्रमदान के माध्यम से प्रचार करेगा।

### ग्रामीणों ने ग्राम सभा में उठाया घाघर नाला का मामला



**रमना।** मंगलवार को ग्राम पंचायत विकास योजना(जी.पी.डी.पी) वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए सिलीदाग पंचायत के ग्राम छपरदागा में करमबोहवा बांध के पास महुआ पेड़ के नीचे मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का किया गया। ग्राम सभा में 1970 के दशक में बने घाघर नाला बांध का निर्माण तत्कालीन मुखिया श्याम बिहारी सिंह के प्रयास से हुआ था, जिसकी जर्जर स्थिति का मामला उठाया गया। इस नाला का निरीक्षण मुखिया अनीता देवी ने किया। उक्त नाला का पानी करमबोहवा बांध में आता था, जिससे कृषकों को सिंचाई में सुविधा होती थी और इस नाला के पानी से समय पर खेती होती थी। पैदावार भी अच्छी होती थी, लेकिन वर्तमान में उक्त नाला एकदम जर्जर हो चुका है। ग्राम सभा में पंचायत सचिव राघवेंद्र सिंह, रोजगार सेवक आलोक तिवारी,पंचायत स्वयं सेवक प्रदीप मेहता, वार्ड सदस्य प्रभा देवी ,ग्रामीण गोखुल परहिया,शिवनाथ परहिया, रामवृक्ष परहिया, महेंद्र यादव, नागेंद्र यादव,अयोध्या यादव, नरेश उरांव,राहुल गुप्ता, सहदेव उरांव,विश्वनाथ यादव सहित काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

### शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में, 13 को निकलेगी कलश यात्रा



**केतार।** मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ भगवती मंदिर में आयोजित होने वाले शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। यह धार्मिक अनुष्ठान 13 फरवरी से शुरू होगा और 20 फरवरी को 11 गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह के साथ संपन्न होगा। मंदिर विकास समिति के सचिव हेमंत पाठक ने बताया कि मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। साथ ही, यज्ञ मंडप का निर्माण भी अंतिम चरण में है। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महायज्ञ के दौरान वृंदावन से आए कलाकार रासलीला प्रस्तुत करेंगे और विद्वान पंडितों द्वारा धार्मिक प्रवचन होंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के सदस्य पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।

### वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के निधन पर उपायुक्त ने जताया शोक

**गढ़वा।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के असामयिक निधन पर जिला प्रशासन और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उपायुक्त शेखर जमुआर ने उनके निधन पर संवेदना प्रकट की और कहा कि यह गढ़वा के पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि आशुतोष जी न केवल एक निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकार थे, बल्कि एक मिलनसार और संवेदनशील व्यक्ति भी थे। प्रशासन उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता है और उनके परिवार को इस कठिन समय में संबल देने की कामना करता है।

### पीएम श्री मध्य विद्यालय में वोकेशनल परीक्षा संपन्न

**केतार।** झारखंड अधिविध परिषद (JAC) द्वारा आयोजित मैट्रिक वोकेशनल परीक्षा में पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार केंद्र में 102 छात्र शामिल हुए, जबकि एक अनुपस्थित रहा। उप केंद्राधीक्षक देवेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हो रही है, जिसके लिए सीसीटीवी निगरानी और प्रशासनिक चौकसी बढ़ाई गई है।

### कदाचारमुक्त परीक्षा कराने की तैयारियां पूरी

**मझिआंव।** गढ़वा जिले में मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। परीक्षार्थियों के लिए जलपान और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

### परीक्षार्थियों को स्वागत कर प्रवेश कराया गया

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में जैक की 11वीं की परीक्षा का केंद्र बनाया गया है, जिसमें प्लस टू उच्च विद्यालय के परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। इन सभी परीक्षार्थियों का विद्यालय में तिलक लगाकर मुख्य द्वार पर स्वागत किया गया। मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया किया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने सभी बच्चों को परीक्षा की शुभकामनाएं दी।

### शिक्षा से पूरी दुनियां को हासिल किया जा सकता:असगर इमाम

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर कर्बला के मैदान में अंजुमन कमेटी के तत्वावधान में उर्से जब्बारिया व जश्ने दस्तार हुफ्फाज कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जामिया इस्लामिया जब्बारिया मदरसा में पढ़ने वाले 10 छात्रों ने कुराआन ए पाक का हिफ्फज हासिल किए। कार्यक्रम का शुभारंभ कुराआन ए पाक की तिलावत कर किया गया। कार्यक्रम में हजरत असगर इमाम साहब,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी,कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाहक अंसारी,मुफ्ति शमसाद आलम,मुफ्ती रुहुल अमीन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सदारत अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान ने किया। इस अवसर पर हजरत असगर इमाम साहब ने कहा नबी ने फरमाया हैं कि आधी रोटी खालो लेकिन अपने बच्चों को इल्म (शिक्षा) जरूर सिखाओं। शिक्षा से पूरी दुनिया को हासिल किया जा सकता हैं और हिंसा को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में जलसे में उपस्थित लोगों ने देश की तरक्की व अमन चैन के लिए दुआए मांगी। कार्यक्रम में सदर तौहिद खान,सरपरस्त शमीम खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, महमूद आलम,मौलाना एजाज अंजुम,मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना पैगाम राजा,तस्लीम खान,डॉ. कुतबुद्दीन अंसारी,अख़्तर खान,फुलटून खान ,खुर्शिद खान,अजमेरुल्लाह खान,सलाहू खन,जाहिर खान,मनउवर खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नकीबे हिंदुस्तान मौलाना एजाज अंजुम ने किया।

## इंटर-मैट्रिक की परीक्षा को लेकर एसडीएम ने केंद्रों का किया निरिक्षण

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड में संत जोसेफ पल्स टू विद्यालय, संत तेरेसा पल्स टू विद्यालय व प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय को इंटर व मैट्रिक बोर्ड परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्रों में पीने की पानी की व्यवास्था, सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। वही संत जोसेफ पल्स टू विद्यालय,संत तेरेसा पल्स टू और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में इंटर और मैट्रिक की परीक्षा के लिए 10 कक्षाओं में सेंटर बनाये गए है। परीक्षा की तैयारी को लेकर एसडीओ विपिन कुमार दुबे मंगलवार को तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे ,पीने का पानी व्यवस्था दुरुस्त करने, कक्षा में उचित प्रकाश की जांच करते हुए परीक्षा केंद्र प्रबंधक को कई दिशा निर्देश दी। बताया कि परीक्षा सफल संचालन के लिए उड़न दस्ता सह गश्ती दंडाधिकारी नियुक्त किया जाएगा और परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है।

### इंटर की परीक्षा शुरू



**बारियातू।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में मंगलवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित इंटर की एग्रीकल्चर (कृषि) विषय में 60 में 60 ऑटोमोटिव विषय की परीक्षा में 39 में 39 परीक्षार्थी शामिल हुए। दोनों विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा में केन्द्राधीक्षक अनिल कुमार कुजूर, दंडाधिकारी सत्येंद्र उरांव, वीक्षक अजय बैठा, गौतम कुमार पांडेय, द्वारिका राम, उपेंद्र कुमार, रामाधार प्रसाद गुप्ता, सुशीला कुजूर, रामविनय कुमार राम, विजय कुमार अहम भूमिका निभा रहे थे। वहीं सुरक्षा कर्मी भी मुस्तैद दिखे।

### चंदवा में शांतिपूर्ण हुई मैट्रिक व इंटर की परीक्षा

**चंदवा।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। पहले दिन केंद्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में संपन्न हुई मैट्रिक परीक्षा में प्लस टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा, वहीं द्वितीय पाली में हुई इंटर की परीक्षा में सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि प्रखंड में इस बार मैट्रिक परीक्षा के लिए पांच केंद्र और इंटर की परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाये गये है। मैट्रिक में 1693 परीक्षार्थी और इंटर में 1107 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की गई है।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस के तहत कार्यशाला का आयोजन

# सोशल मीडिया, मोबाइल फोन और इंटरनेट का उपयोग सतर्क रहकर सुरक्षित तरीके से करे : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में 'टूगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट थीम' के तहत सुरक्षित इंटरनेट दिवस को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदराना उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है। खासकर बच्चों और युवाओं के बीच। इंटरनेट एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ी है। इसलिए इस दिवस के जरिए लोगों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूक और सुरक्षित करने का



प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी जानते है इंटरनेट और सोशल मीडिया ने हमारे जीवन में अहम भूमिका बनाई है। इसका सकारात्मक कम और नकारात्मक ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है। सोशल मीडिया और इंटरनेट का बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव हो सकता है। ऐसे में आवश्यक है कम समय के लिए सोशल मीडिया या इंटरनेट का उपयोग सकारात्मक कार्य के लिए किया जाए।

उन्होंने बैंक से संबंधित कॉल या संदेश में जब भी रिवॉर्ड पॉइंट, केवाईसी, लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सीवीवी या ओटीपी की मांग की जाए, तो कोई भी गोपनीय जानकारी साझा न करने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी आईडी से सावधान रहने की सलाह दिए। उन्होंने साइबर फ्रॉड के मामले में तत्काल सहायता के लिए 1930 पर कॉल करने का सुझाव दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद लोगों को इंटरनेट के बारे में जागरूक करना है। लगातार इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग से साइबर अपराधी भी भोली भाली जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। ऐसे में हम सभी को इंटरनेट का प्रयोग करते समय बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, एनआईसी के इंजीनियर, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी व स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आठ महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आठ महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। महिलाओं का बंध्याकरण चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में प्रत्येक मंगलवार को बंध्याकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। बंध्याकरण करने को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश सहिया दीदी, सहिया साथी, एएनएम जीएनएम को दिया गया।

### उपायुक्त से अवैध जमाबंदी रद्द करने की मांग

**टंडवा (चतरा)।** अंचल क्षेत्र में अवैध तरीके से भूमि जमाबंदी कराने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को कसियाडीह के दर्जनों ग्रामीणों ने उपायुक्त समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन सौंपकर त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया है। दिए गए आवेदन में गैर मजरुआ भूमि के खाता संख्या 50 प्लौट संख्या 247 रकबा 36 डिसमिल भूमि का अवैध जमाबंदी महादेव महतो पिता खुशी महतो द्वारा कराये जाने का आरोप लगाते हुए समुचित जांच व कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें कि अंचल क्षेत्र में फर्जी तरीके से अवैध जमाबंदी कराये जाने के कई मामले सामने आने लगे हैं। स्मरण हो कि फर्जीवाड़ा में संलिप्त आधा दर्जन राजस्व कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई हुई थी। बावजूद ऐसे मामलों पर पूर्ण विराम नहीं लग पा रहा है। सवाल उठता है वैसे गरीब-गुरबों की जमीनों का क्या होगा जो सरकारी बाबुओं या न्यायालय की दहलीज तक पहुंच नहीं है, जबकि माफियाओं ने उनकी जमीन अपने नाम करा लिये हैं। दिये गये आवेदन में मनोज, सुनील, हुसानी, बेनी, रंजीत, अशेश्वर, उमेश, दिनेश , कामेश्वर समेत अन्य के हस्ताक्षर मौजूद है।

### बच्चों ने समस्याओं से मुखिया को कराया अवगत

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिग्घी में मंगलवार को जीपीडीपी(ग्राम पंचायत विकास योजना)के तहत बालसभा का आयोजन किया गया। बालसभा में कदगांवाकला पंचायत मुखिया अशोक कुमार भुइयां,पंचायत सचिव, विद्यालय के शिक्षक व छात्र शामिल हुए। बालसभा के माध्यम से पंचायत सचिव विश्वजीत कुमार ने बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बच्चों ने विद्यालय में पानी की समस्या से मुखिया व संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराया। मुखिया ने बच्चों की मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बच्चों के बीच खोखो,कबड्डी,पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर रोजगार सेवक अर्जुन राम,प्रधानाध्यापक कौशल किशोर, शिक्षक रामस्वरूप चन्द्रवंशी,पवन ठाकुर,प्रीति कुमारी,रमाकांत पांडेय उपस्थित थे।

### नवादा में बनाई जाएगी पांच कालिकारण सड़क

**कुंदा (चतरा)।** नवादा के मुखिया भरत यादव के पहल पर पंचायत में कालीकारण सड़कों का जाल बिछेगा। ग्रामीण विकास विभाग ने सड़क निर्माण के लिए सर्वे का काम पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत गांवों में सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य के तहत नवादा से दारी होते सजनी गांव तक 5 किलोमीटर, सिंदरी खुटवाली से उलवार होते पचम्बा तक 4 किलोमीटर, सिंदरी बाचकुम से हारूल तक 5 किलोमीटर, कोडहास से लालीमाटी तक 3 किलोमीटर, बनियाडीह से आनीयोंरी लोटा तक 1 किलोमीटर एवं डाडु से आदिवासी टोला तक 1 किलोमीटर तक कालीकरण सड़क निर्माण कार्य कराई जाएगी। वहीं मुखिया भरत यादव ने कहा है कि जल्द ही उक्त सभी सड़कों का निर्माण शुरू किया जायेगा, जिससे पंचायतवासियों को आवागमन में जर्जर सड़कों से छुटकारा मिलेगा।

### 12 साल के बच्चों का सुवर्ण प्राशन का दूसरा खुराक दिया गया



**लातेहार।** धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को दो साल उम्र से 12 वर्ष उम्र तक के छात्र व छात्राओं को सुवर्ण प्राशन का द्वितीय खुराक दिया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी कहा कि पुष्य योग नक्षत्र में बच्चों को सुवर्ण प्राशन का दूसरा खुराक दिया गया। उन्होंने बताया कि सुवर्ण प्राशन देने से बच्चों की रोध प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। सभी प्रकार की एलर्जी से मुक्ति मिलती है। मौके पर अधिवक्ता रितु रानी ने कहा कि इससे बच्चे बलशाली बनते हैं। बच्चों में बल, बुद्धि, यादाश्त, पाचन शक्ति का विकास होता है। इससे पहले प्रधानाचार्य के अलावा अधिवक्ता रीतू रानी, प्रभारी प्रधानाचार्य, गीता कुमारी सह प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख द्वारा श्री धन्वंतरी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

### ट्रेन का गेट नहीं खुलने पर टोरी जंक्शन पर यात्रियों ने किया हंगामा

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी जंक्शन पर सोमवार की देर शाम यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। हटिया से आनंद विहार जा रही स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में कुंभ स्नान को लेकर अप्रत्याशित भीड़ रहने व ट्रेन के बोगी का दरवाजा बंद रहने के कारण दर्जनों यात्री ट्रेन में नहीं चढ़ पाए और ट्रेन अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान कर गई। ट्रेन छूट जाने के बाद यात्रियों ने प्लेटफार्म पर हंगामा करना शुरू कर दिया। हालांकि आरपीएफ टोरी द्वारा ट्रेन के कई बोगी के मुख्य द्वार को खुलवाकर यात्रियों को ट्रेन पर चढ़ाया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन में नही चढ़ पाए। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर रंजीत रंजन सहाय ने बताया कि ट्रेन में काफी भीड़ भाड़ की वजह से ट्रेन का गेट बंद था।

### अनियन्त्रित दो ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त चालक व उप चालक सुरक्षित

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझगावा चौक के समीप नाला इन दिनों मौत का अखाड़ा बन गया है। मंगलवार सुबह दो ट्रेलर अनियन्त्रित होकर नाला में दुर्घटना ग्रस्त हो गई। दुर्घटना में चालक व उप चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। इससे पहले रविवार देर रात प्लाई लदा ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त हो गया था, जिसमें उप चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। बता दें कि इटखोरी से जिहू मोड़ जो बरही व हजारीबाग नेशनल हाइवे को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। इस मार्ग से नित्य दिन सैकड़ों माल वाहनों के अलावा यात्री बस व बड़ी वाहनों का संचालन होता है। आए दिन वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण तीखा मोड़ होने के साथ नाला पर बना पुलिया बताया जा रहा है। मंझगावा मुखिया सह दिशा सदस्य मनजीत सिंह ने इस गंभीर समस्या को चतरा सांसद कालीचरण सिंह व विधायक कुमार उज्जवल दास के साथ जिला प्रशासन को स्वतः संज्ञान लेते हुए नाला पर ऊंचा पुलिया व सीधा सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि आए दिन हो रहे दुर्घटना पर रोक लगाया जा सके। मुखिया ने बताया कि इस नाला पर अभी तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है।

## उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, दिए निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। कर्यक्रम में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। वृद्धा पेंशन को लेकर मनिका प्रखंड के निवासी कईल मियां ने 4 महीने से पेंशन नहीं मिलने के कारण हो रही समस्या के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, रोजगार, पेंशन, संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथा शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया।

## आवारा कुत्तों का आतंक : 7 लोगों को काटकर किया घायल, कुत्तों से राहगीरों में खौफ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत गली के आवारा कुत्तों का आतंक का बदस्तूर जारी है। सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर सात लोगों को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया है। घायलों में देवंती देवी चेताग, मोहम्मद वाहिद बालूमाथ, अजहर खान बालूमाथ, रीटो देवी पकरी, सरताज बालूमाथ, विराट कुमार पिता बाबूलाल बैठा चेताग, बसीर देवी दोकर के नाम शामिल हैं। यह सभी बालूमाथ प्रखंड के रहने वाले हैं। जिनका बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। पीड़ितों ने बताया कि रास्ते में आते-जाते कुत्ते दौड़ जाते हैं और काट लेते हैं। कुछ दिनों पहले भी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कई लोगों को गली के आवारा कुत्ते काट कर घायल कर चुके हैं। राहगीरों को कुत्तों से खौफ हो गया है। अगर इन आवारा कुत्तों को कंट्रोल नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इस तरह की घटना अधिक देखी जाएगी।

## 366 साइकिल छात्र-छात्राओं के बीच वितरित

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़(लातेहार)।** प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महुआडांड़ परिसर में प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से आए कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच मंगलवार को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के चेहरे पर साइकिल मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। छात्रों का कहना था कि साइकिल



मिलने से अब हमे आने-जाने में ज्यादा समय बर्बाद नहीं होगा। पहले हमें विद्यालय तक पहुंचने के लिए समय से घंटों पहले घर से निकलना पड़ता था। छुट्टी के बाद भी घर पहुंचने में काफी देर हो जाती थी। इस कारण घर में पढ़ाई नहीं हो पाती थी। इस अतिरिक्त समय में वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे। मौके पर संत तेरेसा विद्यालय को 146,संत जोसेफ विद्यालय को 191, राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजडंडा को 15 और बाल निकेतन नेतरहाट को 14 साइकिल वितरण किया गया। शेष साइकिल भी जल्द ही छात्रों को उपलब्ध करा दी जाएगी। मौके पर बीआरसी खुर्शीद खान, सलमा खातून,विजय तिर्की, बंधु किसान, अमित कुमार समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुआल के मचान में लगी आग

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम राजडंडा निवासी जगवीर टोप्पो के पुआल के मचान में दोपहर को आग लग जाने से पूरा मचान जलकर खाक हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ संतोष बैठा अपने कर्मचारी के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर कर नुकसान की जांच कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।


## शपथ पत्र

मैं, पारस नाथ दुबे पिता श्री बालमिकी दुबे ग्राम+पो.-पूर्वडीहा, थाना-चैनपुर, जिला पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्व एकरार करता हूं कि मुरली मनोहर दुबे मेरा पुत्र है जिसका जन्म प्रमाण पत्र में यही नाम अंकित है। जबकि मेरा पुत्र का पूर्व से नाम मनोहर कुमार दुबे है परन्तु अब मेरा पुत्र मुरली मनोहर दुबे के नाम से जाना व पहचाना जायेगा तथा अब उसका नाम मुरली मनोहर दुबे है।

**शपथ पत्र संख्या : इङ्ग/603 दिनांक : 10/02/2025**

## मेकॉन लिमिटेड

(भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
मुख्यालय : डोरंडा, रांची - 834002
फोन : 0651-2483000
सीआईएन नं.: U74140JH1973GOI001199

### रोजगार अधिसूचना

मेकॉन लिमिटेड को नियमित वेतनमान में विभिन्न पदों के लिए अनुभवी मानव संसाधन पेशेवरों की आवश्यकता है (विज्ञापन संख्या 11.73.4.3/2025/Reg/01 दिनांक 08/01/2025)।

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के लिंक पर जाएं।

नोट : इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/ संशोधन हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के “careers” में अपलोड किया जाएगा।

**CBC 40110/12/0003/2425**

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
## जिला- लातेहार

विज्ञापन संख्या– 20/2024–25

**संविदा अधारित नियुक्ति**

लातेहार नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालय कार्य को ध्यान में रखते हुए लातेहार नगर पंचायत में संविदा के आधार पर कम्प्युटर ऑपरेटर (Computer Operator) के नियोजन हेतु निम्नवत् रूप से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | पदनाम | कुल पद | एकमुश्त मानदेय राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | कम्प्युटर ऑपरेटर (Computer Operator) | 01 (एक) | 12168/- (बारह हजार एक सौ अडसठ रूपये प्रतिमाह) |

संविदा शर्त्तों के आधार पर उपर्युक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन स्वयं तैयार करते हुये अपना बायोडाटा, जन्म प्रमाण–पत्र, कम्प्युटर दक्षता में एक वर्ष का शौक्षणीक प्रमाण पत्र, सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, सभी अंक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, आवासीय प्रमाण–पत्र, चरीत्र प्रमाण पत्र, नियोजनालय में निबंधन का प्रमाणक, दो पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ एवं Self Addressed Envelope with postage Stamp के साथ आवेदन दिनांक 05.03.2025 के 05:00 बजे तक नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय को निबंधित डांक द्वारा समर्पित कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर कार्यालय द्वारा विचार नही किया जायेगा।

**नियोजन/नियुक्ति से संबंधी अहर्त्ता एवं शर्त्त निम्नलिखित है :–**

1. संबंधित पद के लिये आवश्यकतानुसार प्राप्त आवेदन पत्रों को योग्यता एवं अनुभव के आधार पर Short Listing की जा सकती है। तदोपरांत योग्य आवेदक को साक्षात्कार एवं कम्प्युटर टाईपींग (न्यूनतम हिन्दी टाईपींग– 25 एवं अंग्रेजी –30 शब्द प्रति मिनट) हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
2. आमंत्रित आवेदकों का चयन गठित साक्षात्कार चयन समिति के द्वारा किया जायेगा।
3. यह संविदा आधारित नियोजन 11 माह के लिए की जायगी। भाविश्य में आवश्यकतानुसार दक्षता एवं कार्य क्षमता पर सेवा विस्तारित भी की जा सकती है। संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति के उपरान्त पूर्व से कार्यरत अनुबंध कर्मी की सेवा स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
4. संविदा/मानेदय के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे और सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी भी प्रकार के सुविधा के लिए हकदार नहीं होंगे। साथ ही संविदा/मानेदय के आधार पर नियोजन के बाद सरकारी सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
6. नियोजन के पूर्व नियमानुसार आवेदक को अपना अद्यतन स्वास्थ प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराना होगा जो सक्षम स्तर से निर्गत हो। यदि समय की समाप्ति के पूर्व उसका विस्तार नहीं किया जाता है तो ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
8. इस प्रकार के नियोजन संविदा अवधि समाप्ति के पूर्व उभय पक्षों द्वारा सूचना देकर ही एक माह की संविदा राशि एकमुश्त भुगतान कर समाप्त की जा सकती है। इसके लिए उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. संबंधित पद के लिये 40 वर्श तक की आयु वाले आवेदक ही आवेदन समर्पित कर सकेगें। संबंधित पद के लिये पूर्व में किये गये कार्य वाले आवेदक को अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जा सकती है।
10. संबंधित पद के लिये संविदा आधारित नियुक्ति में स्थानीय आवेदक को प्राथमीकता दी जायेगी।
11. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ **1000.00 (एक हजार) रू0** का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो **कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार** के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. बिना कारण बताये नियोजन की स्वीकृति/रद्ध करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।जिन्हे कही चुनौती नही दी जायेगी।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 346256 (Urban Development)24-25*D


### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वार्षिकोत्सव पर भगवती जागरण

# सजा दो घर को गुलशन सा मेरे राम आये हैं...

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम सोमवार की रात भगवती जागरण के साथ संपन्न हो गया। जागरण का उदघाटन श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने माता का ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। जागरण का प्रारंभ समिति के कोषाध्यक्ष आशीष टैगोर ने तूने मुझे बुलाया शेरावाली भजन से किया। इसके बाद नव दुर्गा जागरण मंडली रांची के कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भजन सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वीटी राज ने गणेश वंदना कर अपने गायन का प्रारंभ किया। उन्होने बांगड़ भोला व पप्पू पास हो गया समेत कई भजन गा कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्वीटी राज ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे राम आये हैं... भजन गा कर खुब वाह



वाही लूटी। जबकि कोमल छाया ने मैया का चोला है रंग लाल... लाल लाल चुनरी है गोटेवाली समेत कई भजन गा कर लोगों को भावविह्ल कर दिया। जागरण के भजन गायक ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, आशीष टैगोर, राजू रंजन सिंह, रंजीत कुमार, रविंद्र प्रजापति, उज्जवल साहू, आकाश कुमार टोनू, सुनील कुमार व परितोष ठाकुर आदि मौजूद थे। 31 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर तन मन व धन से सहयोग करने के लिए श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति ने नगर वासियों का आभार प्रकट किया है। समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सामुहिक सहयोग के बिना कोई कार्य पूरा नहीं होता है। उन्होने समिति के अन्य सदस्य व कार्यकर्ताओं को भी इस सफल आयोजन पर साधुवाद दिया।

### ई-केवाईसी कराने का निर्देश

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता मे बारियातू प्रखंड क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बीडीओ ने सभी मद का खाद्यान्न लाभुकों को ससमय वितरण करने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार लाभुकों को परेशानी नहीं हो। साथ ही सभी राशन विक्रेता डीलरों को फरवरी माह तक राशन कार्डधारियों को शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया गया। कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। मौके पर एमओ आशीष रंजन, डीलर सुरेंद्र प्रसाद, गौतम सिंह, नरसिंह सिंह, देवननंदन प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद सिंह, रामपदारथ सिंह, सागर सिंह सहित अन्य डीलर मौजूद थे।

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला हुई आयोजित, उपायुक्त ने कहा-

# अपनी निजी जानकारियों को सोशल मीडिया पर नहीं करें साझा

**लोहरदगा।** नेशनल इनफॉरमेटिक्स सेंटर (एनआईसी), लोहरदगा की ओर से आज सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2025 के अवसर पर टुगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट डे विषय पर नगर भवन, लोहरदगा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान युग में हम सभी इंटरनेट पर अधिकतर कार्यों के लिए निर्भर हो चुके हैं। सोशल मीडिया, ऑनलाईन बैंकिंग, ऑनलाईन पेमेंट या कई ऐसे कार्य हैं जो इंटरनेट के बिना संभव नहीं है। आज 99 प्रतिशत युवा सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। साइबर सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि कोई भी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा ना की जाए।

**अगर साइबर क्राईम हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें : पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ने कहा कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर क्राईम हो जाता है तो पुलिस का तुरंत इसकी सूचना दें। डायल 1930 का विकल्प आपके पास है। नजदीकी थाने या साइबर थाने में संपर्क कर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आज इंटरनेट का उपयोग बहुत आम हो गया है। कोई भी इससे अछूता नहीं है लेकिन जरूरत है अपना विवेक इस्तेमाल करने और अपना अकाउंट सुरक्षित रखने की। आपके साथ फोन पर कॉल के माध्यम से, व्हाट्सअप कॉल के माध्यम से, मैसेज में लिंक के माध्यम से आपको फंसाने की कोशिश की जाती है। इससे आप सावधान रहें। कभी भी किसी के द्वारा कोई भी बैंक खाता संबंधी, एटीएम कार्ड संबंधी, आधार कार्ड संबंधी आदि की सूचना फोन पर मांगे जाने पर उसे ना दें। यह साइबर फ्रॉड हो सकता है। व्हाट्सअप ग्रुप में कोई भी लिंक पर क्लिक नहीं करें। कोई नया एप किसी लिंक के माध्यम से डाउनलोड व इंस्टॉल नहीं करें।

**जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें : उप विकास आयुक्त**

उप विकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि युवा आज आयोजित कार्यशाला से स्वयं भी जागरूक हों और अन्य को भी जागरूक करें। आज आए दिन साइबर फ्रॉड की घटनाएं हो रही हैं। आप अपने घर में बैठे घर के सदस्यों व बच्चों को भी साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दें ताकि आप सुरक्षित रहें। किसी भी ओटीपी नहीं दें। ऑनलाईन पेमेंट, फोन कॉल, व्हाट्सअप कॉल से सतर्क रहें। अपने एटीएम कार्ड का डिटेल कहीं भी शेयर नहीं करें।

**कार्यशाला में दी गई तकनीकी जानकारी**

कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कई अहम जानकारियां पीपीटी के माध्यम से कार्यशाला में शामिल हुए लोगों के साथ साझा कीं। उन्होंने अपना ई-मेल अकाउंट, व्हाट्अप अकाउंट और सोशल मीडिया अकांउट किसी तरह से सुरक्षित रखा जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि जब भी कभी कोई भी वेबसाईट सर्च करें तो सही वेबसाईट का ही चुनाव करें। जो अधिकृत वेबसाईट्स नहीं हैं उस पर क्लिक करते ही उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां इंटरनेट पर साझा हो जाती हैं। अपने सभी अकाउंट को दो स्तर पर ऑथेंटिकेट करें ताकि पासवर्ड/सिस्टम/मोबाईल को हैक नहीं किया ज सके। अपने डेस्कटॉप/लैपटॉप को हमेशा अपडेट रखें और इंटीवायरस का इस्तेमाल करें। पेन ड्राईव के माध्यम से कोई डेटा अपने कंप्यूटर सिस्टम में डालने पर उसे स्कैन अवश्य कर लें। कोई भी एप अनजान वेबसाईट से डाउनलोड कर इंस्टॉल नहीं करें। किसी भी अकाउंट का पासवर्ड मजबूत बनायें जो कम से कम आठ अंक हो। पासवर्ड में अल्फाबेट, अंक और स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल करें। मोबाईल में कोई भी एप्लीकेशन प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से डाउनलोड करें।

**कार्यशाला में ये रहे मौजूद**

कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वारा कॉमन साइबर थ्रेट, विशिंग, स्मिशिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट, लॉटरी स्कैम, फाइनेंसियल फ्रॉड, मालवेयर/रैंसमवेयर, साइबर हाइजीन समेत अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। पुलिस विभाग के तकनीकी सेल के विशेषज्ञ नीरज मिश्रा द्वारा साइबर क्राईम से बचने, पुलिस द्वारा दी जाने वाली सहायता,एटीएम कार्ड क्लोनिंग आदि की जानकारी दी।



**इंटरनेट की स्पीड बढ़ी, डेटा लीक होने का भी खतरा भी बढ़ा**

आज इंटरनेट की स्पीड एमबीपीएस प्रति सेकेंड की स्पीड से मिल रही है। कुछ वर्षों पहले हमें काफी धीमा इंटरनेट मिलता था लेकिन डेटा लीक होने का खतरा कम या नहीं के बराबर था। आज स्पीड इंटरनेट में कोई भी डेटा कहीं भी तुरंत ट्रांसफर किया जा सकता है। आज डेटा लीक होने का खतरा बढ़ा है। मोबाईल एक पावरफुल गैजेट बन गया है। आज चुटकी बजाते ही दुनिया के किसी कोने में बैठे व्यक्ति से संवाद स्थापित कर सकते हैं।

**अपनी जिम्मेवारी निभाएं युवा***

आज युवा अधिकतर समय मोबाईल पर व्यतीत कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर हमेशा उपलब्ध हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि अपना सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रखा जाय। युवा अपनी जिम्मेवारी निभाते हुए अपना डेटा सुरक्षित रखें। अपने घर के सदस्यों से जुड़ी कोई भी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा नहीं करें। आज एआई (अक) जैसे एप से लोग किसी की फोटो अन्य किसी वीडियो में इस्तेमाल कर उसे ठगी का शिकार बना रहे हैं। आवाज को क्लोन किया जा रहा है। बेहतर है कि बिना किसी जरूरत के अपना कोई फोटो या वीडियो किसी सोशल मीडिया पर साझा करने के बजाय इंटरनेट का इस्तेमाल किसी बेहतरी के लिए किया जाए। अपना बिजनेट इंटरनेट के माध्यम से बढ़ा सकते हैं।

## भव्य रूप से मनाई जाएगी अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिले के मैना बगीचा लोहरदगा में लरका आंदोलन के प्राणेता अमर शहीद बीर बुधु भगत जयंती के अवसर पर 17 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले जयंती समारोह जतरा सह विकास मेला को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को कैरो प्रखण्ड के गितिलगढ़ गांव में आदिवासी समाज के लोगों की एक बैठक समाजिक कार्यकर्ता शंकर उरांव की अध्यक्षता में हुई।

मौके पर शंकर उरांव ने कहा कि अमर शहीद बीर बुधु भगत के त्याग, बलिदान को हम कभी भुला नही सकते हैं। आज हमें अपनी सभ्यता संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को सजग और जागरूक करने की जरूरत है। समारोह में मंत्री,सांसद, विधायक, जिला प्रशासन,पुलिस पदाधिकारी, पहान पुजार समाज के अगुआ, एवं भारी संख्या मे खोड़हा दल नृत्य मण्डली भी शामिल होंगे । जयन्ती समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित विकास मेला में सरकार के विभिन्न विभागों स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी लगाया जाएगा। आने वाले खोड़हा दल को प्रतीक चिन्ह आयोजन समिती के द्वारा दिया जाएगा। समाज के लोगो ने सभी से अपील किया है की अमर बीर शहीद को याद करें और उनके बतलाये मार्ग पर चलकर समाज, क्षेत्र, राज्य और देश को सशक्त बनाये। मौके पर लछु उरांव, राममोहन उरांव, विश्वा उरांव, रौशन उरांव, फूलकुमार उरांव, धीरज उरांव, अमित उरांव, नागेंद्र भगत आदि उपस्थित थे।



## विधिक जागरूकता सह लीगल लिटरेसी क्लास आयोजित



**भंडरा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय भंडरा के एलडीसी एस इंद्राणी कुजूर एवं पीएलवी सीमा कुमारी विधिक जागरूकता सह लीगल लिटरेसी क्लास के तहत पोक्सो एक्ट डालसा से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया. इस दौरान चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 चाइल्ड मैरिज एक्ट 2012,सड़क दुर्घटना, मुआवजा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15 100 महिला से संबंधित कानून के बारे में भी सम्पूर्ण जानकारी दी।

## वन प्रबंध समिति ने ग्रामीणों की पहल से जंगल में बीज गेंद लगाया



**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अन्तर्गत पारही ग्राम में वन प्रबंधक समिति व ग्रामीणों के पहल से बीज गेंद लगाया गया.साथ ही बरसात के समय मे जो बीज गेंद गया था। जिस में पौधा निकला हुआ है.उस पौधे मे पानी से सिंचाई कर पौधों का देख भाल करने और जंगल में पेड़ पौधे को बढ़ाने और सुरक्षा करने के लिये ग्रामीणों से पहल किया गया है.साथ ही वन प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोहित उरांव के साथ ग्रामीणों द्वारा जंगल का सुरक्षा करने का संकल्प किया गया.तथा पेड़ पौधों का कटाई नही करने का निर्णय लिया गया.वही वन प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रोहिता उरांव ने कहा कि पेड़ पौधे नही होने के कारण तरह तरह का बीमारी हो रहा है.जिसे पेड़ पौधों का अंधाधुंध कटाई से मनुष्य व पशु पक्षियों को काफी परेशानी हो रही है.साथ ही बरसात में बीज गेंद लगाने की बात कही गई.और शादी विवाह और पर्व त्यौहार के मौके पर सभी को फलदार व छायादार पेड़ पौधा लगाने का निर्णय लिया गया.मौके पर वन प्रबंध समिति के सदस्य समई भगत,सुसुमति उरांव,लखी उरांव,सावित्री उरांव, अनीता उरांव,रामरती उरांव के अलावे सैकडों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## नामांकन के लिए आवेदन की तिथि 20 फरवरी तक बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के पत्र के आलोक में लोहरदगा जिला में संचालित तीनों मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालयों नामांकन के लिए आवेदन की तिथि 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी गयी है। लोहरदगा जिला में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिन्दू विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा लोहरदगा और कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा में यह नामांकन होना है। सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए सीबीएसई बोर्ड के अनुसार पाठ्यक्रम, गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित होते है। उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आधुनिक प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय भी है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन के लिए आवेदन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है। ऑफलाइन नामांकन फॉर्म स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है जबकि ऑनलाइन आवेदन ई-विद्यावाहिनी पोर्टल/एप के माध्यम से किया जा सकता है।

**किस विद्यालय में कितनी सीट**

कस्तूरबा सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, लोहरदगा

क्लास 6 : 40
क्लास 7 : 17
क्लास 8 : 06
क्लास 9 : 86
क्लास 11 : 124

**जिला सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा**

क्लास -6 : 40
क्लास-7 : 05
क्लास-9 : 81
क्लास- 11: 250

## अवकाश तालिका में संशोधन को लेकर डीईओ से मिले शिक्षक

**लोहरदगा।** अवकाश तालिका में संशोधन को लेकर शिक्षकों का शिष्टमंडल डीईओ नीलम आइलीन टोप्पो से मुलाकात किया। कहा कि अवकाश तालिका 2025 में 5 छुट्टी के संशोधन का अधिकार जिला अधिकारी को देय है । इसी क्रम में शिष्टमंडल जिसमें मुमताज अहमद, इनामुल हक ,आरिफ अंसारी, तौहीद आलम, तौफीक अहमद आदि ने शबेबारात को लेकर अनुरोध किया। इस पर डीईओ के द्वारा मैट्रिक इंटर एग्जाम के समाप्ति के पश्चात बैठक कर अमलीजामा पहनाने की बात कही। शिष्टमंडल में शैलेंद्र सुमन भी मौजूद थे।

## बाइक लूना की सीधी टक्कर में एक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कंडरा मोड़ के समीप कोराम्बे पथ पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। वही दुर्घटना दौरान मोटरसाइकिल एवं लूना के आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना होते ही मौके पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गये और तत्काल सेन्हा थाना पुलिस को सड़क दुर्घटना की सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही सेन्हा पुलिस मौके पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार में जुट गये। वही इलाज के दौरान चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति कि मौत अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे हो गई.जबकि दूसरे घायल का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है.घायल का पहचान पूसो थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलकुपी महुआ टोली निवासी एतवा उराँव का 25 वर्षीय पुत्र प्रवीण उराँव के रूप में किया गया.जबकि मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के निमुच जिला अंतर्गत मोरवन ग्राम निवासी नातू बंजारा का 48 वर्षीय पुत्र बंसी बंजारा के रूप में किया गया।

## वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत 22 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा परिसर में 22 फरवरी को वैवाहिक विवाद और चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस क्रम में आयोजन को सफल बनाने के लिए 11 फरवरी दिन बुधवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा श्री राज कमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान सीजेएम श्री केके मिश्रा, डालसा सचिव श्री राजेश कुमार सहित एनआई एक्ट व वैवाहिक विवाद से संबंधित अधिवक्ता उपस्थित थे। वहीं बताया गया कि इस संबंध में न्यायालय में लगभग 600 मामले लंबित हैं जिसमें 20 % निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है । वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर कई दिशा निर्देश दिए।

साथ ही अधिवक्ताओं से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन कराने की बात कही। वहीं डालसा सचिव ने लोगों से विशेष लोक अदालत में अपने वादों को सूचीबद्ध कराकर निःशुल्क, सुलभ और शीघ्र न्याय प्राप्त करने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की। मौके पर अधिवक्ता डा प्रमोद कुमार पुजारी, राकेश अखौरी, कुमार चंद्रशेखर, पंकज कुमार अग्रवाल, बीकेएन तिवारी, मुनींद्र प्रसाद, अजीत कुमार सिंह, शशांक कुमार, सचिन कुमार, अंकित रॉय उपस्थित थे।



पुण्यतिथि पर याद किये गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय

## भाजपाइयों ने जनसंघी नेता की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्य तिथि के अवसर पर मंगलवार को जिले के भाजपाइयों ने जिला पार्टी कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विशेष रूप से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशन दास ,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर भाजपायों ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय का निधन 11 फरवरी 1968 को हुई थी। ऐसा माना जाता है कि उनका राजनीतिक विद्वेष के कारण हत्या कराई गई थी रेलवे यात्रा के दौरान मुगलसराय स्टेशन पर उनका शव मिला था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दूरदर्शी विचारक थे जिन्होंने खुद को भारत की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का उनका दर्शन, मानव एकात्मवाद मजबूत राष्ट्र की ओर हमारी यात्रा को प्रेरित करता है। इनका विचार समावेशी और जन समुदाय को सशक्त बनाने का था।उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए जिसमे सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। उनका विचार स्वदेशी को अपनाने व विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने का था। भाजपाइयों ने कहा कि हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



## फोर लेन सड़क निर्माण में अधिग्रहित भूमि के मुआवजे को लेकर ग्रामसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू से उदयपुरा फोर लेन सड़क निर्माण में अधिगृहित भुमि के खाता संख्या 324 प्लॉट 2035 के मुआवजा प्राप्त करने हेतु कुडू निवासी निकी देवी पति स्व भरत साहु द्वारा प्राप्त आवेदन एवं भु-अर्जन पदाधिकारी लोहरदगा के पत्रांक 39 के आलोक में उपरोक्त खाता प्लॉट के रैयतों के रैयतों के साथ मंगलवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में अंचलाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखण्ड प्रमुख, मुखिया के अलावा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित हुए। ग्राम सभा के दौरान दोनों पक्ष की बातें सुनने और उनके द्वारा दसतावेज पुर्ण रूप से जमा नही किये जाने के कारण ग्राम सभा किसी नतीजे पर नही पहुंची। अंचलाधिकारी श्रीमती मिश्रा ने बताया कि ग्राम सभा मे रैयतों द्वारा दी गयी सभी जानकारी एवं एक पक्ष द्वारा दस्तावेज समर्पित करने हेतु समय मांगे जाने आदि अन्य जानकारियां भु - अर्जन कार्यालय को भेजी जा रही है। वहां से प्राप्त निर्देश के बाद ही आगे की प्रक्रिया पुर्ण की जाएगी। बैठक में राजस्व निरीक्षक सोहन सिंह, राजस्व उप निरीक्षक विकास सोनी, भु अर्जन कार्यालय के महावीर कुमार, दिलीप कुमार के अलावा स्थानीय मोइन अंसारी, गंगा प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, दीपक प्रसाद, अजय प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, सुदामा प्रसाद, गुड्डु लाल, प्रमोद साहु, विजव साव, शशि साहु, किरण साहु, शुभम साहु, सीताराम प्रसाद, किरण साहु आदि मौजूद थे।



## कुडू में 4 केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा शुरू

**कुडू-लोहरदगा ।** झारखण्ड बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा गुरूवार 11 फरवरी से शुरू हुई। कुडू प्रखंड में बनाये गये कुल चार परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पहला पेपर (व्यावसायिक) वोकेशनल का हुआ। परीक्षा के पहले दिन छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी परीक्षा केंद्र के बाहर नजर आये। परीक्षा के लिये प्रश्न-उत्तर पुस्तिका परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराई गयी। आज की परीक्षा में महात्मा गांधी +2 उच्चय विधालय माराडीह में सभी 41 बच्चों ने परीक्षा दी, कन्या मध्य विधालय टाकू में 102 में से 101 बच्चे उपस्थित, एक अनुपस्थित रहे। प्रोजेक्ट बालिका+2 उच्च विधालय कुडू में 87 में से सभी 87 बच्चों ने परीक्षा दी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
जिला अनाबद्ध निधि योजना मद, दिनांक–10.02.2025
अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/22/2024-25_RE(2nd Call)

1. विज्ञापनदाता का नामः कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –13.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–13.02.2025 से दिनांक–21.02.2025 को 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–24.02.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समूह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पुनदाग स्कूल से देवीधाम मंदिर होते हुए नवकाअहरा बवाने मेन रोड तक पथ निर्माण। | रमकण्डा | उदयपुर | पुनदाग | 46,51,000.00 | 5000 | 93,100 | 06 माह | 4 |
| 2 | ग्राम कुटी में चन्द्रिका राम के घर से सोमाराम भुईयां के घर तक पथ निर्माण। | रमकण्डा | हरहे | कुटी | 54,94,900.00 | 10000 | 1,10,000 | 06 माह | 5 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02,गढ़वा।
PR 346266 Rural Development(24-25)D



कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

इच्छा की अभिव्यक्ति

नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत अवस्थित कारगील पार्क एवं अनुमंडल कार्यालय परिसर में अवस्थित सिटी पार्क के रख–रखाव एवं संचालन करने हेतु स्थानीय /व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्वयं सहायता समूह से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक स्थानीय/व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन/प्रस्ताव दिनांक 24.02.2025 को अपराहन् 12.30 बजे तक नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में श्रीमति जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक नगर पंचायत लातेहार के पास जमा कर सकते है। कारगील पार्क एवं सिटी पार्क के रख–रखाव एवं संचालन हेतु तैयार किये गये विवरणी निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | स्थान का विवरण | वर्षिक न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत थाना चौक के पास अवस्थित कारगील पार्क | 14100.00 | 500.00 |
| 2 | अनुमंडल कार्यालय लातेहार परिसर में अवस्थित सिटी पार्क | 6000.00 | 500.00 |

नियम एवं शर्तें :–
1. पानी तथा बिजली का विपत्र एजेंसी/आवेदक के द्वारा वहन किया जाएगा।
2. समुचित रख–रखाव एवं साफ–सफाई की जिम्मेवारी संबंधित एजेंसी/आवेदक की होगी।
3. एजेंसी/आवेदक द्वारा कारगील पार्क में अवस्थित सामुदायिक भवन का उपयोग कैंटीन के रूप में किया जा सकता है।
4. कारगील पार्क एवं सिटी पार्क में घुमने वाले से प्रति व्यक्ति 12.00 (बारह) रू0 की दर से वसूली की जायेगी।
5. उपरोक्त कार्य हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से दिनांक 21.02.2025 से दिनांक 22.02.2025 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
6. कारगील पार्क एवं सिटी पार्क को एक वर्ष (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए आवंटित किया जायेगा।
7. उक्त क्रमांक– 2 के लिए बिना राशि के भी इच्छा की अभिव्यक्ति की जा सकती हैं।
8. उपरोक्त इच्छा की अभिव्यक्ति को किसी भी समय/किसी भी विवाद की स्थिति में रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा, जिन्हे कही भी चुनौती नही दी जायेगी। उपरोक्त से संबंधित किसी भी प्रकार के न्यायालय वाद लातेहार न्यायालय में ही मान्य होगा।
9. विशेष जानकारी कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार से प्राप्त किया जा सकता है।
10. उपरोक्त पार्क से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत, लातेहार के **कार्यालय में कार्य दिवस अवधी** में प्राप्त किया जा सकता है। बिना कारण बताये उपरोक्त इच्छा की अभियुक्ति को रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा, जिन्हे कही भी चुनौती नही दी जायेगी।
11. उपरोक्त इच्छा की अभियुक्ति में किसी भी तरह की त्रुटी पाये जाने पर सुधार करने का अधीकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा, जिन्हें कही भी चुनौती नही दी जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार
PR 346254 Urban Development(24-25).D

# मैट्रिक और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्साह से शामिल हुए परीक्षार्थी

## गुमला के सिसई प्रखंड क्षेत्र के नौ केंद्रों पर हुई परीक्षा



### गुमला में जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से हुई

**गुमला।** झारखंड अकादमिक परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा का पहला दिन गुमला जिले में शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुआ। जिले के 55 केंद्रों पर मैट्रिक और 32 केंद्रों पर इंटर परीक्षा आयोजित की गई, जहां प्रशासन ने कड़ी निगरानी बनाए रखी। मैट्रिक परीक्षा में कुल 610 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि 12 अनुपस्थित रहे। वहीं, इंटर परीक्षा में 983 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 871 आर्ट्स, 23 कॉमर्स और 89 साइंस के छात्र शामिल थे। आर्ट्स में 10 छात्र, कॉमर्स में 2 छात्र अनुपस्थित रहे, जबकि साइंस में सभी छात्र उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन और जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सख्ती बरती, जिससे परीक्षा पूरी तरह अनुशासित और नकलमुक्त वातावरण में संपन्न हुई।

**सिसई (गुमला)** । झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा गुमला जिले के बारह प्रखंडों में ग्यारह फरवरी से कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। जो तीन मार्च को समाप्त होगी। सिसई प्रखण्ड क्षेत्र में माध्यमिक परीक्षा 2025 हेतु नौ परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जो क्रमशः - बालक उच्च विद्यालय सिसई, संत जेवियर स्कूल सिसई, बालिका उच्च विद्यालय सिसई, कार्तिक विद्यालय छारदा, उर्दू मध्य विद्यालय सिसई, माघी कन्या उच्च विद्यालय , आश्रम विद्यालय सिसई, संत तुलसीदास प्लस टू उच्च विद्यालय सिसई, व प्रखण्ड मुख्यालय माध्यमिक उच्च विद्यालय सिसई । परीक्षा का समयः- प्रातः 9 बजकर 45 मिनट से शुरू होकर दोपहर एक बजे तक है। पहले दिन आई आई टी , व अन्य वोकेशनल विषय की परीक्षा हुई।

वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु चार परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। माघी कन्या उच्च विद्यालय सिसई, आश्रम विद्यालय सिसई, संत तुलसीदास प्लस टू उच्च विद्यालय सिसई, व प्रखण्ड मुख्यालय माध्यमिक उच्च विद्यालय सिसई। जिसमें इंटरमीडिएट कला के 946, विज्ञान के 20 , एवं वाणिज्य के 82 , यानि कुल - 1048 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग ले रहे हैं ।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर के समीप मंगलवार एक दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार अमृत खसार (29 वर्ष) घायल हो गए। अमृत, जो बीजपाठ निवासी हैं, अपने घर से चैनपुर की ओर जा रहे थे, तभी अचानक एक कुत्ता उनके सामने दौड़ पड़ा।घटना के बारे में जानकारी देते हुए अमृत ने बताया कि ##मैं अपने घर से चैनपुर जा रहा था, तभी महेशपुर के समीप एक कुत्ता मेरे सामने आ गया। मैं उसे बचाने की कोशिश में गिर गया।##घटना के बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत उनकी सहायता की और उन्हें चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां पर उनका प्राथमिक इलाज किया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को स्थिर बताया और उन्हें आवश्यक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। अमृत की हालत अब स्थिर है और उन्होंने सभी ग्रामीणों का धन्यवाद किया, जिन्होंने उनकी मदद की।

### गुमला के बांस कारीगरों को संवारने की नई पहल

## हरा सोना योजना से आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण को मिलेगी गति

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल पर जिले के बांस कारीगरों के उत्थान के लिए हरा सोना योजना शुरू की जा रही है, जो आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित होगी। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

योजना के तहत बीमा बैंबू और अन्य उन्नत किस्मों के बांस का पौधारोपण किया जाएगा, जिससे किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। कारीगरों को डिजाइनिंग, कटाई, मशीन संचालन और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले में मौजूद आठ क्लस्टर फैसिलिटेशन सेंटरों में से एक को उन्नत सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि कारीगरों को बेहतर संसाधन मिल सकें।

योजना के लिए 39 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे मशीनों की आपूर्ति, अधिष्ठापन और प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। बायबैक मैकेनिज्म के तहत प्रत्येक कारीगर को 5000 मूल्य के उत्पाद तैयार करने होंगे, जिन्हें 12 महीने के भीतर खरीदा जाएगा, जिससे उन्हें बाजार की चिंता नहीं होगी। मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग बोर्ड के सहयोग से कारीगरों को ई-श्रम कार्ड, श्रमिक निबंध, आयुष्मान कार्ड और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी। योजना के अंतर्गत 1 वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर एफपीओ/सहकारी समिति का गठन कर एक स्थायी आर्थिक मॉडल विकसित किया जाएगा।

# जमीन विवाद और प्रेम प्रसंग में वेल्डिंग मिस्त्री की पत्थर से कूचकर हत्या, शव कुएं में फेंका

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सदर प्रखंड के टोटो थाना क्षेत्र के भंडरिया गांव में 25 वर्षीय वेल्डिंग मिस्त्री छोटू गोप की हत्या कर शव कुएं में फेंकने का मामला सामने आया है। अज्ञात अपराधियों ने रविवार देर रात उसे घर से बुलाकर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी और शव गांव के ही गंगा गोप के कुएं में डाल दिया। दो दिनों तक शव कुएं में ही पड़ा रहा। मंगलवार सुबह मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी।



**हत्या की आशंका: जमीन विवाद या प्रेम प्रसंग**

प्रारंभिक जांच में पुलिस को हत्या के पीछे जमीन विवाद और प्रेम प्रसंग की संभावना मिली है। छोटू गोप के परिवार की 56 डिसमिल जमीन थी, जिसे उसने अपने दोस्त को बेच दिया था, जबकि उसकी बहन बसंती ने वही जमीन किशोर गोप को बेची थी। इस कारण छोटू के दोस्त और किशोर गोप के बीच अक्सर विवाद होता था। गांव में कई बार पंचायत भी हो चुकी थी। वहीं, गांव की एक युवती से छोटू के प्रेम संबंध की भी चर्चा थी, जिसे कई लोग पसंद नहीं करते थे। पुलिस इन दोनों पहलुओं पर गहन जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

**हत्या की रात आखिरी मुलाकात और मां की बेबसी**

रविवार रात छोटू अपने घर में मछली पका रहा था, तभी कुछ अज्ञात लोग उसका नाम लेकर दरवाजा खुलवाने लगे। पहले तो वह डरा और दरवाजा नहीं खोला, लेकिन लगातार आवाज देने और दरवाजा पीटने पर उसने दरवाजा खोल दिया। छोटू आने वालों को पहचानता था और बातचीत के बाद उनके साथ चला गया। इसके बाद वह फिर कभी घर नहीं लौटा। छोटू की 70 वर्षीय वृद्ध मां पार्वती देवी घर में अकेली थी। उसने सोचा कि बेटा कहीं मेहमान के यहां गया होगा, इसलिए पहले खोजबीन नहीं की। लेकिन जब सोमवार को भी वह नहीं लौटा, तो अनहोनी की आशंका हुई। उसने गांववालों से मदद मांगी, लेकिन किसी ने उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। पूरी रात जागकर मां अपने बेटे का इंतजार करती रही, लेकिन उसकी उम्मीदें टूट गईं। मंगलवार सुबह गांव के एक किसान ने कुएं में शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

### गुमला में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस

## उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया सुनिश्चित



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में बसिया गांव के निवासियों ने जल निकासी समस्या, लक्ष्मण नगर फसिया के ग्रामीणों ने सड़क किनारे नाली निर्माण, तथा अवैध खनन से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं, जिन पर उपायुक्त ने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। इसके अलावा, मनरेगा के तहत रोजगार, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन, दिव्यांगजनों को बैटरी चालित रिक्शा, तथा भूमि एवं आपसी विवाद से जुड़ी कई शिकायतों का समाधान किया गया। सरिता देवी ने पति की मृत्यु के बाद आर्थिक कठिनाइयों की बात रखी, जिस पर उपायुक्त ने बच्चों के शिक्षा व आर्थिक सहायता हेतु कल्याण विभाग को निर्देशित किया।

### मिर्गी रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**गुमला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भरनो में 12 फरवरी 2025, बुधवार को मिर्गी के नए मरीजों के जांच और इलाज हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में एम्स दिल्ली की प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. ममता भूषण सिंह और गुमला के डॉ. शारिब अहमद मरीजों की जांच और इलाज करेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में भरनो के अलावा सिसई, घाघरा, बिशुनपुर, कामडारा और बसिया प्रखंडों के मरीजों को भी निशुल्क जांच, इलाज और दवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस विशेष शिविर को लेकर सीएचसी भरनो द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है, ताकि अधिक से अधिक मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकें और बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें।

# भरनो प्रखंड में शांतिपूर्वक हुई इंटर की परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

मैट्रिक और इंटर परीक्षा 2025 को लेकर मंगलवार को भरनो प्रखंड में प्रोजेक्ट हाई स्कूल भरनो और दुम्बो हाई स्कूल में इंटर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में शुरू हई ।जबकि इंटर और मैट्रिक परीक्षाओं के लिए प्रखंड में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल भरनो में वाणिज्य (कॉमर्स) के 88 परीक्षार्थी, जबकि दुम्बो हाई स्कूल में 18 छात्र-छात्राओं ने वोकेशनल कोर्स (मीडिया एंड एंटरटेनमेंट) की परीक्षा दी। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई, जिससे परीक्षार्थियों को निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल मिला।

परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी उत्साहित नजर आए, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुम्बो हाई स्कूल में दीपक गुप्ता ने केंद्राधीक्षक, शाहिद अनवर ने मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी निभाई, जबकि प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल भरनो में संगीता कुजर केंद्राधीक्षक और अमरेश नारायण सिन्हा मजिस्ट्रेट रहे।

# नक्सल क्षेत्र में पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** नक्सल प्रभावित चैनपुर प्रखंड में मंगलवार को 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट राजेश सिंह के मार्गदर्शन में सी कंपनी चैनपुर द्वारा एक पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर छिछवानी पंचायत के कटकाही गांव में आयोजित किया गया, जिसमें कटकाही और उसके आसपास के ग्रामीणों ने अपने पशुओं को लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय के पशुओं की देखभाल करना और उन्हें रोग मुक्त करना था। शिविर में विशेष रूप से गाय, बैल, बकरी, मुर्गी और कुत्तों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सा टीम ने सभी पशुओं का चिकित्सीय जांच किया और आवश्यक दवाओं का वितरण किया, जिससे ग्रामीणों के पशुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल पाई।चिकित्सा शिविर में चैनपुर प्रखंड के पशु चिकित्सक



डॉक्टर धर्म रक्षित विद्यार्थी, छीछवानी पंचायत के मुखिया पॉलिडोर एक्का, समवाय कमांडर श्री जीतेन्द्र और एस एस बी के जवान उपस्थित थे।शिविर के दौरान ग्रामीणों ने चिकित्सकों से अपने पशुओं की बीमारियों के बारे में सलाह ली और उन्हें उचित उपचार मिला। इस प्रकार के शिविर न केवल पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाते हैं, बल्कि ग्रामीण समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन की सराहना करते हुए स्थानीय लोगों ने सशस्त्र सीमा बल की टीम का धन्यवाद किया और इस तरह के शिविरों के आयोजन की मांग की ताकि उनके पशुओं की स्वास्थ्य सेवाएं उत्तम बनी रहें।इस तरह के शिविर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में न केवल पशुओं की देखभाल के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह स्थानीय समुदाय के साथ सशस्त्र बलों के संबंधों को भी मजबूत करते हैं।

### गुमला में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला

## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग द्वारा गुमला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार ने साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग से बचाव के उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंटरनेट एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसका सतर्क और जिम्मेदार उपयोग ही इसे सुरक्षित बना सकता है।

कार्यक्रम में प्रधान अध्यापक शिव नारायण साहू, ल्डऊरानीप्रिया, ऊ्रष्ट रामचंद्र महाराज, नेटवर्क इंजीनियर जीतू उरांव और अभिषेक कुमार सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के टिप्स दिए। कार्यशाला में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध वेबसाइटों से बचने और साइबर सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह प्राप्त की। बता दें कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे मंगलवार को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।


## समाहरणालय, गढ़वा
## (समाज कल्याण शाखा), जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बाल संरक्षण सेवाए योजना अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई के अधीन विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदकों की प्रारंभिक सूची संबंधी दावा/आपति हेतु सूचना :–**

केन्द्र प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण सेवाएँ योजना " मिशन वात्सल्य" के अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा के अधीन विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–PR342216 Women, Child Development & Social Security (2024-25)D के आलोक में प्रकाशित विज्ञापन के तहत निबंधित/स्पीड पोस्ट/कुरियर डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा/स्क्रुटनी के पश्चात पदवार आवेदनों की प्रारंभिक सूची तैयार करने के पश्चात जिला के अधिकारिक वेबसाईट–www.garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया है। प्रारंभिक सूची में यदि कोई त्रुटि या अंतर हो तो दावा/आपति के तहत सुधार एवं निराकरण हेतु दिनांक–.09.02.2025 से 15.02.2025 तक कार्यालय अवधि में अपराह्न 03:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, (जिला बाल संरक्षण इकाई) नया समाहरणालय भवन कल्याणपुर में मूल दस्तावेज/कागजात (छाया प्रति स्वीकार नही होगा) के साथ स्वयं उपस्थित हो कर दावा/आपति दर्ज करा सकते हैं। अन्य किसी भी माध्यम यथा ई–मेल, डाक, मोबाईल इत्यादि से भेजा गया दावा/आपति स्वीकार नहीं होगा एवं उपरोक्त निर्धारित समय सीमा के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 346306 Welfare(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विषेश प्रमंडल, सं०-02,गढ़वा

**अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/11/2024-25/RE (4th Call), दिनांक–11.02.2025**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वी० की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समूह सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डण्डा | ग्राम–बोगासी में अनिल उपाध्याय के घर से दिनेश उपाध्याय के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 464160.00 | 9,300.00 | 750.00 | 02 माह | Group-01 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–14.02.2025 से दिनांक–22.02.2025 को अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–24.02.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा।

PR.NO.346275 Rural Development(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02, गढ़वा

**जिला अनाबद्ध निधि योजना मद, दिनांक–10.02.2025**
**अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/21/2024-25_RE (2nd Call)**

1. विज्ञापनदाता का नामः कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –13.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–13.02.2025 से दिनांक–21.02.2025 को 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–24.02.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाना खाश टोला में मस्जिद से तकशीर अकरम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | गढ़वा | पिपरा | बाना | 17,91,800.00 | 5000 | 35836 | 03 माह | 08 |
| 2 | ग्राम हासनदाग में स्वास्थ्य केन्द्र से भरदुल रजक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | हासनदाग | हासनदाग | 9,21,400.00 | 1250 | 18428 | 03 माह | 20 |
| 3 | आर0ई0ओ0 रोड से उमेश बैठा के घर होते हुए राम एकबाल चौबे के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | हासनदाग | रेजो | 10,75,700.00 | 2500 | 21514 | 03 माह | 21 |
| 4 | ग्राम बनुआ में परिखा सिंह के घर से कामेश्वर सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | संगबरिया | बनुआ | 8,38,200.00 | 1250 | 16764 | 03 माह | 28 |
| 5 | ग्राम रजहारा में आर0ई0ओ0 रोड से भोला राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | संगबरिया | रजहारा | 8,04,500.00 | 1250 | 16090 | 03 माह | 29 |
| 6 | पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से देवी धाम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | तेनार | तेनार | 3,49,500.00 | 750 | 6990 | 03 माह | 32 |
| 7 | ग्राम सोहबरिया में त्रिवेणी राम के घर से कमलेश राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | तेनार | सोहबरिया | 9,77,100.00 | 1250 | 19542 | 03 माह | 34 |
| 8 | आर0ई0ओ0 रोड मकुना से मस्जिद होते हुए मुखतार अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | मेराल पश्चिमी | मकुना | 24,87,400.00 | 5000 | 49748 | 03 माह | 38 |
| 9 | ग्राम दुलदुलवा के बगलवाटांड रवि टोला शिव स्थान से अर्जुन रवि के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | दुलदुलवा | दुलदुलवा | 8,15,800.00 | 1250 | 16316 | 03 माह | 40 |
| 10 | ग्राम दुलदुलवा में स्व0 नथुनी चन्द्रवंशी के घर से मस्जिद होते हुए अंतु पासी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | दुलदुलवा | दुलदुलवा | 7,63,600.00 | 1250 | 15272 | 03 माह | 41 |
| 11 | पढ़ुआ के भौराहा टोला में रेलवे लाईन से मुख्य बस्ती होते हुए राजनाथ पासवान के पराश पेड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | पढ़ुआ | पढ़ुआ | 9,86,900.00 | 1250 | 19738 | 03 माह | 47 |
| 12 | ग्राम भण्डार में डिहवार बाबा के भरदुल बियार के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | मेराल | लोवादाग | भण्डार | 8,38,200.00 | 1250 | 16764 | 03 माह | 48 |
| 13 | ग्राम मोतीहारा पीच रोड से दुर्गा मंडप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | डण्डा | छपरदागा | मोतीहारा | 24,21,900.00 | 5000 | 48438 | 03 माह | 50 |
| 14 | ग्राम सोनदाग में गुरूकुलम टोला रविदास टोला में प्रमोद साव के घर से जीवन राम के घर होते हुए पंचायत भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | सोनदाग | सोनदाग | 19,54,900.00 | 5000 | 39098 | 03 माह | 52 |
| 15 | रंकाकला भुईयां टोला में नन्हकु राम के घर से सरस्वती स्कूल होते हुए मुकेश बारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | रंकाकला | | 11,97,500.00 | 2500 | 23950 | 03 माह | 55 |
| 16 | बुतरू राम के घर से चलीतर उरॉव के घर तक पथ निर्माण। | रंका | रंकाकला | | 9,69,300.00 | 1250 | 19386 | 03 माह | 56 |
| 17 | थाना मोड़ कुर्बान राम के घर से धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | रंकाकला | | 4,40,500.00 | 750 | 8810 | 03 माह | 57 |
| 18 | ग्राम नगारी में आमाटांड पवन यादव के घर से जर्नादन यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | दुधवल | नगारी | 10,21,400.00 | 2500 | 20428 | 03 माह | 58 |
| 19 | ग्राम सिरोईखूर्द में बेगा भुईंया के घर से इस्लाम अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | सिरोईखुर्द | सिरोईखुर्द | 8,40,900.00 | 1250 | 16818 | 03 माह | 68 |
| 20 | ग्राम सिरोईखूर्द में मोमताल अंसारी के घर से रविन्द्र कुमार सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | सिरोईखुर्द | सिरोईखुर्द | 13,32,400.00 | 2500 | 26648 | 03 माह | 69 |
| 21 | ग्राम होन्हेकला के कुसुम टोला में राम प्रसाद यादव के घर से चन्देश्वर यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | कंचनपुर | होन्हेकला | 17,20,600.00 | 5000 | 34412 | 03 माह | 70 |
| 22 | ग्राम दौनादाग के मस्जिद टोला स्कूल से बढ़का तालाब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | खरडीहा | दौनादाग | 11,77,000.00 | 2500 | 23540 | 03 माह | 74 |
| 23 | ग्राम विश्रामपुर के बाईस प्लॉट में एन0एच0 343 के पास वशिष्ट विश्वकर्मा के घर से बेजामिन डोडराय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | विश्रामपुर | विश्रामपुर | 9,16,500.00 | 1250 | 18330 | 03 माह | 75 |
| 24 | ग्राम डोल में आदिवासी टोला से एस कुमार यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | चिनियाँ | डोल | डोल | 24,90,200.00 | 5000 | 49804 | 03 माह | 76 |
| 25 | ग्राम चिनियॉं में भुईयां टोला बर पेड़ के पास कलभर्ट निर्माण। | चिनियाँ | चिनियाँ | चिनियाँ | 17,28,300.00 | 5000 | 34566 | 03 माह | 77 |
| 26 | ग्राम रमकण्डा मेन रोड अब्दुल मजीद के घर से मेराज सिद्धकी के घर होते हुए अमसमुद्दीन अंसारी के घर तक पथ निर्माण | रमकण्डा | रमकण्डा | रमकण्डा | 21,70,200.00 | 5000 | 43404 | 03 माह | 84 |
| 27 | भौंरी चौराटांड मुस्लिम टोला एन0एच0 343 चौराटांड मोहन रजवार के घर से आदम अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | रंका | चुटिया | | 21,61,300.00 | 5000 | 43226 | 03 माह | 61 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा।

PR.NO.346263 Rural Development(24-25):D

सुप्रभात | विचार प्रवाह

कविता सच्ची भावनाओं का चित्र है और सच्ची भावनाएँ चाहे वे दु:ख की हो या सुख की, उसी समय संपन्न होती है जब हम दु:ख या सुख का अनुभव करते हैं। - प्रेमचंद

## संपादकीय

# प्रजातंत्र के बदलते मायने

कहा जाता है कि 'जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सिद्धान्तः यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज रेवड़ी संस्कृति से जीतने वाली सरकारों की कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। जनतंत्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है। जनतंत्र की उपर्युक्त लिंकन कृत परिभाषा से ध्वनित होता है कि एक इकाई के रुप में संगठित जनता सम्पूर्ण समाज में से सर्वसम्मति से सुयोग्य नेतृत्व का चयन कर जनकल्याण का पथ प्रशस्त करती है, किन्तु व्यावहारिक रुप से जनतंत्र में प्रयुक्त जनता एक इकाई नहीं होती। वह अनेक विचारधाराओं, दलों और धर्म-क्षेत्र- जाति- भाषा- व्यवसाय आदि की संकीर्णताओं में बंधे छोटे-छोटे समूहों का समुच्चय होती है, जो मनुष्यता और राष्ट्रीयता की उदार एवं समावेशी हितग्राहिता को हाशिए पर डालकर सत्ता हथियाने की दलीय प्रतिबद्धता के प्रति दुराग्रह प्रकट करती है। निजी निहित स्वार्थों के लिए सचेष्ट ये संकीर्ण समूह परस्पर कीचड़ उछालते हुए सत्ता के गलियारों में आधिपत्य के लिए निरन्तर संघर्ष करते हैं। इसलिए जनतंत्र में शासन 'जनता द्वारा जनता के लिए' न रहकर 'दल द्वारा दल के लिए' हो जाता है और इसी कारण जनता में असंतोष और आक्रोश जन्म लेता है। जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धंसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है। सत्ताधारी दल जनकल्याण के नाम पर प्रचारित योजनाओं के माध्यम से अपनी भावी चुनावी विजय की रूपरेखा रचता है; वोट-बैंक तैयार करता है और राष्ट्रीय-हितों के नाम पर दलीय-हितों के साधन में अपनी ऊर्जा नियोजित करता है। विपक्षी दल भी उचित-अनुचित का विचार किए बिना सत्ता हथियाने के लिए हर संभव कूट रचना रचते रहते हैं। भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस विडंबना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है। मनुष्य की प्रकृति सामंती है। वह शासन करना चाहता है। औरों को अपने अधीन अपने नियन्त्रण में रखना चाहता है। परिवार का मुखिया, संस्था का प्रमुख, संगठन का नेता- सब वर्चस्व चाहते हैं और इस वर्चस्व कामना में निहित 'राजस' भाव स्वयं के लिए एवं अपने जाति-वर्ग के लिए सुख-सुविधाएँ जुटाने का उद्यम करता है। राजतंत्र में राजा लोग अपने लिए, अपने राजपरिवार के लिए, अपने पक्ष के सामंतों-सरदारों आदि के लिए सुख- सुविधाएं जुटाते थे और जनता के हितों की उपेक्षा करते थे, वर्तमान जनतंत्र में भी यही दुष्प्रवृत्ति दूर-दूर तक दिखाई देती है। भाई-भतीजावाद, वंशवाद, वोट बैंक सुदृढ़ करने की मानसिकता, जनता की गाढ़ी कमाई पर ऐश करने की ऐसी ही दुर्भलाषाओं के कारण आज हमारा जनतंत्र अपना वास्तविक अर्थ खोकर असंतोष और अराजकता की ओर अग्रसर हो रहा है।

*जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धंसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है।*

# सामाजिक प्रगति में सभी का विकास समाहित

कोई भी व्यक्ति बहुत अधिक प्रगति कर सकता है, लेकिन जब तक उसका समाज भी उसी अनुरूप प्रगति नहीं करता, तब तक उसका कोई महत्व नहीं है। क्या हम उस समाज और धर्म की रक्षा और लाभ के लिए कुछ व्यर्थ महत्वाकांक्षाओं का त्याग नहीं कर सकते जिसके लिए राम ने वनवास झेला, कृष्ण ने असंख्य कष्ट सहे, राणा प्रताप जंगल-जंगल भटके, शिवाजी ने अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया और गुरु गोविंद सिंह ने अपने नन्हे-मुन्ने बेटों को जिंदा दफना दिया? आज समाज हाथ में कटोरा लेकर हमसे भीख मांग रहा है। यदि हम इसकी मांगों के प्रति उदासीन बने रहे तो एक दिन ऐसा आएगा जब हमें अपनी सबसे प्रिय वस्तु से विदा लेनी पड़ेगी। इतने सारे लोगों ने अपना जीवन केवल समाज कार्य के लिए क्यों समर्पित कर दिया है? उन्होंने ऐसा इसलिए किया है क्योंकि सामाजिक प्रगति के बिना कोई व्यक्तिगत प्रगति संभव नहीं है।



दीनदयाल उपाध्याय ने अपने मामा को 21 ज़ुलाई, 1942 को लखीमपुर से उपरोक्त यादगार पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने बताया कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक क्यों बने। उनके जीवन में देशप्रेम और देश की सेवा का भाव इतना गहरा था कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दीनदयाल उपाध्याय के लिए कहा था, अगर मुझे दो दीनदयाल मिल जाएं तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदलकर रख दूंगा। 1953 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की रहस्यमय मृत्यु के बाद दीनदयाल ने जनसंघ को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। वर्ष 1967 तक वो भारतीय जनसंघ में महासचिव रहे और पार्टी को लगातार आगे बढ़ाने के मिशन में जुटे रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे।

आज की बात



**डॉ प्रदीप वर्मा**
राज्यसभा सांसद व लेखक

दीनदयाल जी का शुरूआती जीवन काफी कष्ट में बीता था। वह जब तीन वर्ष के भी नहीं हुये थे कि उनके पिता का देहान्त हो गया। पति की मृत्यु से माँ रामप्यारी को अपना जीवन अंधकारमय लगने लगा। वे अत्यधिक बीमार रहने लगीं। उन्हें क्षय रोग लग गया। 8 अगस्त 1924 को उनका भी देहावसान हो गया। उस समय दीनदयाल 7 वर्ष के थे। 1926 में नाना चुन्नीलाल भी नहीं रहे। 1931 में पालन करने वाली मामी का निधन हो गया। 18 नवम्बर 1934 को अनुज शिवदयाल ने भी उपाध्याय जी का साथ सदा के लिए छोड़कर दुनिया से विदा ले ली। 1935 में स्नेहमयी नानी भी स्वर्ग सिधार गयीं। 19 वर्ष की अवस्था तक उपाध्याय जी ने मृत्यु.दर्शन से गहन साक्षात्कार कर लिया था। जीवन में इतना मृत्यु पक्ष देख लेने के बाद भी वह आजीवन भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशावादी बने रहे। बचपन में उनके घर आए ज्योतिषी ने दीनदयाल की जन्मकुंडली देखा थी और भविष्यवाणी करते हुए कहा कि, ये बालक आगे चलकर महान विद्वान और विचारक बनेगा, ये विलक्षण प्रतिभा का धनी होगा और इसकी गिनती देश के अग्रणी राजनेताओं में होगी, लेकिन ये विवाह के बंधन में कभी नहीं बंधेगा। आगे चलकर ज्योतिषी द्वारा कही गई सभी बातें सही सिद्ध हुईं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हाई स्कूल की शिक्षा राजस्थान के सीकर में प्राप्त की। पढ़ाई लिखाई में बहुत अच्छा होने के चलते सीकर के तत्कालीन नरेश ने उन्हें एक स्वर्ण पदक, किताबों के लिए 250 रुपये और दस रुपये की मासिक छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया। दीनदयाल ने अपनी इंटरमीडिएट की परीक्षा पिलानी में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की, जिसके बाद उन्होंने बीए. की पढ़ाई के लिए कानपुर के सनातन धर्म कॉलेज में दाखिला ले लिया। यहां उनके कई मित्र बने। उन्हीं में से एक मित्र थे श्री बलवंत महाशब्दे। वर्ष 1937 में श्री बलवंत महाशब्दे के कहने पर वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सम्मिलित हो गए। बस यही से उनकी जिंदगी ने अहम मोड़ ले लिया। 1937 में ही बीए. की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद दीनदयाल एमए. की पढ़ाई के लिए आगरा आ गए। आगरा में आकर वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय हो गए। संघ की सेवा के दौरान उनका परिचय हुआ भारत रत्न श्री नानाजी देशमुख और श्री भाऊराव देवरस से, जिन्होंने दीनदयाल जी के भविष्य निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभायी।

उसके बाद पंडित दीनदयाल बीटी. का कोर्स करने के लिए प्रयागराज (इलाहाबाद) आए और यहां भी उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नाता नहीं तोड़ा। प्रयागराज पहुंचकर उन्होंने संघ में अपनी सेवा जारी रखी। बीटी. का कोर्स पूरा हुआ तो उन्होंने खुद को संघ में पूर्णकालिक रूप से समर्पित करने का फैसला किया। संघ ने वर्ष 1955 में उन्हें उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संगठक (प्रान्त प्रचारक) बनाने का निर्णय लिया। जल्दी ही उन्होंने संघ में सभी को प्रभावित किया। उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आदर्श स्वयंसेवक समझा जाता था, क्योंकि उनके भाषण व उनके विचार पूर्ण रूप से संघ की शुद्ध विचारधारा पर आधारित ही होते थे। उनके नाम के साथ पंडित जुड़ने का किस्सा भी काफी रोचक रहा। असल में अपनी चाची के कहने पर दीनदयाल एक सरकारी परीक्षा देने के लिए तैयार हुए। इस परीक्षा में जहां अन्य परीक्षार्थी सूट बूट में आए थे। वहीं दीनदयाल ने धोती और कुर्ता पहनने के साथ अपने सिर पर टोपी भी लगा रखी थी, जिसके बाद उनके साथियों ने उनका जमकर मजाक बनाया और उन्हें पंडित जी कह कर पुकारना शुरू कर दिया। बस तभी से ही लोग उन्हें इसी नाम से बुलाने लगे। दीनदयाल उस दिन के बाद से पंडित दीनदयाल हो गए। अच्छी बात ये थी कि दीनदयाल इस परीक्षा में भी प्रथम आए थे।

माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर से प्रेरणा लेकर 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और जनसंघ के माध्यम से ही दीनदयाल ने भारतीय राजनीति में कदम रखा। 1952 में कानपुर में जनसंघ का प्रथम अधिवेशन हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पहले उत्तर प्रदेश शाखा का महासचिव बनाया गया और उसके बाद उन्हें अखिल भारतीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी कार्य कुशलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनसंघ के कानपुर अधिवेशन में पारित हुए कुल 15 प्रस्तावों में से 7 प्रस्ताव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के थे। दिसंबर 1967 में भारतीय जनसंघ का चैदहवां अधिवेशन कालीकट में हुआ और इसमें सर्वसम्मति से पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पार्टी अध्यक्ष चुना गया, लेकिन वो मात्र 43 दिन ही जनसंघ के अध्यक्ष रह सके। 10 फरवरी 1968 को वो लखनऊ से पटना जाने के लिए रेलगाड़ी में बैठे, लेकिन 11 फरवरी को सुबह पौने चार बजे उनकी लाश रेलवे लाइन के किनारे मिली। कहा जाता है कि जौनपुर तक वे जीवित थे, लेकिन उसके बाद किसी ने चलती ट्रेन में से उन्हें धक्का दिया और खंभे से टकरा जाने के चलते उनकी मौत हो गई। दीनदयाल जी के कद का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेता संपूर्णानंद ने उपाध्याय की राजनीतिक डायरी की प्रस्तावना में दीनदयाल को अपने समय के सबसे उल्लेखनीय नेताओं में शामिल बताया है।

दीनदयाल पत्रकार भी रहे थे, उन्होंने अनेकों पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन किया। हिंदुत्व की विचाराधारा को प्रसारित करने के लिए उन्होंने मासिक राष्ट्रधर्म का प्रकाशन किया। इसके अलावा उन्होंने साप्ताहिक पांचजन्य व दैनिक स्वदेश की शुरुआत भी की। उन्होंने चंद्रगुप्त मौर्य, शंकराचार्य की हिंदी में जीवनी लिखी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक हेडगेवार की जीवनी का मराठी से हिंदी में अनुवाद करने का श्रेय भी दीनदयाल को ही जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत मां के मुखर और सच्चे सपूत थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## त्यागियों के खेल कुर्सी का मेल

गांव का चौपाल इस बार असाधारण रूप से गुलजार था। चर्चा थी "त्याग संघ" नाम के एक नए संगठन की, जो स्वच्छ राजनीति का वादा लेकर आया था। अध्यक्ष बने 'त्यागानंद बाबू', जिनका त्यागी जीवन बस इतना था कि पिछले हफ्ते उन्होंने पकोड़े के साथ चाय लेना छोड़ दिया था। त्यागानंद ने घोषणा की, "हम सिद्धांत और कार्यक्रम की राजनीति करेंगे। पदलोलुपता हमारी संस्कृति में नहीं।" यह सुनते ही गाँव के सबसे बुजुर्ग ताऊजी बोले, "ये कौन-से सिद्धांत हैं, बेटा?" त्यागानंद मुस्कराए, "हमारे सिद्धांत हैं- सादा जीवन, उच्च विचार और कुर्सी से दूरी।" गाँव के लोग तालियाँ बजाने लगे। हालाँकि, यह तालियाँ सुनते ही उनके 'उप-सिद्धांत मंत्री' हरिराम चौधरी अचानक खड़े हो गए, "पर, कुर्सी से दूरी का मतलब यह नहीं कि हम सेवा से दूरी बना लें।" अब गाँव में अजीब स्थिति बन गई। चौपाल के कोने में बैठे गंगा बाबू धीरे-धीरे हँसने लगे। "त्यागानंद, ये हरिराम तो तुम्हारे सिद्धांत का पंचनामा बना देंगे।" त्यागानंद भड़कते हुए बोले, "सिद्धांत पर सवाल? यह तो सिद्धांतों का अपमान है।" हरिराम तुरंत बचाव में आए, "नहीं, मैंने तो कहा कि हमें पद को जिम्मेदारी समझना चाहिए, लोभ नहीं।" तब तक गाँव का तीसरा योद्धा, 'दयानंद वाजपेयी', जो हमेशा से 'दूरदर्शी' कहलाते थे, बोले, "त्यागानंद, मैं त्याग संघ का महासचिव बनने के लिए तैयार हूँ, अगर आप अनुमति दें।"त्यागानंद बोले, "दयानंद, महासचिव पद त्याग संघ में सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसे निभाने के लिए त्याग करना पड़ता है। क्या आप तैयार हैं?" दयानंद ने सिर झुकाया, "अगर यह त्याग संघ की सेवा में है, तो मैं तैयार हूँ।" अब गाँव के कुछ लोग इस 'त्याग नाटक' को समझने लगे थे। हरिराम, दयानंद, और त्यागानंद के बीच चल रही खींचतान में गाँव के युवा, जो नौकरी की तलाश में थे, ने अपने दोस्तों से मजाक करना शुरू कर दिया। एक लड़का, राजू, बोला, "त्याग संघ में प्रवेश का पहला नियम क्या है?" दूसरा लड़का, मोहन, तुरंत जवाब देता, "पहले चाय में पकोड़े छोड़ो, फिर अपनी कुर्सी के लिए लड़ो।" गाँव के कुछ बुजुर्ग इस 'स्वच्छ राजनीति' पर खीसें निपोरते हुए बोले, "जब सिद्धांत इतना स्वच्छ है, तो कुर्सी इतनी गंदी क्यों है?" त्यागानंद इस सवाल पर भड़क उठे, "कुर्सी कोई चीज नहीं है। यह एक विचार है।" दयानंद बीच में टपक पड़े, "और विचार हमारे पास हैं। इसलिए कुर्सी भी हमारी होनी चाहिए।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

# स्वाभिमानी बने अहंकारी नहीं

मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में स्वाभिमान (Self-respect) और अहंकार (Ego) का महत्वपूर्ण स्थान है। जहां स्वाभिमान आत्मसम्मान और आत्मज्ञान से उपजता है, वहीं अहंकार अज्ञान, अति-गर्व और मिथ्या प्रतिष्ठा से जन्म लेता है। आज के युवाओं के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि स्वाभिमान और अहंकार में सूक्ष्म किन्तु महत्वपूर्ण अंतर है। हमारे शास्त्रों, संतों, ऋषि-मुनियों और साहित्यकारों ने भी इस विषय पर गहन मंथन किया है। यह आलेख इन्हीं विचारों के आधार पर एक दिशा देने का प्रयास करेगा। स्वाभिमान और अहंकार में अंतर इस प्रकार से समझ सकते हैं। स्वाभिमान आत्म-सम्मान देता है, अहंकार दूसरों को नीचा दिखाने का भाव लाता है। स्वाभिमान आत्म-ज्ञान से उत्पन्न होता है, अहंकार अज्ञान और असुरक्षा से। स्वाभिमान व्यक्ति को विनम्र बनाता है, अहंकार कठोर और हठी बना देता है। स्वाभिमान समभाव को जन्म देता है, अहंकार भेदभाव और संघर्ष को। स्वाभिमानी व्यक्ति आलोचना को आत्म-सुधार का माध्यम मानता है, जबकि अहंकारी व्यक्ति आलोचना को अपमान समझता है। इन दोनों के बीच संतुलन बनाना ही एक सफल और संतुलित जीवन का रहस्य है। भारतीय शास्त्रों में स्वाभिमान और अहंकार के बारे में जो बताया गया है उस पर प्रकाश डालते हुए श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को अहंकार त्यागने और स्वाभिमानी बनने का उपदेश देते हैं "नाहं कर्ता हरिः कर्ता" (अर्थात – 'मैं नहीं, बल्कि हरि (ईश्वर) ही कर्ता हैं') यह विचार अहंकार को समाप्त कर स्वाभिमान को सशक्त करता है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि कर्म करो, लेकिन फल का अहंकार मत रखो। रामायण में हनुमान जी इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। वे परम शक्तिशाली होते हुए भी अपने बल पर अहंकार नहीं करते, बल्कि उसे भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित कर देते हैं। यही सच्चा स्वाभिमान है। वहीं रावण का उदाहरण अहंकार का है। वह महान विद्वान और पराक्रमी था, लेकिन अपने अहंकार के कारण सर्वनाश का कारण बना। महाभारत में कौरवों का पतन उनके अहंकार के कारण हुआ, जबकि पांडवों ने स्वाभिमान बनाए रखते हुए विनम्रता और धर्म का पालन किया। वहीं उपनिषदों और अन्य ग्रंथों में उल्लेख मिलता है, जैसे मुण्डक उपनिषद में कहा गया है कि "विद्या ददाति विनयं" (विद्या विनम्रता लाती है। जिस व्यक्ति में वास्तविक ज्ञान होता है, वह अहंकारी नहीं बल्कि स्वाभिमानी होता है। भारतीय संतों, ऋषियों और साहित्यकारों के विचार में संत कबीर कहते हैं "बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर। पंछी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर।। "इस दोहे में कबीरदास अहंकार को व्यर्थ बताते हैं। बड़े होने का वास्तविक अर्थ विनम्रता में है, न कि अहंकार में। तुलसीदास ने कहा "जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।।" तुलसीदास ने बताया कि व्यक्ति अपने भाव के अनुसार ही दुनिया को देखता है। अहंकारी व्यक्ति हर किसी को छोटा समझेगा, जबकि स्वाभिमानी व्यक्ति सभी का सम्मान करेगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आत्म-गौरव और आत्म-सम्मान के साथ जियो, मगर अहंकार से बचो। महात्मा गांधी जी ने अहंकार का त्याग करते हुए सत्य और अहिंसा को अपनाया। उनके अनुसार, अहंकार संघर्ष को जन्म देता है, जबकि स्वाभिमान शांति और सम्मान को। आज के समय में युवा अक्सर आत्मसम्मान और अहंकार में भ्रमित हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने की होड़, दूसरों से श्रेष्ठ दिखने की इच्छा, और स्वार्थी प्रतिस्पर्धा उन्हें अहंकार की ओर ले जाती है। लेकिन यह याद रखना आवश्यक है कि स्वाभिमान आपको सफलता की ओर ले जाता है, अहंकार पतन की ओर। स्वाभिमानी बनो, लेकिन हमेशा विनम्र रहो। अपनी प्रतिभा का अहंकार मत करो, बल्कि उसका उपयोग समाज की सेवा के लिए करो। समाज, परिवार और बड़ों का सम्मान करो, यही असली स्वाभिमान है। "स्वाभिमानी बने अहंकारी नहीं" यह संदेश केवल एक नैतिक उपदेश नहीं, बल्कि सफल जीवन का मूल मंत्र है। इतिहास और शास्त्र इस बात के साक्षी हैं कि जिन्होंने स्वाभिमान के साथ संयम रखा, वे महान बने, और जिन्होंने अहंकार को अपनाया, वे पतन के गर्त में चले गए। युवा शक्ति के पास अनंत संभावनाएं हैं। यदि वे स्वाभिमान के साथ आत्म-विकास करें और अहंकार से दूर रहें, तो वे न केवल अपने लिए बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी प्रेरणा बन सकते हैं। अतः स्वाभिमानी बनें, आत्मसम्मान रखें, लेकिन कभी भी अहंकारी न बनें!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

दो भाषाएँ देश की, एक कृष्ण, दो राम।
एक नचावे धुन सुना, दूजा प्रेरक धाम।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## माघ पूर्णिमा स्नान पर प्रयागराज महाकुंभ में होगा विशेष यातायात प्रबंध

**महाकुंभ नगर ।** प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष यातायात योजना बनाई है। इसके अंतर्गत, 11 फरवरी 2025 की सुबह 4:00 बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम स्नान के लिए केवल आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी व सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह 4:00 बजे के बाद संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। इससे शहर में यातायात अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकेंगे।

श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 5:00 बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया है। केवल आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष यातायात योजना 12 फरवरी को स्नान संपन्न होने तक लागू रहेगी। महाकुंभ में कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के वाहनों पर भी यह नियम लागू रहेगा। प्रशासन ने सभी कल्पवासियों से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें और अधिकृत पार्किंग स्थलों का उपयोग करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग दें, ताकि महाकुंभ का यह महत्वपूर्ण स्नान पर्व सुगमतापूर्वक संपन्न हो सके।

# संगम स्नान के साथ पूरा होगा महाकुंभ का कल्पवास



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**


महाकुंभ में व्रत, संयम और सत्संग का कल्पवास करने का विशिष्ट विधान है। इस वर्ष महाकुंभ में 10 लाख से अधिक लोगों ने विधिपूर्वक कल्पवास किया है। पौराणिक मान्यता है कि माघ मास पर्यंत प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से सहस्त्र वर्षों के तप का फल मिलता है। महाकुंभ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। परंपरा के अनुसार 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन कल्पवास की समाप्ति हो रही है। सभी कल्पवासी विधिपूर्वक पूर्णिमा तिथि पर पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास का पारण करेंगे। पूजन और दान के बाद कल्पवासी अपने अस्थाई आवास त्याग कर पुनः अपने घरों की ओर लौटेंगे। आस्था और अध्यात्म के महापर्व, महाकुंभ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इस वर्ष महाकुंभ में देश के कोने-कोने से आए लोग संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार कल्पवास की समाप्ति 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन होगी। पद्मपुराण के अनुसार पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक एक माह संगम तट पर व्रत और संयम का पालन करते हुए सत्संग का विधान है। कुछ लोग पौष माह की एकादशी से माघ माह में द्वादशी के दिन तक भी कल्पवास करते हैं।

**12 फरवरी के दिन कल्पवासी पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास के व्रत का पारण करेंगे**

12 फरवरी के दिन कल्पवासी पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास के व्रत का पारण करेंगे। पद्मपुराण में भगवान दत्तात्रेय के बनाए नियमों के अनुसार कल्पवास का पारण किया जाता है। कल्पवासी संगम स्नान कर अपने तीर्थपुरोहितों से नियम अनुसार पूजन कर कल्पवास व्रत पूरा करेंगे। शास्त्रों के अनुसार कल्पवासी माघ पूर्णिमा के दिन संगम स्नान कर व्रत रखते हैं। इसके बाद अपने कल्पवास की कुटीरों में आकर सत्यनारायण कथा सुनने और हवन पूजन करने का विधान है। कल्पवास का संकल्प पूरा कर कल्पवासी अपने तीर्थपुरोहितों को यथाशक्ति दान करते हैं। साथ ही कल्पवास के प्रारंभ में बोए गए जौं को गंगा जी में विसर्जित करेंगे और तुलसी जी के पौधे को साथ घर ले जाएंगे। तुलसी जी के पौधे को सनातन परंपरा में मां लक्ष्मी का रूप माना जाता है। महाकुंभ में बारह वर्ष तक नियमित कल्पवास करने का चक्र पूरा होता है। यहां से लौटकर गांव में भोज कराने का विधान, इसके बाद ही कल्पवास पूर्ण माना जाता है।

## 11 लाख से अधिक आगंतुकों ने देखी 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर

**लखनऊ/महाकुंभ नगर ।** योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने महाकुंभ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसाया है। इसमें अब तक देश-दुनिया के 11 लाख से अधिक आगंतुक पहुंचे, जिन्होंने योगी सरकार के नेतृत्व में आए बदलाव के बाद यूपी के समृद्ध गांवों की कहानी देखी। 'नमामि गंगे' और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का भी निर्वहन कर रहा है। 'स्वच्छ सुजल गांव' में आने वाले आगंतुकों को 'जलप्रसाद' भी दिया जा रहा है। वहीं, गांव में प्रतिदिन शाम को गंगा जल आरती भी हो रही है। 'स्वच्छ सुजल गांव' में अब तक 11 लाख से अधिक अतिथि पहुंच चुके हैं, जिन्होंने इस गांव के जरिए समृद्ध यूपी का दीदार किया। गांव में आगंतुकों का निरंतर आना जारी है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। यहां 19 जनवरी, 24 जनवरी, 26 जनवरी और 9 फरवरी को सर्वाधिक पर्यटक-श्रद्धालु आए। यह संख्या इन चार दिनों में प्रतिदिन एक लाख से अधिक रही। वहीं, यहां प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रवेश बंद रहा।



पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी आगंतुक रूबरू हो रहे हैं। वे यहां 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा का भी दीदार कर रहे हैं। देश-दुनिया से आए श्रद्धालु 40 हजार स्क्वायर फीट एरिया में बसे गांव में पीएम आवास, सीएम आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिए समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी भी देख रहे हैं। यह गाथा बदले यूपी की पहचान से हर आगंतुक को अवगत भी करा रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण जलापूर्ति और नमामि गंगे विभाग ने महाकुंभ-2025 में 'स्वच्छ सुजल गांव' बसाया है।

## बिहार के पू. चंपारण में दवा खाने से दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार

**पटना (आईएएनएस)**

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के एक सरकारी स्कूल में सोमवार को एल्बेंडाजोल की गोली खाने के बाद दो दर्जन से अधिक छात्र बीमार हो गए। यह घटना मधुबन प्रखंड के कोइलहारा गांव स्थित 'उत्क्रमित मध्य विद्यालय' में हुई। घटना के बाद छात्रों की तबीयत बिगड़ने से उनके अभिभावक घबरा गए और उन्होंने स्कूल में हंगामा किया। गुस्साए अभिभावकों ने कुछ समय के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों को बंधक बना लिया। स्थिति को संभालने के लिए एक मेडिकल टीम तुरंत स्कूल पहुंची और बीमार छात्रों को इलाज के लिए मधुबन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। इलाज के बाद सभी छात्रों की हालत में सुधार हुआ। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग पूरे जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चला रहा है, जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल और डीसी फोर्ट की दवा दी जा रही है। सोमवार को दवा लेने के बाद कई बच्चों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। मेडिकल टीम ने सभी प्रभावित छात्रों का तुरंत इलाज किया। जिन बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया उनमें अंशु कुमारी, अदिति कुमारी, ज्योति कुमारी, साहीदा खातून, लाडली प्रवीण, कुसमुन खातून, अन्या प्रवीण, सान्या रानी, रंजन कुमार, साई राजा, नबी हसन, अरबाज आलम और कुदुस आलम शामिल हैं।

# साइबर अपराध रोकने के लिए एआई का इस्तेमाल करेगी सरकार : अमित शाह

**नई दिल्ली (हि.स.)**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार साइबर अपराध को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान करने की योजना बना रही है।

गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अमित शाह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और रिज़र्व बैंक तथा अन्य सभी बैंकों के साथ समन्वय से म्यूल अकाउंट्स की पहचान की व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास जारी है। म्यूल अकाउंट को ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने की व्यवस्था भी की जाएगी। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रुकें, सोचें और फिर कार्रवाई करें' के मंत्र के बारे में जानकारी देकर उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया जा सके।

गृहमंत्री ने कहा कि आई4सी पोर्टल पर कुल 1 लाख 43 हजार एफआईआर दर्ज की गई हैं और 19 करोड़ से अधिक लोगों ने इस पोर्टल का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से 805 'ऐप्स' और 3266 वेबसाइट-लिंक को आई4सी की सिफारिश पर ब्लॉक किया गया है। इसके अलावा 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही 6 लाख से अधिक संदिग्ध डेटा साझा किया गया, 19 लाख से अधिक म्यूल खाते पकड़े गए और 2038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन रोके गए हैं।उल्लेखनीय है कि म्यूल अकाउंट- धोखाधड़ी के जरिए कमाए गए पैसे को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बैंक खाते को कहते हैं।

अमित शाह ने कहा कि आज भारत दुनिया में डिजिटल परिदृश्य के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। भारत की कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत है। गृह मंत्रालय का लक्ष्य साइबर अपराध के मामलों और उनकी एफआईआर को शून्य करना है। साइबर अपराध से निपटने के लिए हमने चार प्रकार की रणनीति अपनाई है, जिसमें अभिसरण, समन्वय, संचार और क्षमता शामिल है। इन सभी को स्पष्ट उद्देश्यों और रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ लागू किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के भीतर अंतर-मंत्रालयी और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत किया गया है, जिससे निर्बाध संचार और सूचना का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हुआ है।

### कई साइबर अपराध मामलों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली है

शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, सीईआरटी-आईएन, आई4सी और दूरसंचार और बैंकिंग जैसे विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की स्वस्थ परंपरा के कारण कई साइबर अपराध मामलों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली है। गृहमंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरुकता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया और समिति के सभी सदस्यों से आई4सी हेल्पलाइन नंबर 1930 का प्रचार करने का अनुरोध किया। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मद्देनजर, '1930' हेल्पलाइन कार्ड ब्लॉक करने जैसी विभिन्न सेवाओं की पेशकश करते हुए एक-बिंदु समाधान प्रदान करती है।



## महाकुंभ से वापस लौट रहे तीर्थ यात्रियों की ऑटो ट्रक से टकराई, तीन की मौत, दो घायल

**भभुआ (आईएएनएस)**

बिहार के कैमूर जिले में मंगलवार को एक अनियंत्रित ऑटो ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो पर सवार सभी लोग प्रयागराज के महाकुंभ से पवित्र स्नान कर वापस लौट रहे थे। मृतकों में एक महिला भी बताई जा रही है।

मोहनिया थाना प्रभारी प्रियेश कुमार प्रियदर्शी ने मंगलवार को बताया कि पांच लोग एक ऑटो पर सवार होकर महाकुंभ से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और ऑटो ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। सभी लोग औरंगाबाद जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी है।



## हम धर्म और पैसा बांटने की नहीं, काम की राजनीति करते हैं : भगवंत मान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पंजाब के विधायकों की बुलाई गई मीटिंग के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे की रणनीति बताई। उन्होंने कहा कि हम अब दिल्ली में मिले अनुभव का इस्तेमाल पंजाब में करेंगे। उन्होंने कहा, "हार-जीत चलती रहती है, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।



अब हम दिल्ली का अनुभव पंजाब में भी लागू करेंगे। हमने मोहल्ला क्लिनिक, जिसे पंजाब में 'आम आदमी क्लिनिक' कहा जाता है, को खोलने पर जोर दिया है। हम पहले ही 850 से ज्यादा क्लिनिक स्थापित कर चुके हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेश में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## यूपी के संभल में सर्वे के माध्यम से अपराधियों की होगी पहचान

**संभल (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद पुलिस अब बड़ी सतर्कता से आगे बढ़ रही है। अब सर्वे के माध्यम से पता चलेगा कि कौन से अपराधी कहां जाकर क्या अपराध कर रहा है। वह एकाएक अमीर कैसे हो गया है। घर से गायब रहने वालों का पता किया जाएगा। इस बारे में सर्वे किया जा रहा है। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि संभल क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों के बारे में यह संज्ञान में आया है कि वे संभल के आसपास तथा एनसीआर में लगातार अपराध करते हैं। कुछ लोगों के बारे में पता चला है कि वे संभल से माइग्रेट करके आसपास के जिलों में जाकर अपराध करते हैं। इस बारे में व्यापकता से छानबीन की जा रही है कि वे कौन से अपराधी हैं जो यहां से जाकर बाहर अपराध करते हैं और बाहर से आकर यहां निवास करते हैं। इस बारे में लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## प्राइस डीलर एसोसिएशन ने किया धरना प्रदर्शन

**भागलपुर।** भागलपुर समाहरणालय परिसर में मंगलवार को जिला संगठन फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन भागलपुर के तत्वाधान में डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। सभी डीलर अपने हाथों में कटोरा लेकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि डीलरों ने लगातार दूसरे दिन धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के गोपाल यादव ने कहा कि हमारी मुख्य मांगों में विक्रेताओं को प्रति माह 30 हजार मानदेय, प्रति क्विंटल कमीशन का निर्धारण, बोरे के बिना अनाज का वजन किया जाए।

## मंडल छात्रावास में भीषण आग सैकड़ों छात्रों का सामान जलकर राख



**पूर्णिया ।** पूर्णियाँ लॉ कॉलेज के निकट स्थित मंडल छात्रावास में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें सैकड़ों छात्रों का सामान प्रभावित हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में छात्रों की किताबें, मार्कशीट, सर्टिफिकेट, साइकिल, बेड, खाने-पीने की वस्तुएँ समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। घटना के दौरान छात्रावास में रखे कई गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गए, जिससे आग और भीषण हो गई। दमकल की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक पूरा लॉज जल चुका था।

# 'परीक्षा पे चर्चा' में अपना अनुभव बताएंगी दीपिका पादुकोण

### पीएम मोदी ने शेयर किया प्रोमो

### दीपिका खुद मानसिक स्वास्थ्य की समस्या की शिकार रह चुकी हैं

- **दीपिका खुद मानसिक स्वास्थ्य की समस्या की शिकार रह चुकी हैं**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण 'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण के दूसरे एपिसोड में छात्रों से बात करती नजर आएंगी। पीएम ने एपिसोड का प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री छात्रों से बात करती नजर आईं। एक्स हैंडल पर 'परीक्षा पे चर्चा' के दूसरे एपिसोड के प्रोमो वीडियो को शेयर करते हुए पीएम ने लिखा, "एग्जाम वॉरियर्स के चर्चा किए जाने वाले सबसे आम विषयों में से एक मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती है, इसलिए इस साल की 'परीक्षा पे चर्चा' में इस विषय पर विशेष रूप से एक एपिसोड है, जो कल 12 फरवरी को प्रसारित होगा। पीएम मोदी ने अभिनेत्री के एपिसोड में शामिल होने की जानकारी देते हुए आगे लिखा, "हमारे साथ दीपिका पादुकोण हैं, जो इस विषय के बारे में बहुत भावुक हैं और इस पर बात कर रही हैं। शेयर किए गए प्रोमो वीडियो में दीपिका न केवल अपने अनुभव को शेयर करती हैं, बल्कि वह छात्रों को यह भी बताती नजर आईं कि इस समस्या से बाहर कैसे निकलें। दीपिका खुद मानसिक स्वास्थ्य की समस्या की शिकार रह चुकी हैं।

इससे पहले दीपिका ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण में 'मानसिक स्वास्थ्य' पर छात्रों से बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इंस्टाग्राम पर प्रोमो को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। दीपिका पादुकोण मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अक्सर लोगों को जागरूक करती नजर आती हैं। ऐसे में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दीपिका ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि इस एपिसोड में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत होगी, खासकर शिक्षा के संदर्भ में। वीडियो शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, " 'परीक्षा पे चर्चा' अपने 8वें संस्करण के साथ वापस आ चुका है! इस बार हम मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी चर्चा करेंगे। इस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। मैं अपने एपिसोड को लॉन्च करने के लिए उत्सुक हूं। 'परीक्षा पे चर्चा 2025।"वहीं, एपिसोड के प्रोमो वीडियो की शुरुआत एक छात्र के पादुकोण से यह सवाल पूछने से होती है कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए क्या महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं? अभिनेत्री ने छात्रों को सलाह दी कि वे हमेशा खुद को अभिव्यक्त करें, चाहे वह परिवार के साथ हो या दोस्तों के साथ, अपनी भावनाओं को कभी ना दबाएं।



# हमारा लक्ष्य योग्यता के आधार पर महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करना है : क्रिस्पिन छेत्री



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने नए मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में अपना पहला राष्ट्रीय शिविर शुरू किया है, जहां वे 20-26 फरवरी को शारजाह, यूएई में होने वाले मैत्रीपूर्ण टूनामेंट पिंक लेडीज कप की तैयारी कर रही हैं। यह टूनामेंट एएफसी महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर से पहले टीम के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी, जो इस साल भारत की सबसे बड़ी चुनौती है। पूर्व युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, क्रिस्पिन महिला फुटबॉल कोचिंग के चार साल के अनुभव के साथ देश की कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को निखार रहे हैं और ट्रॉफियां जीत रहे हैं। 50 वर्षीय क्रिस्पिन की प्रमुख उपलब्धियों में उनके मौजूदा क्लब ओडिशा एफसी को उनकी पहली भारतीय महिला लीग और ओडिशा महिला लीग खिताब दिलाना, ओडिशा के साथ राष्ट्रीय खेलों का स्वर्ण पदक जीतना और सेतु एफसी के साथ आईडब्ल्यूएल में उपविजेता बनना शामिल है। जगरनॉट्स के साथ, क्रिस्पिन ने इस सीजन की शुरूआत में एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो किसी भारतीय क्लब के लिए पहला था। छेत्री ने एआईएफएफडॉटकॉम के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ह्लएक कोच के रूप में यह मेरे लिए एक शिखर क्षण है। राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच बनना कुछ ऐसा है जिसके लिए हम सभी काम करते हैं। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनकर और भारतीय महिला फुटबॉल को आगे बढ़ते देखकर रोमांचित हूं। छेत्री शिविर की संरचना के बारे में आशावादी हैं, जिसमें अनुभवी दिग्गजों और होनहार युवा खिलाड़ियों का मिश्रण शामिल है। उन्होंने कहा,"राष्ट्रीय टीम की जर्सी के लिए, मुझे लगता है कि हर महिला खिलाड़ी, जो पूरे भारत में खेल रही है, चाहे वह कॉलेज स्तर की हो, एक मौका पाने की हकदार है। यह जरूरी नहीं है कि आईडब्ल्यूएल खिलाड़ी ही काफी अच्छे हों। हर जगह प्रतिभाएं हैं। महिला राष्ट्रीय टीम में, मैं उन सभी खिलाड़ियों को मौका देना चाहता हूं जो खेल को अपने दिल से प्यार कर रही हैं। इसलिए मैं उन्हें आजमाना चाहता हूं।

# शतरंज: मुंबई के उभरते सितारे वेदांत पनेसर ने विज्क आन जी में 2026 चैलेंजर्स सेक्शन के लिए क्वालीफाई किया



**मुंबई(आईएएनएस)।** मुंबई के रहने वाले वेदांत पनेसर ने नीदरलैंड के विज्क आन जी में आयोजित क्वालीफायर जीतकर शतरंज 2026 के चैलेंजर्स सेक्शन में जगह पक्की कर ली है। 6/9 स्कोर करके पनेसर ने प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र से आधा अंक आगे रहकर सबसे प्रतिष्ठित टूनामेंट में अपनी जगह पक्की की। अपनी जीत के बारे में बात करते हुए, वेदांत ने कहा, विज्क आन जी में खेलना हर शतरंज खिलाड़ी का सपना होता है। मैंने वहां एक उद्धरण पढ़ा, जिसमें कहा गया था, 'मरने से पहले, लोग प्राग जाना चाहते हैं, लेकिन एक शतरंज खिलाड़ी के लिए, यह विज्क आन जी में जीतना है।' विज्क आन जी में जीतना, जहां दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं, वास्तव में विशेष है। टाटा स्टील चैलेंजर्स 2026 के लिए क्वालीफाई करना एक सपना सच होने जैसा है, और मुझे उम्मीद है कि मैं अगले साल ग्रैंडमास्टर के रूप में वापस आऊंगा।₹ यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मुंबई पारंपरिक रूप से चेन्नई की तुलना में अपनी शतरंज संस्कृति के लिए नहीं जाना जाता है, जो भारत का शतरंज केंद्र है, जिसने कई शीर्ष खिलाड़ी दिए हैं। इसके बावजूद, वेदांत ने मुंबई से बढ़ती शतरंज प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लगातार रैंक हासिल की है, जहां इस स्तर पर पेशेवर रूप से शतरंज खेलने वाले बहुत कम लोग हैं। मैं अपने दोस्तों का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया और इस टूनामेंट की तैयारी में मेरी मदद की। उनके समर्थन ने बहुत बड़ा बदलाव किया। आगे बढ़ते हुए, मुझे पता है कि अगले स्तर तक पहुंचने और चैलेंजर्स के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए, मुझे अपने इर्द-गिर्द एक पेशेवर टीम बनाने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, मैं ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड के प्रति उनके अटूट समर्थन के लिए, टाटा स्टील शतरंज के प्रति मुझे यह प्रविष्टि देने के लिए और मेरी मां के प्रति भी अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं, जो हमेशा मेरी सफलता के पीछे एक मजबूत स्तंभ रही हैं।"

## बेथ मूनी ने जनवरी के लिए महिला खिलाड़ी का सम्मान प्राप्त किया

**दुबई(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी को इंग्लैंड के खिलाफ बहु-प्रारूप एशेज श्रृंखला के दौरान उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए जनवरी 2025 के लिए आईसीसी महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया है। बाएं हाथ की ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज की स्पिनर करिश्मा रामहरैक और भारत की अंडर-19 स्टार त्रिशा गोंगडी को हराकर प्रतिष्ठित मासिक सम्मान जीता। मूनी ने पहली बार मासिक आईसीसी पुरस्कार जीता है और दिसंबर 2024 में शानदार फॉर्म में चल रही ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड के सम्मान जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए यह लगातार दूसरा पुरस्कार है। घरेलू दर्शकों के सामने एशेज जीतना बहुत खास था और महिला टेस्ट के लिए रिकॉर्ड भीड़ के सामने, एमसीजी में पहला डे-नाइट टेस्ट खेलकर सीरीज पूरी करना एक ऐसा पल है जिसे हम सभी कभी नहीं भूलेंगे।

## आरसीए ने 2 विकेट से जीता



**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन स्टेडियम में रेलवे यूथ बनाम आरसीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे यूथ ने 42 ओवर में सात विकेट पर 233 रन बनाया। आकाशदीप ने 58, मनीष पांडे ने 50, नयन प्रकाश ने 21, जगजीत ने 30 व अमर ने 15 रन बनाया।

गेंदबाज करते हुए साहिद ने 53 रन देकर 3 विकेट, वसीम ने 35 रन देकर 2 विकेट, ईशान ने 51 रन देकर 1 विकेट, सलाउद्दीन ने 50 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीए टीम ने 37 ओवर में आठ विकेट पर 237 रन बनाया। वत्सल तिवारी ने 57, वसीम ने 45, पंकज ने 35, प्रणव ने 29, शशि ने 27 व एहसान ने 23 रन लिया। जगजीत ने 52 रन रन देकर 3 विकेट, अभिषेक ने 56 रन देकर 3 विकेट, आकाशदीप ने 30 रन देकर 2 विकेट लिया।

आरसीए ने 2 विकेट से जीता।



## गुजरात रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**राजकोट।** तेज गेंदबाजों प्रियजीत जडेजा और अर्जन नागवासवाला ने मिलकर 7 विकेट चटकाए जिससे गुजरात ने मंगलवार को यहां सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली पारी के आधार पर 295 रन से पिछड़ी सौराष्ट्र की टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के चौथे दिन दूसरी पारी में भी 197 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियजीत ने 32 रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नागवासवाला ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सौराष्ट्र ने दिन की शुरूआत बिना विकेट खोए 33 रन से की। प्रियजीत ने सलामी बल्लेबाज चिराग जानी (26) को आउट करके गुजरात को दूसरी पारी में पहली सफलता दिलाई और 67 रन की साझेदारी को तोड़ा। इस युवा तेज गेंदबाज ने इसके बाद भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (02) को आउट करके सौराष्ट्र को बड़ा झटका दिया। सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ने 103 गेंद में 9 चौकों की मदद से 54 रन की पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त साथ नहीं मिला।



# 'रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करना मुझे अच्छा लगता था' : गुप्टिल

**रायपुर(आईएएनएस)।** व्हाइट बॉल क्रिकेट के दिग्गज न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने सोमवार को लीजेंड 90 लीग में सिर्फ 49 गेंदों पर नाबाद 160 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने आईपीएल में रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के अपने दिनों को याद किया। गुप्टिल, जिन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से बिग बॉयज यूनिकरी को अकेले ही ध्वस्त कर दिया। उन्होंने पारी के दौरान कुछ शानदार शॉट्स लगाए। दिलचस्प बात यह है कि गुप्टिल ने 2016 आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की थी। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद गुप्टिल से पूछा गया कि वह किस क्रिकेटर के साथ पारी की शुरूआत करना चाहेंगे, तो न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ने जवाब दिया, मैंने पहले भी उनके साथ पारी की शुरूआत की है, मुझे रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है। गुप्टिल ने भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का सामना करने के लिए अपनी उत्सुकता भी जाहिर की। मैं हार्दिक पंड्या का सामना करना चाहूंगा।

## कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर

# तीसरे वनडे में इंग्लैंड को क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत



**अहमदाबाद।** पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। भारत पहले दो मैच चार विकेट के समान अंतर से जीत कर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अब उस नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलने के लिए उतरेगी जहां उसे वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। आठ टीमों के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 23 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें।

**19 फरवरी** से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी चैंपियंस ट्रॉफी

- **23 फरवरी** को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा।
- **20 फरवरी** को बांग्लादेश के साथ भारत अपना पहला मैच खेलेगा।
- **कोहली** का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है।

कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारत ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है।

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल करने और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी से भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

शमी की सफल वापसी से निश्चित तौर पर भारतीय टीम प्रबंधन को राहत मिली होगी क्योंकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर संदेह बना हुआ है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस वनडे से वापसी करनी थी लेकिन अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। भारत और इंग्लैंड दोनों की टीम ने मंगलवार को अभ्यास नहीं किया था क्योंकि वे तरोताजा होकर तीसरे वनडे में उतरना चाहती हैं।

### टीम इस प्रकार हैं :

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

## व्यापार/लाइफ व साइंस



# सेंसेक्स 1,018 अंक फिसला

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखी गई। बाजार के ज्यादातर मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,018 अंक या 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,293 और निफ्टी 309 अंक या 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,071 पर था। बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 532 शेयर हरे निशान में, 3,469 शेयर लाल निशान में और 96 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। बड़ी गिरावट के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 9 लाख करोड़ रुपये गिरकर 408 लाख करोड़ रुपये हो गया है। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बड़ी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,583 अंक या 3.02 प्रतिशत गिरकर 50,887 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 574 अंक या 3.45 प्रतिशत गिरकर 16,074 पर था। निफ्टी ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंस सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रास्ट्रक्चर और मीडिया समेत सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में 30 में से 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं।

# एआई के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा भारत : ग्लोबल टेक लीडर्स

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योगों और ग्लोबल टेक्नोलॉजी लैंडस्केप को फिर से परिभाषित कर रहा है। साथ ही भारत इस क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। यह बयान पेरिस में चल रही एआई एक्शन समिट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर्स द्वारा दिए गए। एआई एक्शन समिट का तीसरा संस्करण एआई गवर्नेंस के लेकर वैश्विक संवादों की सीरीज में लेटेस्ट है और इसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है।



- भारत के लोग स्टैक, चिप, मॉडल और कई असाधारण एप्लीकेशन बना रहे हैं : **सैम ऑल्टमैन**
- एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता है: **सुंदर पिचाई**

दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों के शीर्ष अधिकारी एआई क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई क्षमता से अवगत हैं। ओपनएआई के सीईओ, सैम ऑल्टमैन ने कहा, भारत एआई का एक बड़ा बाजार है। साथ ही हमारी कंपनी के लिए दूसरी सबसे बड़ी मार्केट है। बीते एक वर्ष में यहां हमारे यूजर्स की संख्या तीन गुना बढ़ी है।

उन्होंने आगे कहा, भारत के लोग स्टैक, चिप, मॉडल और कई असाधारण एप्लीकेशन बना रहे हैं। एआई क्रांति में भारत को एक लीडर के रूप में उभरना चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता है। ग्लोबल टेक लीडर्स ने बताया कि अच्छा टैलेंट पूल और एआई टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाने के कारण भारत एआई इनोवेशन, विकास और उसे लागू करने में तेजी से आगे बढ़ने को तैयार है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने कहा, भारत इंडिक भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव ला सकता है। साथ ही कहा, देश में एआई के क्षेत्र में बड़ा काम करने के लिए गणित प्रतिभा, शैक्षणिक संस्थान और अनुसंधान संस्थान हैं। एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने भारत से अपनी खुद की एआई का निर्माण करने का आग्रह किया। हुआंग ने कहा कि देश में अगली पीढ़ी एआई डिलीवरी के लिए बैक-ऑफिस होगी। आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा के अनुसार, भारत में विशाल जनसंख्या और डेटा वेल्थ एआई परिदृश्य में एक अद्वितीय लाभ बनाने में मदद करेगी।

## भारत में 2047 तक कोयले की मांग 1,755 मिलियन टन पहुंचने का अनुमान: केंद्र

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत में कोयले की मांग 2030 तक 1,462 मिलियन टन (एमटी) और 2047 तक 1,755 एमटी तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी सोमवार को सरकार द्वारा दी गई। ैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े भूगर्भीय कोयला भंडार और दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में, कोयला एक मुख्य ऊर्जा स्रोत बना हुआ है, जो राष्ट्रीय ऊर्जा मिश्रण में 55 प्रतिशत का योगदान देता है। पिछले दशक में मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत संयंत्रों ने कुल बिजली उत्पादन में 74 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है।

## अमेरिकी सांसदों ने अदाणी ग्रुप पर डीओजे की कार्रवाई की जांच करने की मांग उठाई

**वाशिंगटन(आईएएनएस)।** छह अमेरिकी सांसदों ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा है, जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस द्वारा अदाणी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ अभियोग की जांच की मांग की गई है। छह अमेरिकी सांसदों, जिसमें लांस गूडेन, पैट फालोन, माइक हैरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर टिममन्स और ब्रायन बाबिन शामिल हैं, ने पत्र में कहा कि डीओजे की कार्रवाई गुमराह करने वाली थी। इसमें भारत जैसे रणनीतिक सहयोगी के साथ अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचने का जोखिम था। अमेरिकी सांसदों ने पत्र में लिखा, यह मामला इस आरोप पर आधारित है कि इस कंपनी के सदस्यों द्वारा विशेष रूप से भारत में स्थित भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने की तैयारी की गई थी। मामले को उचित भारतीय अधिकारियों को देने के बजाय बाइडन डीओजे ने कंपनी के अधिकारियों को दोषी ठहराने का फैसला किया। सांसदों ने पत्र में आगे लिखा कि किसी मामले को इस तरह से आगे बढ़ाने का कोई अनिवार्य कारण नहीं था जो भारत जैसे सहयोगी के साथ संबंधों को जटिल बना सके, जब तक कि कुछ बाहरी कारक इसमें शामिल न हों।

# केंद्रीय बजट 2025-26 में जेंडर-आधारित आवंटन को मजबूत किया है : अन्नपूर्णा देवी

● महिलाओं के कल्याण के लिए 4.49 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रमुख प्रावधानों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं महिला उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बाल एवं मातृ पोषण को बढ़ाने के उद्देश्य से नई पहलों की शुरूआत की।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 में जेंडर-आधारित आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। जेंडर बजट अब कुल बजट का 8.86 प्रतिशत है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 6.8 प्रतिशत था। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) इन प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसके बजट का एक बड़ा हिस्सा विभिन्न लक्षित पहलों के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। यह लैंगिक समानता और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

महिलाओं के कल्याण के लिए 4.49 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सबसे आगे है, जिसने अपने बजट का 81.79 प्रतिशत हिस्सा जेंडर-आधारित कार्यक्रमों के लिए आवंटित किया है।

महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए सरकार के परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा, महिला उद्यमी भारत की आर्थिक प्रगति के पीछे एक प्रेरक शक्ति हैं। लक्षित वित्तीय सहायता और कौशल निर्माण कार्यक्रम प्रदान करके, हम एक समावेशी और न्यायसंगत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने 18 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक मनाए जाने वाले 7 वें पोषण पखवाड़े की भी घोषणा की। पोषण पखवाड़ा 2025 से लेकर 2025 के अंत तक 1000 सुपोषित ग्राम पंचायतों की घोषणा होने तक समुदायों के लिए निरंतर संवेदीकरण गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी।

कुपोषण से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत मंत्रालय ने 26 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम में वीर बाल दिवस के राष्ट्रीय आयोजन के दौरान सुपोषित पंचायत योजना की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर पोषण और स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए उनके असाधारण प्रयासों के लिए देश भर में शीर्ष 1000 ग्राम पंचायतों की पहचान करना और उन्हें 'सुपोषित ग्राम पंचायत' के रूप में पुरस्कृत करना है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के दस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय अभियान के तहत देशभर में 1,342 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 1,410 जन प्रतिनिधियों सहित 13 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। गतिविधियों में विभिन्न प्रकार की पहल शामिल थीं।

## पूर्वी कमान अलंकरण समारोह आज

● राज्यपाल संतोष गंगवार व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रहेंगे उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह आज बुधवार को दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसमें 20 सेना पदक (वीरता), 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 युद्ध सेवा पदक, 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक, इसके अतिरिक्त 45 सैन्य यूनिटों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। 11 फरवरी को कार्यक्रम से एक दिन पहले, एक सांस्कृतिक संध्या 'शौर्य सनाध्य' आयोजित की जाएगी, जिसमे मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुत, और भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन शामिल। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## फरवरी माह में ही राज्य में पारा पहुंचा 36 डिग्री

**रांची।** राज्य में फरवरी माह में ही तापमान बढकर 36 डिग्री हो गया है। मंगलवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अभी फरवरी का महीना आधा भी खत्म नहीं हुआ है। देश भर में झारखंड की पहचान एक हरे भरे राज्य के रूप में होती है, लेकिन राज्य गठन के बाद से राज्य में वनों की तेजी से कटाई हो रही है। गांव से लेकर शहरी इलाकों में भी सड़क, पुल और आवास निर्माण समेत अन्य जरूरी विकास कार्यों के लिए हर दिन हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है और तापमान में बढोत्तरी हो रही है। वहीं सरायकेला के बाद चाईबासा और डालटेनगंज में भी तापमान 33 डिग्री पहुंच गया है। दोनों शहरों में अधिकतम तापमान क्रमशः 33.8 और 33.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची की बात करें तो यहां सुबह में हल्की ठंड महसूस की जा रही है, जबकि रात में कनकनी है। हालांकि हवा नहीं चलने से ठंड में कमी आई है। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य में जिन शहरों में तापमान 30 डिग्री के पार पहुंच गया है उनमें जमशेदपुर 32.2, बोकारो 31.1, गढ़वा 30.9 और गुमला 30.2 डिग्री सेल्सियस शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले चार पांच दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इससे अधिकतम तापमान में आंशिक बढोत्तरी होने की संभवना है।

## मंत्री ने बेकन फैक्ट्री का किया औचक निरीक्षण, कहा

# 1996 से बंद बेकन फैक्ट्री को किया जाएगा पुनर्जीवित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सीएम से भी फैक्ट्री खोलने के लिए हुई है सकारात्मक चर्चा**



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को बेकन फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया. औचक निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि इस बंद फैक्ट्री को रिवाइव करने के लिए सीएम हेमंत सोरेन से भी चर्चा हुई है. एक समय में ये फैक्ट्री एशिया का नंबर फैक्ट्री हुआ करता था, लेकिन महज 25 हजार रुपए की वजह से ये बंद हो गया. सूकर मांस के विभिन्न प्रकार के रेडी टू इट व्यंजन तैयार कर रैनबेक ब्रांड के नाम से ब्रांडिंग की जाती थी. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि इस फैक्ट्री के शुरू होते ही सूकर पालन से जुड़े लोगों को फायदा पहुंचेगा। सूकर पालकों के व्यवसाय में बढ़ोत्तरी होगी। इसके साथ ही मंत्री ने साफ शब्दों में कहा है कि ब्यूरोक्रेट्स के भरोसे हर चीज को छोड़ा नहीं जा सकता है।

मंत्री ने कहा - हमें अपनी इच्छाशक्ति से काम करते हुए सकारात्मक परिणाम निकालने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत वितरण किए जा रहे पशु अगर विभाग के फॉर्म सेंटर में तैयार पशु हो तो ये ज्यादा बेहतर होगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र और बत्तख प्रजनन प्रक्षेत्र होटवार की स्थिति देख कर काफी नाराज हुई। यहां बनाए गए शेड की गुणवत्ता बेहतर नहीं होने से संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट शब्दों में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की इस तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। मंत्री ने पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान और टीका औषधि लैब के बेहतर उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभाग हर स्तर पर सहयोग करने के लिए तैयार है।

# झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने शहीद वीर तिलका मांझी की जयंती पर कहा कि झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर है। उन्होंने यह भी कहा कि आजसू पार्टी मजबूर जनता की बुलंद आवाज बनेगी और उनके अधिकारों की लड़ाई को और तीव्र करेगी। इसी कड़ी में, उत्तरी छोटानागपुर के जिला अध्यक्षों और प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की, जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तरी छोटानागपुर स्तरीय संगठन की एक अहम बैठक 21 फरवरी को मधुवन में होगी, जिसमें जिला, प्रखंड और केंद्रीय नेतृत्व के साथ क्षेत्र के प्रमुख नेताओं की भागीदारी होगी।

## महाकुंभ में व्यवस्था बहुत अच्छी : अर्जुन मुंडा



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ की जिस तरह व्यवस्थाएं की है वो बहुत अच्छी है। इतने बड़े आयोजन में थोड़ी परेशानी होना स्वाभाविक है, लेकिन इसे परेशानी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सब परिवार महाकुंभ स्नान करके रांची लौटे हैं।

## डीएसपीएमयू में तिलका मांझी की 275 वीं जयंती मनाई गई



**रांची।** मंगलवार को आदिवासी छात्र संघ के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में वीर शहीद तिलका मांझी बाबा की 275 वीं जयंती मनाई गई। मौके पर डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने छात्रों से कहा कि जनजातीय भाषा विभाग के सभी कक्षा का नाम जनजातीय वीर शहीदों के नाम से नामाकरण किया जाएगा। वहीं एक स्मारक अपने खर्च पर डीएसपीएमयू कैंपस पर लगवाया जाएगा। मौके पर रजिस्टार नमिता सिंह, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, डीएसपीएमयू उपाध्यक्ष दिपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, अभिनव भगत, सूरज कुमार, दीपक मुंडा, दिनेश उरांव, लक्ष्मी उरांव, सीताराम उरांव, नेहा उरांव , प्रियंका उरांव, सुमंती उरांव, कंपनी कुमार, खुशबू टोप्पो, लालेश्वर उरांव, बिंजलानी मिंज, निर्मला उरांव, आशा उरांव तथा अन्य शामिल थे।

## आजसू ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का जताया आभार

**रांची।** आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त प्रकट किया है। वहीं कहा कि नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति पर रोक स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति में झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता न देते हुए दूसरे राज्य के लोगों को प्राथमिकता देने का काम विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा था। आजसू शुरू से ही इसको लेकर विरोध दर्ज कर कुलपति को ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को इसपर रोक लगाने एवं झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता देने की बात कर रही थी। आज उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ये निर्णय स्वागत योग्य है आजसू इसका समर्थन करती है और उच्च शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करती है ।

## राजेंद्र प्रसाद ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# ओबीसी का फर्जी सर्वे बंद हो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने ओबीसी के सर्वेक्षण में अनियमितता व फर्जीवाड़ा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। राजेन्द्र प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है ओबीसी के सर्वेक्षण में घोर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जो ओबीसी समुदाय के साथ सरासर धोखा और उनके अधिकारों से खिलवाड़ बताया है। राजेन्द्र प्रसाद ने अखबार में प्रकाशित खबरों का हवाला दिया है। प्रसाद ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री को जानकारी दी है कि रघुवर सरकार में ही पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन देने को लेकर प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने सभी जिलों को पत्र निर्गत किया था। जिसका पत्रांक संख्या 26 दिनांक 2 .1. 2019 है। सभी जिला को पत्र भेज कर पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को भेजने के लिए कहा गया था। राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पत्र में लिखा है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी पिछड़ी जातियों की जनसंख्या के आंकड़ों के संग्रहित करने को लेकर दिनांक 28 दिसंबर .2018 को राज्य सरकार को एक पत्र भेजा था। प्रसाद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित करने के लिए कार्मिक विभाग ने 2019 में ओबीसी का सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट मांगी थी। ऐसे में सभी उपायुक्तों से सरकार को जानकारी लेना चाहिए कि उस पत्र के आलोक में पिछड़ी जातियों की जनसंख्या का सर्वेक्षण हुआ है या नहीं? यदि नहीं हुआ है ,तो क्यों नहीं हुआ? ओबीसी को लेकर उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री से पिछड़ी जातियों का जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित उपायुक्तों के माध्यम से ही कराने का आग्रह किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री से अंत में लिखा है आपके रहते हुए हम आशा करते हैं ओबीसी के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं होगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में जीजा दोषी करार, सजा 18 साल को

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग साली से दुष्कर्म करने के मामले में जीजा अनिल एक्का को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। पीड़िता छह बहनों में सबसे छोटी थी। जबकि, दुष्कर्म के जुर्म दोषी अनिल एक्का पीड़िता की बड़ी बहन का पति है। घटना को लेकर साल 2019 में चान्हो थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा गया है कि 28 जून 2019 को अभियुक्त ने पीड़िता को नामांकन कराने के लिए स्कूल लेकर गया। लौटने के दौरान बाइक खराब होने की बात बोलकर नाबालिग को पैदल ही खेत के रास्ते घर ले जाने लगा था। सुनसान जगह देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियुक्त नशे में था। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी बुआ को दी। इसके बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था : बाबूलाल मरांडी

● दीनदयाल जी का बलिदान राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता है

● दीनदयाल जी का चिंतन कार्यकर्ताओं को युगों युगों तक अनुप्राणित करता रहेगा : डॉ रविंद्र कुमार राय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दीनदयाल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। श्री मरांडी ने कहा कि एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना सम्पूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा व राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया। कहा कि पंडित दीनदयाल जी का बलिदान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। कहा कि स्व. उपाध्याय का आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। आज देश भारी मन से उनकी जीवनलीला की असामयिक हत्या को याद कर रहा है। आज भी उनकी हत्या का रहस्य देश के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी का चिंतन एकांगी नहीं था बल्कि उनके चिंतन में शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समावेशी चिंतन है। एक व्यक्ति का संपूर्ण विकास इन चारों पर आधारित है। कहा कि इस चिंतन के द्वारा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति के साथ व्यक्ति, समाज, परिवार, राष्ट्र के साथ संपूर्ण ब्रह्मांड का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के चिंतन में अंत्योदय के साथ एकात्म मानव दर्शन समाहित है। गांव, गरीब, किसान भारत के हैं प्राण। इनकी उन्नति ही अंत्योदय है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसी चिंतन पर तेजी से कार्य हो है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने, फिर से सोने की चिड़िया बनाने तक भाजपा कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का विचार युगों युगों तक कार्यकतार्ओं को अनुप्राणित करता रहेगा। प्रदेश कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, किशुन दास, सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, वरुण साहू, प्रेम मित्तल, शोभा यादव, संदीप वर्मा, वसंत मित्तल, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल, संजय चौधरी आदि शामिल थे।

# केंद्र की बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रति सरकार उदासीन : प्रतुल

● पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट भी नहीं मिलता है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं। लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है।

प्रतुल ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया। जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड काफी नीचे के पायदान पर है। प्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया। इस कारण सैकड़ों निजी अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड से मरीजों का दाखिला लेना बंद कर दिया। प्रतुल ने कहा कि हर घर में नल से जल योजना का झारखंड में हेमंत सरकार ने बुरा हाल कर दिया। इस योजना में एक समय झारखंड नीचे से एक पायदान ऊपर था। आज भी राज्य के 28 लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। केंद्र की यह स्कीम भी भ्रष्टाचार के आरोप में चढ़ गई थी और तत्कालीन मंत्री के करीबियों सहित अनेक लोगों के यहां छापा पड़ा था।

प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। परंतु राज्य सरकार केंद्र के पैसे का हिसाब नहीं देती। जिसके कारण पूरा मामला खटाई में फंस जाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वह केंद्र के पैसे का सदुपयोग करें। क्योंकि प्रधानमंत्री, अमित शाह, नितिन गडकरी समेत कई मंत्रियों ने अनेक बार कहा है कि वह राज्यों को पैसे की कमी नहीं होने देंगे बशर्ते नियम कानून का पालन हो।

## पेज एक के शेष

### अगले वर्ष से पलामू प्रमंडल...

दिलाता है। राजा मेदिनीराय की याद में आयोजित इस मेले में सरकार के विभागों के स्टॉल लगाये जाते हैं। योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाता है। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष आयोजित इस मेले के लिए सरकार सजगता से कार्य करते रही है। पलामू जिला प्रशासन सक्रियता से इस मेला को सफल बनाने में जी-जान से मेहनत करते हैं इसके पूर्व मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला कल्याण-सह-जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहू, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, हदयानंद सिंह, उमेश सिंह, भर्दुल कुमार सिंह, अवधेश सिंह चेरो, रविन्द्र सिंह चेरो, हरेराम सिंह हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### रैयतों के आवेदनों को...

करने वाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने एलआरडीसी (भूमि अभिलेख उप समाहर्ता) और एसी (एडिशनल कलेक्टर) को अंचलों में लगने वाले कैंप की विशेष निगरानी करने का खास निर्देश दिया। मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ससमय सभी कार्यों के निष्पादन के लिए समन्वय स्थापित कर काम करें। बैठक में मंत्री दीपक बिरुआ के अलावे सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलेभर से आए एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

### ट्रैक्टर और मोअरसाइकिल की...

चल पाया है, लेकिन बताया जाता है कि यह इमामगंज थाना क्षेत्र के बतेशा गुरु ईंट भट्ठा के लिए काम करने वाला ड्राइवर है। मोटरसाइकिल चालक के पास से मिले आधार कार्ड के अनुसार लगभग 37 वर्षीय आकाश विश्वकर्मा पिता देवराज मिस्त्री ग्राम डूभल बिहार के इमामगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। लगभग 12 वर्षीय बालक, जो मजदूर के रूप में कार्य कर रहा था वह भी गंभीर रुप से घायल हो गया। प्रतापपुर से राजाबांध तक सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का संकीर्ण होने और तीखे मोड़ होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं घटती रहती है।

### सीओ ने विवादित स्थल पर...

नाम पर खाता संख्या दो,प्लॉट नंबर 2322 रकबा 1.16 एकड़ भूमि दर्ज है। उक्त भूमि को ले दोनों पक्ष के विवाद काफी बढ़ गया। दोनों पक्षों की विवाद निपटारा को ले मंगलवार को प्रखंड सभागार में बैठक रखा गया था, जिसमें प्रखुख अनीता यादव, सीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा,अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा, पप्पू कुमार यादव सहित दोनों पक्ष से कई लोगों उपस्थित थे। सीओ ने दोनों पक्षों से भूमि की मूल प्रति कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले की जांच होने तक दोनों पक्षों से निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश दिया है। दोनों पक्षों को फिलहाल शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया है।

# एयरो इंडिया 2025 : अदाणी डिफेंस और डीआरडीओ ने व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम का किया अनावरण

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**




**कंपनी ने अपने बयान में कहा, "यह अत्याधुनिक प्रणाली उभरते हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मंगलवार को 'एयरो इंडिया 2025' में व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम का अनावरण किया। कंपनी ने अपने बयान में कहा, "यह अत्याधुनिक प्रणाली उभरते हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आधुनिक युद्ध में टोही और आक्रामक अभियानों के लिए ड्रोन के बढ़ते उपयोग के कारण एक मजबूत एंटी-ड्रोन सिस्टम की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा कि यह भारत के डिफेंस इनोवेशन इकोसिस्टम की क्षमता को दिखाता है। यह डीआरडीओ के वर्ल्ड क्लास आरएंडडी और टेक्नोलॉजी फ्रेमवर्क के हस्तांतरण से संचालित है। उन्होंने आगे कहा कि हमें ये बताकर खुशी हो रही है कि अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस सफलतापूर्वक डीआरडीओ की टेक्नोलॉजी को ऑपरेशनल रेडी सॉल्यूशंस में बदलने में सफल रहा है। इससे हमारी सेनाओं की क्षमता बढ़ेगी।

राजवंशी के मुताबिक, अपनी उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाकर, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे सशस्त्र बलों के पास देश के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए सबसे उन्नत, स्वदेशी रक्षा टेक्नोलॉजी तक पहुंच हो। इस प्लेटफॉर्म को डीआरडीओ के महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली) डॉ. बीके. दास ने रक्षा विशेषज्ञों और उद्योग भागीदारों की उपस्थिति में लॉन्च किया। व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम लंबी दूरी की सुरक्षा, चपलता और सटीकता सुनिश्चित करता है, जो इसे आधुनिक रक्षा बलों के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बनाता है। यह उन्नत सेंसर क्षमताओं के माध्यम से निर्बाध सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें ड्रोन का ऑटोमेटिक डिटेक्शन, वर्गीकरण और निष्क्रिय करना शामिल है। इस ड्रोन को सिंगल 4x4 व्हीकल के साथ एकीकृत किया गया है। इसमें किसी ड्रोन को मार गिराने के लिए हाई-एनर्जी लेजर सिस्टम लगा हुआ है। इसमें 7.62 एमएम गन और एडवांस रडार है। यह 10 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट कर सकता है।




## रूस के सुखोई-57 और अमेरिकी एफ-35 के बीच भारतीय 'एमका' बटोर रही सुर्खियां

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

बेंगलुरु में हो रहे 'एयरो इंडिया 2025' में रूस का सुखोई-57 स्टील्थ फाइटर जेट लोगों के बीच एक बड़ा आकर्षण बना हुआ है। अमेरिका के शक्तिशाली फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट एफ-35 पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। यहां दोनों ही फाइटर जेट नियमित उड़ान भर रहे हैं।

इस दौरान दोनों विमानों की कलाबाजी देख विभिन्न देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी चकित हैं। ऐसे विदेशी और आधुनिकतम लड़ाकू विमानों के बीच भारत की स्वदेशी लड़ाकू विमान परियोजना एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमका) भी सुर्खियां बटोर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि भारत एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को लेकर प्रण कर चुका है कि इसे बनाकर तैयार करना है। डीआरडीओ का कहना है कि 'एमका' विमान तैयार होने पर यह अपनी श्रेणी के अन्य आधुनिक और घातक फाइटर जेट में से एक होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की पावर से युक्त इलेक्ट्रॉनिक पायलट, नेटसेंट्रिक वारफेयर सिस्टम, इंटीग्रेटेड व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट और इंटरनल-बे के साथ यह दुश्मन के लिए बेहद घातक साबित होगा।

एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमका) परियोजना के निदेशक कृष्ण राजेंद्र नीलि के मुताबिक, एमका भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फाइटर जेट परियोजना है।

### 'एमका' बेहद एडवांस्ड और 5वीं पीढ़ी का डबल इंजन लड़ाकू विमान है

भारत ने एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस भी बनाया है। लेकिन, 'एमका' बेहद एडवांस्ड और 5वीं पीढ़ी का डबल इंजन लड़ाकू विमान होगा। इसमें एआई-पावर इलेक्ट्रॉनिक मल्टी सेंसर डाटा फ्यूजन है ताकि आसपास की स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा सके। इसकी मदद से विमान में मौजूद पायलट तुरंत कार्रवाई भी कर सकेगा। यह सटीक टारगेट लगाने में भी मददगार होगा। इसकी खासियत यह भी है कि यह बेहद कम विजिबिलिटी में ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है।

## इजरायली कैबिनेट युद्ध विराम के अगले चरण पर करेगी चर्चा



**यरूशलम ।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्रवक्ता ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इजरायल की कैबिनेट गाजा युद्ध विराम के अगले चरण पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को बैठक करेगी। बयान के अनुसार, गाजा युद्धविराम पर कतर में वार्ता के लिए इजरायली प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह इजरायल लौट आया। पिछले हफ्ते नेतन्याहू की वाशिंगटन यात्रा के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने युद्धविराम के दूसरे चरण के बारे में इजरायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता के लिए रविवार को दोहा की यात्रा की। हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने केवल तकनीकी मामलों पर ध्यान केंद्रित किया न कि उन प्रमुख मुद्दों पर जिन पर अभी सहमति नहीं बनी है। 15 महीने के विनाशकारी युद्ध के बाद 19 जनवरी को लागू हुए युद्ध विराम के तहत, 21 बंधकों- 16 इजरायली और पांच थाई को इजरायली जेलों से रिहा किए गए, सैकड़ों फिलिस्तीनी बंदियों के बदले में गाजा से रिहा किया गया।

## लोकसभा चुनाव के लिए ही बना था 'इंडिया' अलायंस : नासिर हुसैन

**नई दिल्ली ।** दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार और कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नासिर हुसैन ने इस विषय पर मंगलवार को कहा कि 'इंडिया' ब्लॉक लोकसभा चुनाव के लिए ही बना था। नासिर हुसैन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, " 'इंडिया' अलायंस लोकसभा चुनाव से पहले लोकसभा चुनाव के लिए ही बना था। वहीं, कांग्रेस की विचारधारा और राजनीति देश में दक्षिणपंथी राजनीति के खिलाफ है। इस गठबंधन को उसी के लिए बनाया गया था।

## उत्तर कोरिया ने रूस को भेजीं लंबी दूरी की 200 तोपें, सोल का दावा

**सोल ।** नॉर्थ कोरिया ने रूस को यूक्रेन के खिलाफ जंग में मदद के लिए लगभग 200 लंबी दूरी की तोपें भेजी हैं। इसके साथ ही प्योंगयांग की तरफ से और सैनिक व हथियार भेजने की संभावना है। साउथ कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह दावा किया। संसदीय रक्षा समिति को दिए गए एक ब्रीफिंग में मंत्रालय ने कहा, "(उत्तर कोरिया) ने लगभग 11,000 सैनिक, मिसाइल, 200 लंबी दूरी की तोपें और पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद उपलब्ध कराया है। साथ ही प्योंगयांग आगे चलकर अतिरिक्त सैनिक, हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध करा सकता है। इससे पहले साउथ कोरिया की जासूसी एजेंसी ने कहा था कि नॉर्थ कोरिया ने रूस का समर्थन करने के लिए लगभग 11,000 सैनिक भेजे हैं।

## यूएन एजेंसी ने सुरक्षा बलों पर सूडान में मदद करने में बाधा डालने का आरोप लगाया

**खार्तूम।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने सोमवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) पर जरूरतमंदों तक मानवीय सहायता पहुंचाने में बाधा डालने का आरोप लगाया। यह आरोप विशेष रूप से पश्चिमी सूडान के दारफुर क्षेत्र में लगाया गया। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने एक बयान में कहा, "आरएसएफ से संबद्ध सूडानी राहत एवं मानवीय कार्य एजेंसी (एसएआरएचओ) के लगातार लगाए गए प्रतिबंध और नौकरशाही बाधाएं, लोगों तक जीवन रक्षक सहायता पहुंचने में बाधा डाल रही हैं।

## पेरिस 'एआई एक्शन समिट' : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

# 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बदल सकता है लोगों का जीवन'

**पेरिस (आईएएनएस)**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस में 'एआई एक्शन समिट' के दौरान अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर बना कर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। पेरिस के ग्रैंड पैलेस में आयोजित सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, "शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खास तौर पर ग्लोबल साउथ में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत सी चीजों को बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'एआई एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाए। ऐसा करने के लिए, हमें संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ लाना होगा। हमें ओपन-सोर्स सिस्टम विकसित करना होगा जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्तापूर्ण डाटा सेट बनाना होगा...।

प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी सोमवार को पेरिस पहुंचे। ओर्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वह राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से आयोजित रात्रिभोज के लिए एलिसी पैलेस रवाना हुए। फ्रांसीसी नेता ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। रात्रिभोज में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। पीएम मोदी ने वेंस को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में उनकी जीत पर बधाई दी। बता दें पीएम मोदी पेरिस से अमेरिका के लिए रवाना होंगे।

पीएम मोदी के पेरिस पहुंचने से पहले एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि वह और प्रधानमंत्री मोदी 'तकनीकी संप्रभुता' के लिए प्रयास करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी की तरह हमारा भी दृढ़ विश्वास है कि भारत और फ्रांस दो महान शक्तियां हैं और हमारे बीच विशेष संबंध हैं। हम अमेरिका का सम्मान करते हैं और उसके साथ काम करना चाहते हैं, हम चीन के साथ भी काम करना चाहते हैं, लेकिन किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं।" मैक्रों ने कहा, "भारत और फ्रांस अग्रणी हैं लेकिन अमेरिका और चीन हमसे बहुत आगे हैं। हम एआई पर एक साथ काम करना चाहते हैं।

### एस जयशंकर ने फ्रांस के विदेश मंत्री से की मुलाकात, एआई और इनोवेशन पर की चर्चा



**पेरिस (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की
जयशंकर ने बैठक का ब्योरा शेयर करते हुए कहा, "आज शाम पेरिस में विदेश मंत्री जीन-नोएल बरोट से मिलकर खुशी हुई। एआई और इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारे व्यापक सहयोग पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के बारे में भी बात हुई। फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'भारत के साथ, एआई हमारी रणनीतिक साझेदारी का नया क्षेत्र है। 2026 में, हम मिलकर इनोवेशन का एक फ्रेंको-भारतीय वर्ष लिखेंगे!'
यह बैठक पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत रात्रिभोज के दौरान हुई। प्रधानमंत्री मोदी अपने दो देशों के दौरे के पहले चरण के तहत सोमवार को फ्रांस पहुंचे. फ्रांस के बाद पीएम मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका जाएंगे।

## 'दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में नजर आएंगी पौलमी दास

**मुंबई ।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की पूर्व प्रतियोगी पौलमी दास 'दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम 'चंपा' है। 'दुलहनिया बीड़ीवाली' की कहानी निशा नामक एक नवविवाहिता की है, जो अपने पति रोहन के साथ अपने पैतृक गांव जाती है, जहां उसे चंपा (पौलमी) की किंवदंती से जुड़े एक अभिशाप का पता चलता है। गांव में रिवाज रहता है कि इस भय से बचने के लिए हर आदमी को दुल्हन की पोशाक पहननी पड़ेगी।हालांकि, रोहन ऐसा करने से इंकार कर देता है। इसके बाद कहानी में से कई रहस्य सामने आने लगते हैं, जिसे लेकर गांव में भय व्याप्त हो जाता है। निशा का अतीत उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इसके बाद वह रोहन की रक्षा करने और अभिशाप को तोड़ने के लिए लड़ाई लड़ती है।

## कोटा में फिर एक कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में मंगलवार फिर एक कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक छात्र की पहचान अंकुश मीणा के रूप में हुई है, जो सवाई माधोपुर का निवासी था और कोटा के दादाबाड़ी के प्रताप नगर इलाके में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार, पहली नजर में यह आत्महत्या व्यक्तिगत कारणों से की गई प्रतीत हो रही है। छात्र का शव एमबीएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है और परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। छात्र के परिजन मोजी राम मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि छात्र यहां पर रहकर डेढ़ साल से नीट की तैयारी कर रहा था। इसके पिताजी खेती का काम करते हैं। हमें जब फोन किया गया, तो इस घटना के बारे में जानकारी मिली। इससे पहले 18 जनवरी को राजस्थान के कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र मनन जैन ने आत्महत्या कर ली थी।

## अमेरिका : निजी विमान की बिजनेस जेट से टक्कर, एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**एरिजोना (आईएएनएस)।**

अमेरिका के एरिजोना में स्कॉट्सडेल एयरपोर्ट पर एक छोटा निजी जेट विमान एक प्लेन से टकरा गया। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को हुई दुर्घटना में मोटली क्रू के फ्रंटमैन विंस नील के स्वामित्व वाला 'लीयरजेट 35A' शामिल था। हालांकि, हादसे के वक्त नील विमान में नहीं थे, उनके प्रतिनिधि वॉरिक रॉबिन्सन ने सीएनएन को यह जानकारी दी। विमान ने कथित तौर पर लैंडिंग के समय एक खड़े 'गल्फस्ट्रीम 200' बिजनेस जेट को टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान के उतरते ही उसका बायां मुख्य गियर फेल हो गया, जिससे टक्कर हो गई। विमान ने ऑस्टिन, टेक्सास से उड़ान भरी थी। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बचावकर्मियों ने घटनास्थल पर घायलों को प्राथमिक मेडिकल सहायता दी। एक व्यक्ति को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया और तीन अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्कॉट्सडेल फायर डिपार्टमेंट के कैप्टन डेव फोलियो के अनुसार, एक व्यक्ति ने मेडिकल मदद लेने से इनकार कर दिया। सोशल मीडिया पर मोटले क्रू द्वारा पोस्ट किए गए प्रारंभिक बयान में दावा किया गया कि मृतक पायलट था तथा घायल यात्रियों में नील की प्रेमिका और उसका एक मित्र भी शामिल थे।

मोटली क्रू की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक शुरुआती बयान में दावा किया गया था कि मृतक पायलट था और नील की गर्लफ्रेंड और एक दोस्त घायल यात्रियों में शामिल हैं। हालांकि, बाद में पोस्ट को हटा दिया गया और एक अन्य बयान जारी किया गया जिसमें लोगों की पहचान नहीं बताई गई। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जेट में चार लोग सवार थे - दो पायलट और दो यात्री। अधिकारियों ने अभी तक विमान में सवार लोगों के नाम जारी नहीं किए हैं।

# भारतीय सभ्यता ने मानव जाति को देवत्व की अवधारणा दी : आरिफ मोहम्मद खान

**गया (आईएएनएस)**




बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सभ्यता लगभग 5000 वर्ष पुरानी है। महान भारतीय दार्शनिकों के विचारों के आधार पर कहा जा सकता है कि देश ने मानव जाति को देवत्व की अवधारणा दी है। वास्तव में, सदियों पुराने भारतीय दर्शन ने पश्चिमी देशों सहित दुनिया को प्रभावित किया है और यहां तक कि उन्होंने हमारे पुराने ग्रंथों का रूपांतरण कर गहन अध्ययन भी किया है।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली के समर्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और सामाजिक नीति केंद्र द्वारा आयोजित 'एकात्म मानववाद के सामाजिक पहलू' पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।

उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय अवधारणा हमें सभी संस्कृतियों और विविधताओं का सम्मान करना सिखाती है। विश्व में पांच प्रमुख सभ्यताएं ईरानी, चीनी, रोमन, तुर्क और भारतीय सभ्यताएं हैं, जो अपने-अपने महत्व के लिए जानी जाती हैं।

भारतीय सभ्यता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह ज्ञान और बुद्धि के प्रचार के लिए जानी जाती है, इसीलिए हमें अपने प्राचीन शास्त्रों में 'मानवता' का वास्तविक अर्थ खोजने की आवश्यकता है। इस अवधारणा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पहली बार राजनीतिक क्षेत्र में प्रयोग किया था। राज्यपाल ने अपने संबोधन में भगवद गीता, वेदों के श्लोकों और शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद और भारत के अन्य महान दार्शनिकों के कथनों को उद्धृत किया। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में कहा कि हमारे संविधान निर्माता प्रस्तावना में इतने सारे बिंदुओं को रखने के बजाय 'एकात्म मानववाद' शब्द का प्रयोग कर सकते थे। इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव ने कहा कि भारत निःसंदेह एक महान देश है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर महान विचारकों को पैदा न करने के लिए हमारी आलोचना की जाती है। मेरे लिए पिछली सदी में देश ने दो महान मौलिक विचारकों को जन्म दिया, एक महात्मा गांधी और दूसरे पंडित दीनदयाल उपाध्याय।

